3 राजधानी
खराब सड़कों की मरम्मत अब 24 घंटों में होगी

6 प्रादेशिकी
युवक की हत्या के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

10 विदेश
मरियम नवाज चार महीने बाद ब्रिटेन से पाकिस्तान लौटीं

11 राष्ट्रीय
ईडी ने आंध्र के व्यापारी की संपत्तियां कुर्क की

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 85
नई दिल्ली, रविवार, 29 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



डब्ल्यूपीएल टीम गुजरात जायंट्स की मेंटोर बनी मिताली
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# वायुसेना के दो लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

## हादसे का शिकार होने वाले सुखोई एमकेआई और मिराज 2000 ने भरी थी प्रशिक्षण उड़ान, दो पायलट हुए घायल, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश





शनिवार को वायुसेना के दुर्घटनाग्रस्त हुए विमानों का मलवा दूर-दूर तक फैल गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुरैना

**हाल** के वर्षों में भीषण हवाई हादसे में शनिवार को भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इनमें एक सुखोई एमकेआई और एक मिराज-2000 शामिल है। हादसे में एक पायलट की मौत हो गई, जबकि दो अन्य पायलट घायल हो गए। दुर्घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई-30 एमकेआई विमान के दो पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए, जबकि मिराज-2000 के पायलट की जान चली गई।

भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान आज सुबह साढ़े पांच बजे ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वायुसेना ने बयान में कहा कि दोनों विमान नियमित परिचालन उड़ान प्रशिक्षण अभियान पर थे। दोनों विमान हादसे के समय लगभग 800 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहे थे। मुरैना के जिलाधिकारी अंकित अस्थाना ने बताया कि दोनों विमानों का मलबा जिले के पहाड़गढ़ इलाके में गिरा। मलबे का कुछ हिस्सा मुरैना से सौ किलोमीटर दूर राजस्थान के भरतपुर क्षेत्र में भी गिरा, जो मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। अस्थाना ने बताया कि हादसे में दो पायलट बच गए। उन्होंने बताया कि अन्य पायलट का शव पहाड़गढ़ इलाके में मिला। इससे पहले दिन में भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया था कि एक विमान उच्चैन क्षेत्र में एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। राजस्थान के भरतपुर में पुलिस ने कहा था कि विमान का मलबा गिरने वाली जगह पर सबसे पहले स्थानीय लोग पहुंचे।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने वायुसेना के दो विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को दी। सूत्रों ने कहा कि राजनाथ घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट करके कहा कि मुरैना के कोलारस के पास वायुसेना के सुखोई-30 और मिराज-2000 विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर अत्यंत दुखद है। मैंने स्थानीय प्रशासन को त्वरित बचाव एवं राहत कार्य में वायुसेना के सहयोग के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दोनों विमानों के पायलट के सुरक्षित होने की कामना करता हूं। हादसे का शिकार एसयू-30 एमकेआई दो सीटों वाला लड़ाकू विमान है जबकि मिराज 2000 सिंगल सीट एयरक्राफ्ट है। एसयू-30 एमकेआई विमान को रूस की जेएससी सुखोई कंपनी ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के लाइसेंस के तहत बनाया और मिराज 2000 विमान को फ्रांस की दसॉल्ट एविएशन ने बनाया है।

### लड़ाकू विमानों के गिरने का रहा है लंबा इतिहास, अब तक 26 खोए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एसयू-30** एमकेआई और मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने का लंबा इतिहास रहा है। भारत में अब तक 12 सुखोई और 14 मिराज लड़ाकू विमान दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। पहला एसयू-30 एमकेआई 2009 में हादसे में गिरा गिरा था। पिछले पांच वर्षों में विमान और हेलीकाप्टरों से जुड़ी 45 दुर्घटनाओं में कम से कम 42 भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों की मौत हुई है। इनमें से 29 कर्मी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के थे, जबकि सेना और नौसेना ने 12 जवान खो दिए। वर्ष 2021 में पांच मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए थे, जिनमें तीन पायलटों की मौत हुई थी। मिग-21 के अलावा, 2021 में दुर्घटनाग्रस्त हुए अन्य विमानों में एक मिराज 2000, दो ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, दो एमआई-17 और एक चीता हेलीकॉप्टर शामिल था। वर्ष 2020 में पांच विमान दुर्घटना का शिकार हुए जबकि 2021 में यह संख्या बढ़कर 10 हो गई। यह साल 2021 ही था जिसमें पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की 8 दिसंबर को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। एसयू-30 एमकेआई और मिराज-2000 भारतीय वायुसेना के अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान हैं। एसयू-30 के लिए रूस से 1996 में सौदा हुआ था। इन लड़ाकू विमानों को शामिल करना 1997 में शुरू हुआ था और इसके उन्नत संस्करण एसयू-30 एमकेआई को 2005 में वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। वर्तमान में, वायु सेना के पास 272 एसयू-30 और 50 मिराज-2000 हैं। मिराज के लिए फ्रांस से 1985 में सौदा हुआ था। यह बहुद्देश्यीय, चौथी पीढ़ी का जेट लड़ाकू विमान है और इसके कई संस्करण हैं, जो भारत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ब्राजील, ताइवान, ग्रीस, पेरू और मिस्र सहित कई देशों द्वारा उपयोग किए जाते हैं। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान पहाड़ों में दुश्मन के बंकरों को नष्ट करने में मिराज ने अहम भूमिका निभाई थी। अभी हाल ही में, लगभग 12 मिराज ने 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की।

# त्रिपुरा चुनाव के लिए भाजपा के 48 में से दो उम्मीदवार मुस्लिम

● पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को इस बार नहीं मिला टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने शनिवार को त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए 48 उम्मीदवारों के नाम जारी की है, जिसमें दो मुस्लिम और 11 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया। मुख्यमंत्री माणिक साहा और केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक क्रमश: बोरडोवली और धनपुर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं पार्टी ने पूर्व सीएम बिप्लब देब को इस बार टिकट नहीं देने से कयास लगाया जा रहा है कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। भाजपा नेताओं अनिल बलूनी और संबित पात्रा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजिक एक संवाददाता सम्मेलन में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की घोषणा की। भौमिक केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं। वह त्रिपुरा से सांसद हैं। वर्ष 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में वामपंथ के गढ़ माने जाने वाले त्रिपुरा में भाजपा ने सरकार बनाई थी। उससे पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने त्रिपुरा में 25 साल तक शासन किया था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व नेता और त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के वंशज प्रद्योत देब बर्मन के नेतृत्व वाली पार्टी तिपरा मोथा के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे थे, लेकिन अब ऐसे किसी गठबंधन को खारिज कर दिया गया है। वहीं, माकपा इस बार राज्य का चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ रही है।

### एनडीपीपी सहयोगी भाजपा को चार शहरी सीट देने पर सहमत

**कोहिमा।** सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) ने आगामी नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान सीट बंटवारे के समझौते के तहत चार शहरी सीट अपनी सहयोगी भाजपा को देने पर सहमति जताई है। सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। एनडीपीपी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2018 का चुनाव 40:20 सीट बंटवारे के फॉर्मूले के तहत लड़ा था और गठबंधन के सहयोगियों ने इसे जारी रखने का फैसला किया है, हालांकि दोनों दलों के कई नेताओं ने इसमें बदलाव की मांग की थी।

# धनबाद के नर्सिंग होम में आग दो डॉक्टरों समेत पांच की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** धनबाद

**झारखंड** के धनबाद में शुक्रवार देर रात एक निजी नर्सिंग होम में आग लगने से दो चिकित्सकों समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में नर्सिंग होम के मालिक डॉक्टर विकास हाजरा, उनकी पत्नी डॉक्टर प्रेमा हाजरा, मालिक का रिश्तेदार सोहन खमारी और घरेलू सहायिका तारा देवी शामिल है। वहीं, इस घटना में डॉक्टर का पालतू कुत्ता भी मारा गया।

अधिकारी के मुताबिक, रांची से करीब 170 किलोमीटर दूर धनबाद के बैंक मोड़ इलाके स्थित नर्सिंग होम के स्टोर रूम में देर रात करीब दो बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की छह गाड़िया भेजी गई और डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं, धनबाद के एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी ने बताया, स्टोर रूम में आग लगने के बाद दम घुटने से नर्सिंग होम के मालिक और उनकी पत्नी सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना के संबंध में आगे की जांच की जा रही है। तिवारी के मुताबिक, चार मृतकों की शिनाख्त की जा चुकी है, जबकि पांचवें की पहचान होना अभी बाकी है। घटना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चिकित्सक दंपती व अन्य की मौत पर शोक व्यक्त किया।

उन्होंने ट्वीट किया, ईश्वर दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के अलावा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी घटना पर दुख जताया। मंत्री ने धनबाद के उपायुक्त को घटना पर आवश्यक कार्वाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

# वंचितों को वरीयता का मंत्र लेकर चल रही सरकार: मोदी

● कहा, भारत आज दुनिया के हर बड़े मंच पर डंके की चोट पर अपनी बात कहता है

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



राजस्थान के भीलवाड़ा में एक कार्यक्रम में सहभागिता करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती ताकत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि आज भारत दुनिया के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है और दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में समाज के हर उपेक्षित एवं वंचित तबके को सशक्त करने का प्रयास किया है और वह वंचितों को वरीयता मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है।

मोदी भीलवाड़ा जिले के मालासेरी में लोक देवता भगवान श्री देवनारायण के अवतार महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है। आज भारत दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। इसलिए ऐसी हर बात, जो हम देशवासियों की एकता के खिलाफ है, उससे हमें दूर रहना है। हमें अपने संकल्पों को सिद्ध कर दुनिया की उम्मीदों पर खरा उतरना है। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर मैंने लाल किले की प्राचीर से पंच प्रण पर चलने का आग्रह किया था।

उद्देश्य यही है कि हम सभी अपनी विरासत पर गर्व करें, गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को याद रखें। अपने मनीषियों के दिखाए रास्ते पर चलना और हमारे बलिदानी शूरवीरों के शौर्य को याद रखना भी इसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा, यह देश का दुर्भाग्य है कि ऐसे अनगिनत सेनानियों को हमारे इतिहास में वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे। लेकिन आज का नया भारत बीते दशकों में हुई उन भूलों को भी सुधार (शेष पेज 9)

# तीन दिन में 300 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी पठान

● कश्मीर में 33 साल में पहली बार किसी फिल्म के सभी शो फुल रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विवादों** में घिरी रही 'पठान' बॉलीवुड इतिहास की रिलीज के बाद पहले वीकएंड तक सबसे अधिक कमाई करने वाली पहली फिल्म बन चुकी है। सुपार स्टार शाहरुख खान अभिनीत इस फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर तीन दिन में कुल 313 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और दर्शकों का क्रेज अभी भी वैसा ही है, जैसा पहले दिन देखने को मिला था।

यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) के मुताबिक, फिल्म पठान ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन हिंदी वर्जन से कुल 38 करोड़ रुपए की कमाई की है, जबकि डब संस्करणों से 1.25 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। पठान को 25 जनवरी को तमिल और तेलुगु में भी रिलीज़ किया गया था। वाईआरएफ ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत में कुल कमाई 39.25 करोड़ रुपए (सकल 47 करोड़ रुपए)। इस बीच, विदेश में भी 43 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। तीसरे दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर कुल 90 करोड़ रुपए की कमाई हुई। पठान ने पहले ही दिन दुनियाभर में 106 करोड़ रुपए की कमाई की थी, जबकि दूसरे दिन इसने 113 करोड़ रुपए कमाए थे। तीसरे दिन के बाद फिल्म भारत में बॉक्स ऑफिस पर 201 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है, जबकि विदेश में इसने 112 करोड़ रुपए अपनी झोली में डाले।

वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी ने एक बयान में कहा कि पठान को दुनिया भर के भारतीयों का आशीर्वाद मिला है और इस फिल्म के साथ जो हो रहा है, वह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है। प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने पठान की शांतिपूर्ण रिलीज सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों को धन्यवाद दिया है। रोमांचक जासूसी कहानी पर आधारित फिल्म पठान (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,330 | |
| निफ्टी | 17,604 | |
| सोना | 56,842 | /10g |
| चांदी | 68,874 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यरूसलम हमले में सात की मौत, तीन घायल

**यरूशलम।** पूर्वी यरूशलम के नेवे याकोव इलाके में यहूदी उपासना स्थल के पास गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इजराइली पुलिस और चिकित्साकर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्वी यरूशलम के उत्तरी हिस्से में शुक्रवार शाम को यह गोलीबारी हुई। पुलिस ने कहा, पूर्वी यरूशलम के उत्तरी हिस्से के एक इलाके में उपासना स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले एक भवन के पास आतंकवादी कार से पहुंचा और वह गोलियां चलाने लगा। हमलावर को भी मार गिराया गया और और हमले में इस्तेमाल की गई बंदूक जब्त की गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल ने पुलिस और चिकित्साकर्मियों के हवाले से खबर दी कि एक आतंकवादी हमले में सात लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन अन्य घायल हो गए। विस्तृत पेज 10

# उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देगी सरकार

● कैबिनेट में करीब दो दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार की कैबिनेट बैठक में रविवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2022, निजी औद्योगिक पार्कों के विकास योजना एवं आबकारी नीति वर्ष 2023-24 प्रख्यापित किये जाने समेत करीब दो दर्जन प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है। इसमें प्रमुख रूप से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास, पूंजी निवेश, रोजगार सृजन एवं स्टेक होल्डर के आय में वृद्धि की सम्भावनाओं के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2022 क्रियान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया है। नीति के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग नोडल विभाग होगा और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय नोडल एजेंसी होगी। नीति का उद्देश्य राज्य में कृषि उपज के प्रसंस्करण को बढ़ाना और अन्य राज्यों और देशों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत 12.5 एकड़ से अधिक भूमि खरीदने की अनुमति, गैर कृषि उपयोग घोषणा के लिए शुल्क से छूट परियोजना, परियोजना स्थल में आने वाली सरकारी भूमि के विनिमय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों हेतु भू उपयोग परिवर्तन के लिए 10 हजार रुपये के प्रतीकात्मक शुल्क, बाहरी विकास हेतु 50 हजार रुपये के प्रतीकात्मक शुल्क, स्टाम्प शुल्क से छूट, प्रसंस्करण के लिए राज्य के बाहर से लायी गयी कृषि उपज पर मण्डी शुल्क और उपकर से छूट, प्रसंस्करण इकाइयों को सीधे बेचे जाने वाले कृषि उत्पाद के लिए मण्डी शुल्क और उपकर से छूट, प्रसंस्करण इकाइयों को बिजली आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर सब्सिडी, निर्यात के लिए परिवहन सब्सिडी आदि का प्राविधान है।

# राष्ट्रपति भवन का मुगल गार्डन हुआ अब अमृत उद्यान

## केंद्र सरकार ने एक और मुगलों से पहचान वाली धरोहर को दिया हिंदी नाम

● राष्ट्रपति मुर्मू आज करेंगी उद्घाटन, जनता के लिए 31 जनवरी से 26 मार्च तक खुलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार द्वारा मुगलकालीन धरोहरों के नाम में बदलाव के क्रम में राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम अमृत उद्यान कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान में कहा गया कि स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने और आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन उद्यानों को अमृत उद्यान के रूप में एक सामान्य नाम दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को नए सिरे से अमृत उद्यान का औपचारिक उद्घाटन करेंगी। बयान में कहा गया कि इस बार गार्डन (हर्बल गार्डन, बोन्साई गार्डन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन) करीब दो महीने यानी 31 जनवरी से 26 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। इससे पहले यह सिर्फ एक महीने के लिए फरवरी से मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहता था।

इस साल दर्शक उद्यान को 31 जनवरी से देखने जा सकते हैं। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने एक बयान में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन उद्यानों को अमृत उद्यान के रूप में एक सामान्य नाम देकर प्रसन्नता जताई है। सरकार ने पिछले साल दिल्ली के प्रतिष्ठित राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया था। केंद्र का कहना है कि इन चीजों के नाम में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता के निशान को हटाने का प्रयास है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति भवन उद्यानों की विविधता की समृद्ध विरासत को समेटे हुए है।

मूल रूप से उनमें ईस्ट लॉन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन शामिल हैं। इस साल के उद्यान उत्सव में आगंतुकों के लिए कई अन्य आकर्षणों के साथ 12 अनूठी किस्मों के विशेष रूप से उगाए गए ट्यूलिप के फूल खास होंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार पूर्व राष्ट्रपतियों डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और राम नाथ कोविंद के कार्यकाल के दौरान हर्बल-1, हर्बल-2, टैक्टाइल गार्डन, बोनसाई गार्डन और आरोग्य वनम जैसे और उद्यान विकसित किए (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 29 जनवरी, 2023



# किसी ने रोड पर हुक्का पिया तो किसी ने पुलिस बेरीकेड्स पर किया डांस, 6 पकड़े

● सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के लिए यातायात नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां



जब्त कार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर रील बनाने वाले 6 लोगों को अरेस्ट किया है। इनकी तीन गाड़ियां जब्त की गई हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए हैं।

आरोपियों ने कुबूला है कि सोशल मीडिया में प्रसिद्ध पाने और फ ॉलोअर्स बढ़ाने की चाह में वे खतरनाक तरह से रील बना रहे थे। गाजियाबाद पुलिस का साफ तौर पर कहना है कि रोड पर गाड़ी रोककर रील बनाना कानूनन अपराध है। ऐसे लोगों के विरुद्ध जहां मुकदमे दर्ज किए जाएंगे, वहीं उनके वाहन भी सीज होंगे। वायरल वीडियो में दो वैगनआर और एक स्विफ्ट कार है।

लाल रंग की स्विफ्ट कार की छत पर हुक्का रखा हुआ है। जबकि तीन युवक खड़े होकर आराम से हुक्का पी रहे हैं। इस वीडियो में तीन युवक और एक युवती खड़ी नजर आ रही है। इन तीन में से एक वैगनआर कार की एक और वीडियो सामने आई। इसमें ड्राइवर वैगनआर को जिक जैग स्टाइल में सड़क पर चला रहा है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए सब इंस्पेक्टर रीगल कुमार ने दिल्ली नंबर की वैगनआर कार पर थाना कौशांबी में एफआईआर कराई है।

शनिवार को कौशांबी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैगनआर को खतरनाक तरीके से चला रहे हर्षित सिंह को अरेस्ट कर लिया। कार सीज कर दी गई है। अन्य लड़कों की भी तलाश जारी है।

सोशल मीडिया में एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में 1 पैदल शख्स रोड पर लगे गाजियाबाद पुलिस के बैरीकेड्स को बार.बार आगे-पीछे कर रहा है। इसके ठीक पास जेड ब्लैक शीशे वाली वैगनआर कार खड़ी है। इस कार में तेज म्यूजिक बज रहा है। इसकी वजह से वो डांसिंग कार बनी हुई है। पुलिस की जांच-पड़ताल में ये वीडियो कविनगर क्षेत्र का पाया गया। इस मामले में कविनगर पुलिस ने 22 वर्षीय अंशुल और 19 वर्षीय सूरज को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी वैगनआर कार सीज कर दी गई है। आरोपियों ने कुबूला कि सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध पाने और फॉलोअर्स बढ़ाने की चाह में उन्होंने इस प्रकार की रील बनाई थी।

साहिबाबाद पुलिस ने एलिवेटेड रोड पर चेकिंग के दौरान सफारी कार सवार तीन लड़कों को रील बनाते हुए पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, ये लड़के ऑन रोड कार खड़ी करके रील्स बना रहे थे। इससे आने.जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। तीनों आरोपी तुषार, अभिषेक और अभि कुमार के खिलाफ पुलिस ने सीआरपीसी-151 में कार्रवाई करते हुए गाड़ी सीज कर दी है।



सेक्टर-98 चौराहा पर यातायात पुलिस और ट्रैफिक वालंटियर्स के सहयोग से लोगों को ट्रैफिक नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।

# बिल्डरों के खिलाफ नोएडा में दर्ज हुई सबसे अधिक शिकायतें

● गौतबुद्धनगर में 28,450 और गाजियाबाद में 6,470 मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




पिछले छह सालों में नोएडा ग्रेटर नोएडा के खरीदारों ने बिल्डरों के खिलाफ रेरा में 28 हजार 450 शिकायत दर्ज कराई। ये पूरे उप्र में सबसे ज्यादा है। वहीं नॉन एनसीआर के लखनऊ में 8600 शिकायत दर्ज की गई है।

इसके बाद गाजियाबाद में 6470 तीसरे नंबर पर वाराणसी और मेरठ क्रमशः चौथे 850 और पांचवें 800 नंबर पर है। ऐसे में रेरा में दर्ज कुल शिकायतों का 74 प्रतिशत अकेले गौतम बुद्ध नगर व गाजियाबाद से है। उप्र रेरा सचिव राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि 01 मई 2017 से दिसंबर 2022 तक लगभग 47000 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हो चुकी है।

42000 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। इस प्रकार कुल मिलाकर 88.14 प्रतिशत शिकायतों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है। इसमें सबसे ज्यादा शिकायत लगभग 46400 प्रमोटर्स के विरुद्ध दर्ज की गयी है। करीब 500 शिकायत आवंटियों और लगभग 200 शिकायत एजेन्ट के विरुद्ध दर्ज हुई है। एनसीआर के आठ जन पदों में लगभग 35900 शिकायत दर्ज की गयी है जो कुल शिकायतों का लगभग 76 प्रतिशत है। इनमें से लगभग 31800 का सफलतापूर्वक निपटारा भी किया जा चुका है।

इसी प्रकार नॉन.एनसीआर के शेष जन पदों में लगभग 13300 शिकायतें दर्ज की गयी है जिनमें से लगभग 10500 का निपटारा किया गया है। रेरा की ओर से जो आदेश दिए वे जमीन स्तर हो रहे है या नहीं इसकी शिकायत के लिए वेबसाइट पर आर्डर एक्सेक्यूशन रिक्वेस्ट या आदेश कार्यान्वयन का अनुरोध दर्ज करने की व्यवस्था भी की गयी है।

अब तक लगभग 12800 ऐसे मामले सामने आये है जिनमें अंतिम आदेश का अनुपालन नहीं किया गया था इस माध्यम से लगभग 9900 मामलों में अंतिम आदेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करा दिया गया है।

# पहले एक करोड़ जमा कराए गाजियाबाद निगम तब होगी सुनवाई: सुप्रीम कोर्ट

● एनजीटी के जुर्माने को लेकर अदालत में दाखिल की थी याचिका


पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम पर एनजीटी ने इंदिरापुरम में कूड़े के पहाड़ का निस्तारण समय पर नहीं करने के लिए 150 करोड़ रुपये नगर निगम और 50 करोड़ रुपये का जुर्माना जीडीए पर लगाया था। करीब 200 करोड़ रुपये जमा करने से राहत पाने के लिए नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट फाइल की थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम को झटका दिया। कोर्ट ने निगम से कहा कि सुनवाई होगी, लेकिन पहले वह एक करोड़ रुपया जमा कराए।

इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट में छह फरवरी को अगले महीने सुनवाई होगी। तब तक नगर निगम को करीब एक करोड़ रुपया नगर निगम को सुप्रीम कोर्ट में जमा कराना है। मामला इंदिरापुरम में बने कूड़े के पहाड़ को लेकर है। इस मामले में इंदिरापुरम की एक संस्था द्वारा एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में फाइल की गई थी। इसमें कहा गया था कि कूड़े का पहाड़ समाप्त करने के लिए एनजीटी द्वारा समय सीमा के अंदर नगर निगम ने कूड़े का निस्तारण नहीं किया। बाद में एनजीटी ने निरीक्षण के लिए कमिशन भेजा। सुनवाई के दौरान एनजीटी ने 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया। इसमें से 150 करोड़ रुपया नगर निगम और 50 करोड़ रुपया जुर्माना जीडीए को जमा कराने के लिए कहा। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट फाइल की। सुप्रीम कोर्ट में 27 जनवरी को सुनवाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम से कहा कि वह प्रकरण पर सुनवाई करने को तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारियों की समस्या का निस्तारण समय पर: डीएम



**गाजियाबाद।** जिला मुख्यालय सभागार में व्यापार बंधुओं की बैठक डीएम आरके सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमें जीएसटी से सम्बंधित समस्याएं, बाजारों में जाम, आए दिन होने वाले सर्वे, छापे की कार्रवाई प्रमुखता से व्यापारियों ने रखी। इसके अलावा व्यापारियों ने बाजारों में मूलभूत सुविधाएं और बेहतर पार्किंग न होने की समस्या भी रखीं। व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर भी बिन्दु को भी उठाया गया। डीएम आरके सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि उनका निस्तारण समय से किया जाएगा। डीएम ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता पर समस्याओं का निस्तारण किया जाए जिससे व्यापार करने में कोई परेशानी न हो। बैठक में एडीएम सिटी विपिन कुमारए व्यापारी गोपीचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीएसी के जवान से लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पीएसी से रिटायर्ड एक व्यक्ति से संपर्क कर जनपद गौतमबुद्धनगर के ट्रेजरी अधिकारी बनकर उनके खाते से 31 लाख रुपए निकालने वाले एक आरोपी शमशेर को आज नोएडा साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी नूर अहमद की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि अमित कुमार शर्मा ने पूर्व मे साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता पीएसी से रिटायर हुए थे।

### दो कारों में लगी भीषण आग

**नोएडा।** सेक्टर-45 में एक वर्कशॉप में खड़ी दो कारों में आग लग गई। आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में लिया और मिनटों में कार जलकर राख हो गई। मौके पर पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इसमें एक कार टोयटा कोरोला है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि कार सेक्टर.45 के खजूरी कालोनी में एक वर्कशॉप पर खड़ी थी। कार में कुछ गड़बड़ी थी। इसमें इलेक्ट्रिकल का काम किया जा रहा था। इस दौरान शॉट सर्किट होने से कार में आग लग गई। आग इतनी तेज फैली की आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग नहीं बुझी। ग़नीमत रही कार रिपेअर करने वाले ठीक है इस हादसे में जन नुकसान की जानकारी नहीं है। सीफओ ने बताया कि कार सुरेंद्र सिंह पुत्र सुखवीर सिंह की है। वहीं आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। आग लगने की वजह की पूरी जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी।

### चिपयाना गांव के जंगल में मिला कंकाल

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र के चिपयाना बुजुर्ग गांव के जंगल में एक महिला का कंकाल मिला है। महिला का सिर और धड़ काटकर अलग अलग किया गया था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर मिले कपड़े के हिसाब से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कंकाल महिला का है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नोएडा में फिर गूंजा श्रीकांत त्यागी प्रकरण

नोएडा। सन 2022 में सर्वाधिक चर्चा का विषय रहा गालीबाज श्रीकांत त्यागी प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में है। इस प्रकरण के दौरान अनाप शनाप धाराएं लगाकर जेल भेजे गए त्यागी समाज के युवकों पर लगाए गए अभियोग को वापस लेने की मांग को लेकर त्यागी समाज सक्रिय हुआ है।त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा बैनर पर आज त्यागी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 5 और 6 अगस्त 2022 को अनु त्यागी पत्नी श्रीकांत त्यागी एवं उनके पड़ोसी के हुई बहस में एक राजनेता एवं पड़ोसी के गुंडों द्वारा अनु त्यागी के परिसर पर जाकर मारपीट की गई।

# ग्रेनो में बावरिया गिरोह का लुटेरा साथी संग गिरफ्तार

● अलग-अलग राज्यों में 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने बावरिया गिरोह के अंतरराज्यीय चैन लुटेरे को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है।

शातिर लुटेरे पर कुल 35000 का इनाम घोषित था। इसमें 25000 का इनाम नोएडा पुलिस और 10 हजार का इनाम हरियाणा की करनाल पुलिस ने घोषित किया था। इस पर अलग-अलग राज्यों में 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। बीटा 2 पुलिस ने बाबरिया गिरोह के अंतरराज्यीय लुटेरे बाबू उर्फ जोगींद्र को नवादा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके एक साथी विक्की को भी गिरफ्तार किया है।

दोनों जनपद शामली के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 2 तमंचे और दो जिंदा कारतूस ओर बाइक बरामद की है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बाबू उर्फ जोगींद्र बावरिया गिरोह का अंतरराज्यीय चैन लुटेरा है, जो चैन लूटने की घटनाओं के साथ साथ अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूटी गयी चैनों को ठिकाने लगाने का भी काम करता था। बाबू उर्फ जोगींद्र अपने साथियों के साथ मिलकर हरियाणा, दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में चैन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता है।

इस पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली और हरियाणा में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। बीटा 2 क्षेत्र में की गई घटनाओं में शामिल इसके अन्य साथियों को बीटा 2 पुलिस द्वारा मार्च 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस दौरान बाबू मौके से फरार हो गया था, तभी से यह फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए नोएडा पुलिस ने इस पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया। वही बाबू ने जनपद करनाल में भी चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था। उन घटनाओं में भी फरार चल रहा था, जिस कारण जनपद करनाल से भी बाबू पर 10000 रूपये का इनाम घोषित था।

# युवक के साथ मारपीट मामले में कई पुलिसकर्मियों पर गिर सकती है गाज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पुश्ता चौकी के पास यातायात व्यवस्था संभाल रहे कई ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के खिलाफ मंडोला निवासी राजू ने मारपीट करने जैसे आरोप लगाये थे।

इतना ही नहीं पीड़ित ने आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिये तहरीर भी दी थी। तहरीर मिलने के बाद ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू करते हुए पीड़ित का मेडिकल भी करवाया। इस प्रकरण की जानकारी देते हुए एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है उससे पता चला है कि जब पुश्ता चौकी के पास वाले ट्रैफिक प्वॉइंट पर यातायात पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था को संभाल रहे थे उसी समय एक कार चालक ने ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन किया। इसके चलते पुलिसकर्मियों व कार चालक राजू के बीच कहासुनी हो गई। श्री उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित युवक का कहना है कि कहासुनी होने के बाद यातायात पुलिसकर्मी उसे चौकी पर ले गये।

### कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट

**गाजियाबाद।** दिन निकलते ही बदमाशों ने शहर के कारोबारी के घर धावा बोल दिया और परिवार को बंधक बनाकर लूट नगदी और जेवर लूट कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के अहमदनगर में शेटरिंग कारोबारी शादाब का परिवार रहता है। शादाब ने हाल में एक मकान का सौदा किया था। जिसके बयाने के 90 हजार कैश घर में रखे थे। लगभग 8.30 बजे नकाबपोश बदमाश कारोबारी के घर पहुंचे। परिवार को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी दी और कैश, जेवर लेकर भाग गए।

# प्रमुख सचिव ने किया प्लांट और सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने इंदिरापुरम में सीवरट्रीटमेंट प्लांट और इंदिरापुरम में ही बनाए जा रहे रिसाइकल वॉटर प्लांट का दौरा किया।

इसके अलावा सिटी फ रैस्ट प्राइवेट जमीन पर कब्जे को लेकर भी प्रमुख सचिव ने निरीक्षण किया। इंदिरापुरम में एक सीवरट्रीटमेंट प्लांट जीडीए नगर निगम को वन सिटी वन ऑपरेटर स्कीम में ट्रांसफर करने की तैयारी में है। इसके लिए एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस प्लांट का नगर निगम निरीक्षण आज प्रमुख सचिव ने किया।

उन्होंने 320 करोड़ रुपये की लागत से इंदिरापुरम कॉलोनी में बनाए जा रहे रिसाइकल प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस प्लांट को बनाने के लिए ही नगर निगम ने म्युनिस्पल बॉन्ड के जरिए मार्केट से 150 करोड़ रुपये लिए हैं। इस पैसे से ही करीब 40 एमएलडी का वॉटर सप्लाई प्लांट बनाया जा रहा है। इनके अलावा प्रमुख सचिव ने सिटी फॉरेस्ट का भी निरीक्षण किया।



ग्रामीण जोन के सभी एसीपी,थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीट पर वर्चुअल मीटिंग कर सम्बन्धित को लम्बित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दिशा निर्देश देते डीसीपी ग्रामीण।

# पुरानी रंजिश में शराब पिलाकर युवक की गर्दन काटी

● तीन लोगों ने दिया हत्या को अंजाम, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र से लापता कृष्णा नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पांच दिन बाद शनिवार को उसकी लाश मुरादनगर गंगनहर में सौंदा पुल के पास से बरामद हुई है।

तीन युवकों ने पहले शराब पिलाई, फिर गला दबाकर बेहोश किया और फिर बलकटी से गर्दन रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को एक बोरे में बंद किया। बोरे में 4 ईंटें भी डाली, जिससे लाश पानी से बाहर न आने पाए और फिर बोरे को नहर में डुबो दिया। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खुलासा हुआ कि पुराने झगड़े का बदला लेने के लिए ये हत्या की गई। मुरादनगर थाना क्षेत्र में डिडौली गांव निवासी कृष्णा 22 जनवरी की रात करीब 11 बजे एक मांगलिक कार्यक्रम में गया था, लेकिन फिर लौटा नहीं। परिजनों ने उसकी खूब तलाश की, मगर कुछ पता नहीं चला। तलाश के दौरान परिजनों को कृष्णा के जूते गांव निवासी एक व्यक्ति के कमरे में पड़े मिले। इस कमरे से नहर तक थोड़ी.थोड़ी दूरी पर खून के छींटे बिखरे मिले। आशंका जताई गई कि हत्या करके शव को नहर में डाल दिया गया है। इधर, जिस व्यक्ति के कमरे में जूते मिले, वो भी फरार था। कृष्णा के पिता को पता चला कि उनके बेटे की हत्या में गांव के ही मोनू और सुमित उर्फ छोटू का हाथ है। उन्होंने दोनों के खिलाफ 27 जनवरी को थाना मुरादनगर में हत्या की एफआईआर दर्ज करा दी। पुलिस ने तुरंत ही दोनों को उठा लिया। कड़ाई से पूछताछ हुई तो दोनों ने हत्या करके शव नहर में डालने की बात उगल दी। शनिवार को पुलिस व गोताखोरों ने कई घंटे सर्च ऑपरेशन के बाद मुरादनगर नहर में सौंदा पुल के नजदीक से कृष्णा की लाश बरामद कर ली। ये लाश प्लास्टिक के डबल बोरे में पैक की गई थी। मफलर से गला दबाया गया था। डीसीपी रवि कुमार ने बताया, करीब दो.ढाई साल पहले मृतक कृष्णा का एक आरोपी सुमित उर्फ छोटू के पिता से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इसमें सुमित के पिता अनिल को सिर में चोटें आई थीं। उसी रंजिश का बदला लेने के लिए सुमित ने गांव के ही मोनू, पुनीत उर्फ कालू संग मिलकर मर्डर किया। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला शिक्षक से फोन पर अश्लीलता खोड़ा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में महिला टीचर को अज्ञात शख्स द्वारा फोन पर लगातार कॉल करने और अश्लील बातें करने का मामला सामने आया है।

एमबीबएस में एडमिशन के नाम पर हो रहे फ्राड में महिला टीचर के पति की तीन साल पहले नोएडा में हत्या हो चुकी है। ऐसे में अब महिला को अपनी और बच्चे की जान का खतरा सता रहा है।

पूरे मामले में खोड़ा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। खोड़ा कॉलोनी के अनिल विहार निवासी टीचर ने बताया उनके बेटे के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलिंग नंबर सेव नहीं होने की वजह से ये कॉल पीड़िता ने रिसीव की। फोन करने वाले शख्स ने उनसे अश्लील बातें कहीं। उन्होंने इस नंबर को ब्लॉक कर दिया।

इस पर 26 जनवरी को उसी शख्स ने सीधे कॉल की और फिर से अश्लीलता की। पीड़िता का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति की हरकतों से मानसिक रूप से तनाव में हूं और असुरक्षा की भावना महसूस कर रही हूं। पीड़िता के मुताबिक, पति संकी साल-2019 में नोएडा के थाना एक्सप्रेस.वे क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में कुछ लोग जेल भी गए थे। इस मुकदमे की एकमात्र पैरोकार हैं। ममता का कहना है कि हत्याकांड के अभियुक्त जेल से जमानत पर बाहर आ चुके हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# खराब सड़कों की मरम्मत अब 24 घंटे में होगी

## अगले 6 महीने में फुटपाथ, रेलिंग, बेंच, साइनेज भी बदले जाएंगे, 1 अप्रैल से शुरू होगा काम

## मैकेनिक स्वीपिंग मशीन से सड़कों, फुटपाथ और पेड़ पौधों को सप्ताह में तीन बार धोया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी की सड़कें और फुटपाथ सुंदर और विश्वस्तरीय बनेंगे। इस परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग की टूटी सड़कों व गड्ढों के साथ टूटे फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज, मेन होल्स, स्लैब, साइनेज, बिजली के खंभे, रेलिंग, लाइट्स और एफओबी आदि की मरम्मत की जाएगी। इन सब कार्यों को करने के लिए, एजेंसी को रखरखाव के लिए 10 साल का ठेका दिया जाएगा, जो कुछ भी टूटने पर 24 घंटे में मरम्मत करेगी। 10 साल में हर सड़क की दो बार री-सर्फेसिंग होगी। प्रतिदिन मैकेनिकल स्वीपिंग के साथ सड़कों, फुटपाथों, पेड़-पौधों को हफ्ते में तीन दिन धोया जाएगा और डीप स्क्रबिंग कर कचरा साफ किया जाएगा।

दिल्ली सरकार डीप स्क्रबिंग मशीनें, 150 टैंकर्स व स्प्रिंकलर के साथ 100 मैकेनाइज्ड रोड स्पीपर हायर करेगी। इसी तरह, एमसीडी के 250 वार्डों की छोटी-छोटी सड़कों और उसके किनारे के पेड़-पौधों को धोने के लिए 250 एंटी स्मॉग गन के साथ स्प्रिंकलर हायर करेंगे। इस पर एक अप्रैल से काम शुरू होने की उम्मीद है। इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मुख्य सचिव समेत संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। अरविंद केजरीवाल ने इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी का इस्तेमाल सड़कों को धोने में किया जाएगा।

थर्ड पार्टी कैमरा लगे वाहन से निगरानी करेगी। अगर कहीं कोई कमी दिखेगी तो ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अगले 10 दिनों में दिल्ली मंत्रिमंडल से सारे प्रस्ताव स्वीकृति हो जाएंगे और एक अप्रैल से सारा काम शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि कई सालों से जिस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे, अब वो साकार होता दिख रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली सरकार सबसे पहले 45 फुट (18 मीटर से ज्यादा चौड़ी) से चौड़ी करीब 1400 किलोमीटर सड़कें पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। पीडब्ल्यूडी की सारी सड़कों को सुंदर बनाने जा रहे हैं।

अक्सर देखा जाता है कि फुटपाथ के उपर स्लैब या कर्ब स्टोन निकला हुआ दिखाई देता है। कई जगहों पर फुटपाथ टूटे हुए हैं। सेंट्रल वर्ज टूटे पड़े हैं। पत्थर इधर-उधर पड़े हैं। ये सारे रिपेयर किए जाएंगे। अगले 10 साल में हर सड़क की दो बार री-सर्फेसिंग की जाएगी। सेंट्रल लाइन, जेब्रा क्रॉसिंग और फुटपाथ आदि पर की गई पेंटिंग को तय मानक के अनुसार तीन से छह महीने में की जाएगी। ताकि सड़कें साफ-सुथरी नजर आएं। सड़कों और फुटपाथ की प्रतिदिन मैकेनिकल स्पीपिंग की जाएगी। इसके लिए कई मशीनें हायर की जा रही हैं।



### प्रतिदिन लगभग 10 हजार किलो लीटर पानी की जरूरत पड़ेगी

*फुटपाथ और सड़कों को धोने और मैकेनिकल स्पीपिंग के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट दिया जाएगा। दिल्ली की सारी सड़कों को धोने के लिए प्रतिदिन लगभग 10 हजार किलोलीटर पानी की जरूरत पड़ेगी जलबोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी को अभी यमुना में बहा दिया जाता है, लेकिन अब यह पानी सड़कों को धोने के काम आएगा।*

### रोजाना सड़कों से पोस्टर्स-बैनर्स हटेंगे



रोजाना सड़कों पर पोस्टर्स, बैनर्स लगे होते हैं। अब इसको प्रतिदिन हटाया जाएगा। इसके अलावा बड़े पैमाने पर पेड़ पौधे लगा रहे हैं। सड़कों की सेंट्रल वर्ज और सड़क के दोनों तरफ खाली जमीन पर बड़े स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए भी 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट दिया जा रहा है। एजेंसी पौधे लगाएगी और प्रतिदिन उनका रख-रखाव, धोने, खाद-पानी देने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखेगी ताकि पौधे अच्छे से पनपे।

### प्रोजेक्ट का उद्देश्य

**इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य सभी सड़कों को विश्व स्तरीय मेंटिनेंस कर एक नया मानदंड स्थापित करना है। सड़कों की मरम्मत और रखरखाव से लोगों को बहुत फायदा होगा। एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि सड़कें हमेशा सुरक्षित, साफ-सुथरी और चमचमाती रहें। कांट्रैक्ट अवधि के दौरान पेंट कर सड़कों को रिफलेक्टीव, नॉन फेडेड बनाकर रखा जाएगा, ताकि वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को सड़कें आसानी से दिखाई दें। एजेंसी जल-जमाव को रोकने के लिए भी काम करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सभी सड़कों के ढलान और स्तर उचित हों।**

# बीटिंग रिट्रीट समारोह : दोपहर से रात नौ बजे तक यातायात पर रहेगी पाबंदी



विजय चौक पर होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह की तैयारियां।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने यहां विजय चौक पर होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन का प्रतीक बीटिंग रिट्रीट समारोह रविवार को आयोजित किया जाएगा। एक परामर्श के अनुसार रविवार अपराह्न दो बजे से रात साढ़े नौ बजे तक यातायात पाबंदियां लागू रहेंगी और विजय चौक यातायात के लिए बंद रहेगा। परामर्श में कहा गया है कि रफी मार्ग पर सुनहरी मस्जिद गोलचक्कर से कृषि भवन गोलचक्कर के बीच, दारा शिकोह गोलचक्कर से आगे, कृष्णा मेनन मार्ग गोलचक्कर और सुनहरी मस्जिद विजय चौक की ओर यातायात के आवागमन की अनुमति नहीं होगी। कर्तव्य पथ पर विजय चौक और सी हेक्सागन के बीच यातायात पाबंदी रहेगी।

इसमें कहा गया है कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे रिंग रोड, रिज रोड, अरबिंदो मार्ग, मदरसा टी प्वाइंट, लोधी रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, सफदरजंग रोड, कमल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड, मिंटो रोड आदि जैसे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। परामर्श में कहा गया है कि रविवार को अपराह्न दो बजे से रात साढ़े नौ बजे तक बसों का सामान्य मार्ग परिवर्तित किया जाएगा, ताकि आमंत्रितों और दर्शकों के वाहनों को सुविधा हो सके तथा समारोह स्थल एवं इंडिया गेट के आसपास की सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति से बचा जा सके।

### ● दिल्ली पुलिस ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी किया परामर्श

# रेल पटरी के पास से महिला और दो बच्चों के शव मिले

### ● तीनों के सिर पर पत्थरों से किए गए वार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के नरेला इलाके में रेलवे स्टेशन और पटरियों के पास एक महिला और दो बच्चों के तीन शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक, मृतकों के सिर पर चोट के निशान थे।

राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर तुरंत ही पुलिस की फॉरेंसिक टीम और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को आंशका है कि तीनों की पत्थर से मार कर हत्या की गयी है।

जानकारी के अनुसार, उत्तरी बाहरी दिल्ली के नरेला थाना इलाके में रेलवे स्टेशन के पास एक महिला और दो छोटे बच्चों के शव रेलवे स्टेशन के पास मिले। आसपास के लोगों ने खून से लथपथ शवों को देखने के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी।

इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम पुलिस के आला अधिकारी और डीसीपी भी मौके पर जांच के लिए पहुंचे। महिला और दोनों छोटे बच्चों की बेरहमी से हत्या की गई। तीनों के चेहरे पर पत्थर से कई वार किए गए हैं, जिसकी वजह से इनकी मौत हुई। महिला के साथ पाए गए शवों में एक बच्ची और एक बच्चा है। दोनों बच्चों की उम्र करीब दो साल बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर उनके बारे में पता करने की कोशिश की, लेकिन अब तक न तो उनकी पहचान हो पाई है और न ही पुलिस को हत्या के कारणों का पता चल पाया है।

फिलहाल पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद साफ होगा कि मामला लूट के इरादे से की गई हत्या का है या कुछ और है।

### तिलक विहार में नेपाली नागरिक की डेड बॉडी मिली

**नई दिल्ली।** तिलक विहार इलाके में 43 वर्षीय एक नेपाली नागरिक का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान नेपाल के कालीकटर निवासी राजकुमार गालन के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल के मुताबिक, तिलक विहार में सीआरपीएफ कैंप के पास शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तिलक नगर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।

# मेयर चुनाव : आप ने सभी 70 विधानसभाओं में निकाली पदयात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम का चुनाव हो जाने के इतने दिनों के बाद भी महापौर और उपमहापौर और स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं हो पाया है। इस मामले के जानकार वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि एमसीडी संवैधानिक संकट से जूझ रहा है। अधिकारियों ने आगाह किया है कि यदि एमसीडी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव समय रहते नहीं हो पाता है तो कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इन समस्याओं में एमसीडी का बजट नहीं पेश कर पाना भी शामिल है। साथ ही समय पर चुनाव नहीं होने पर निर्वाचित पार्षदों को अयोग्य भी करार दिया जा सकता है। महापौर चुनाव को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में संग्राम जारी है। इस कड़ी में आम आदमी पार्टी ने भाजपा द्वारा मेयर का चुनाव बार-बार टालने के विरोध में शनिवार को सभी 70 विधानसभाओं में पदयात्रा की। पदयात्रा निकालकर दिल्ली की जनता को बताया कि भाजपा किस तरीके से आप का मेयर नहीं बनने देना चाहती है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि अबतक मेयर के चुनाव के लिए दो बार हाउस बुलाया जा चुका है लेकिन बार-बार हंगामे की भेट चढ़ गया।

# बटला हाउस मुठभेड़ में शामिल आईएम आतंकी की एम्स में मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फाइल फोटो

राष्ट्रीय राजधानी के चर्चित बटला हाउस मुठभेड़ मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी की शनिवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अग्न्याशयशोथ का इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के निवासी शहजाद अहमद उर्फ पप्पू (33) को छह फरवरी 2010 को तिहाड़ जेल भेजा गया था और सात जुलाई 2022 को तिहाड़ केंद्रीय जेल से मंडोली स्थित केंद्रीय कारागार संख्या 15 में स्थानांतरित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2008 के बटला हाउस मुठभेड़ मामले में अहमद उम्रकैद की सजा काट रहा था। उस मुठभेड़ में पुलिस निरीक्षक मोहन चंद शर्मा की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि अहमद के खिलाफ छह अन्य मामलों में भी सुनवाई चल रही थी, जिनमें से एक मामला बेंगलुरु दर्ज था। एक अधिकारी ने बताया, दोषी को पित्ताशय में पथरी की शिकायत होने पर आठ दिसंबर 2022 को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 27 दिसंबर को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया था। उन्होंने बताया कि अहमद को 11 जनवरी को एम्स रेफर किया गया और शनिवार को अधिकारियों ने सूचित किया कि शनिवार सुबह सात बजकर 42 मिनट पर उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के निरीक्षक शर्मा दक्षिण दिल्ली के जामिया नगर में पुलिस और कथित आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए थे।

# आप सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें : अनुराग ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में दो दिन चली भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को नया संकल्प दिलाया है।

ठाकुर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में उन्होंने खुद कई इलाकों में प्रचार किया था और देखा था कि लोगों पर अब केजरीवाल सरकार का जादू कम हुआ है। चुनाव नतीजों में भी यह दिखा है। हमारा नया संकल्प और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाना है और पहले वर्ष 2024 फिर वर्ष 2025 में जीत भाजपा की होगी। उन्होंने कहा कि सब मिलकर दिल्ली से अरविंद केजरीवाल को उखाड़ फेंकने का नया संकल्प लें।

राजधानी लालकृष्ण अडवानी के शुरुआती दिनों की कार्य भूमि रही तो केदारनाथ साहनी, मदन लाल खुराना एवं प्रो. विजय मल्होत्रा ने दिल्ली के साथ पूरे उत्तर भारत में पार्टी विस्तार का काम किया।

# डीयू में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर हंगामे की जांच करेगी समिति

### ● प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति बनाई गई, कल सौंपेगी रिपोर्ट



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने 2002 के गुजरात दंगे पर आधारित बीबीसी वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग को लेकर कला संकाय के बाहर 27 जनवरी को हुए हंगामे की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

डीयू की प्रॉक्टर रजनी अब्बी की अगुवाई वाली इस समिति से 30 जनवरी को शाम पांच बजे तक कुलपति योगेश सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना में कहा कि कुलपति ने परिसर में अनुशासन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह समिति गठित की है। अधिसूचना के अनुसार, वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर अजय कुमार सिंह, संयुक्त प्रॉक्टर प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, सामाजिक कार्य विभाग के प्रोफेसर संजय रॉय, हंसराज कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर रामा, किरोड़ीमल कॉलेज के प्राचार्य दिनेश खट्टर और मुख्य सुरक्षा अधिकारी गजे सिंह समिति के अन्य सदस्य हैं। अधिसूचना में कहा गया है, समिति खासकर 27 जनवरी 2023 को विश्वविद्यालय में कला संकाय के बाहर और प्रवेश द्वार के सामने हुई घटना की जांच करेगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय में शुक्रवार को जब विद्यार्थियों ने इस विवादास्पद वृत्तचित्र को दिखाने की कोशिश की थी, तब हंगामा हुआ था। पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को ऐसा करने से रोका था। भारतीय राष्ट्र छात्र संघ के 24 विद्यार्थियों को दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय से हिरासत में लिया गया था और उत्तरी परिसर में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। विश्वविद्यालय ने दावा किया था कि बाहरी लोग यह वृत्तचित्र दिखाने की कोशिश कर रहे थे और पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुलाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार



एडिशनल डिस्ट्रिक जज रविंद सिंह ने टॉस उछाल कर कराई मैच की शुरुआत।

### एमसीडी-11 ने दानिक्स को 54 रन से हराया

**नई दिल्ली।** इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रहे ऑफिसर कप का मैच हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव निशाना ने मुख्यातिथिअतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह और विशिष्ट अतिथि छत्रपाल सूर्यवंशी का स्वागत किया। एमसीडी के कप्तान एसपी डबास की टीम ने 156 रन बनाये। दानिक्स एकादश 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद सिंह ने कहा कि खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना एक सराहनीय कदम है। यमुना ट्रॉफी के आयोजक इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना, रविंद्र कुमार, राजेश तोमर, डॉक्टर राहुल, सुनील बाल्यान, रचना, रेशमा, महेश ढौंडियाल उपस्थित थे। यमुना ट्रॉफी का आयोजन इम्वा आईडीएचसी सोसाइटी और दिनेश वर्मा क्रिकेट के सहयोग से कर रहीं है।

### सर्द सुबह और दिन में धूप से मौसम हुआ सुहावना

**नई दिल्ली।** शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में आर्द्रता 89 से 51 फीसदी के बीच दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में शनिवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 236 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

### सदर बाजार विस्फोट मामले में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सदर बाजार इलाके में गत सात जनवरी को हुए विस्फोट के मामले में 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान मोहम्मद फैज के रूप में हुई है, जिसने गुलाब मदार को एक थैला ठिकाने लगाने के लिए दिया था जिसमें पटाखों से संबंधित विस्फोटक सामग्री थी। पुलिस ने कहा कि जब मदार थैला फेंकने जा रहा था, तब उसमें विस्फोट हो गया। घटना में पांच व्यक्ति घायल हुए थे और मदार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि फैज उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाला है।

# जीटीबी अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में नया इमरजेंसी वार्ड शुरू

### ● उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल में उन्नत ऑक्सीजन सुविधाओं का भी किया उद्घाटन

## 20 लेबर बेड जोड़े जाएंगे, प्रत्येक सेक्शन में 1 डिलीवरी रूम और एक ऑपरेटिंग रूम होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गुरुतेग बहादुर अस्पताल में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ गई है। इस अस्पताल के एमसीएच ब्लॉक में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में नया कैजुअल्टी, इमरजेंसी एंड लेबर रूम शुरू किया गया है।

यहां गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन इलाज मिलेगा। साथ ही ऑक्सीजन सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है। इससे अस्पताल अब अपनी ऑक्सीजन की मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम होगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को में जीटीबी अस्पताल में उन्नत ऑक्सीजन सुविधाओं के साथ एमसीएच (मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य) ब्लॉक में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में नए कैजुअल्टी-इमरजेंसी और लेबर रूम का उद्घाटन किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि नई सुविधाएं मरीजों को मिलने से अस्पताल के मौजूदा लेबर रूम के भार को कम करेगा। ऑक्सीजन सुविधाओं के अपग्रेडेशन के साथ अस्पताल में अपनी ऑक्सीजन की मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है कि दिल्ली के लोगों को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, जो कि सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्राथमिकता है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल को दुनिया भर में सराहना मिली है, हमारे अस्पतालों को अपग्रेड करना हमारे स्वास्थ्य मॉडल को और अधिक कुशल और शानदार बनाना इसी दिशा में एक और प्रयास है। कोशिश है कि दिल्ली में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएँ विकसित कर सके। इसी दिशा में जीटीबी यहाँ 1912 बेड्स की क्षमता वाला अतिरिक्त ब्लॉक बनाया जा रहा है। सिसोदिया ने बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कितने भी षड्यंत्र हो जाए केजरीवाल सरकार दिल्ली में शिक्षा-स्वास्थ्य व जनहित के कार्य कभी रुकने नहीं देगी।

### 1069 बिस्तरों के लिए ऑक्सीजन पाइपलाइन

जीटीबी अस्पताल में 1500 ऑपरेशनल बेड (फ्लोटिंग बेड सहित) हैं। अस्पताल में मेडिकल ऑक्सीजन की बढ़ती मांग को देखते हुए अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए 3000 एलपीएम की पीएसए क्षमता और 53 किलो लीटर की एलएमओ क्षमता है। यह नई सुविधा राज्य के उपयोग के लिए, एलएमओ बफर टैंक 113 केएल की सुविधा भी प्रदान करेगी। अब उन्नत ऑक्सीजन सुविधाओं के साथ, अस्पताल में अब 1069 बिस्तरों के लिए सीधी चिकित्सा गैस पाइपलाइन है। पहले सिर्फ 750 बेड सीधे मेडिकल गैस पाइपलाइन से जुड़े थे। सिसोदिया ने कहा, कोविड जैसी स्थिति ने उन्हें हर स्थिति के लिए पहले से तैयारी करना सिखाया है। यह ऑक्सीजन प्लांट न केवल जीटीबी अस्पताल को सहायता प्रदान करेगा बल्कि अन्य कई अस्पतालों के लिए भी ऑक्सीजन का बफर रखेगा।

# बच्चे के जन्म वाले दिन ही बर्थ सर्टिफिकेट बनाने का ट्रायल शुरू

**सर्टिफिकेट के लिए अब अभिभावकों को नहीं काटने पड़ेंगे अस्पताल के चक्कर**

**अभी तक सर्टिफिकेट के लिए दिया जाता है 21 दिन का समय**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** नागरिक अस्पताल में होने वाली डिलीवरी के बाद उसी दिन ही बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट (जन्म प्रमाण पत्र) देने की दिशा में अस्पताल ने काम करना शुरू कर दिया है। अस्पताल में हाल ही में जिन बच्चों का जन्म हुआ है, ट्रायल के तौर पर उन्हें एक दिन में ही सर्टिफिकेट बनाकर भी दिए गए। संभवत: आगामी 1 फरवरी 2023 से यह कार्य नियमित तौर पर शुरू हो जाएगा।

सरकारी और निजी अस्पतालों में पैदा होने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर हमेशा से ही लेट-लतीफी होती रही है। कभी अभिभावकों के कागज पूरे नहीं होने की वजह से तो कभी किसी और वजह से जन्म प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पाते। इस कारण बच्चे के अभिभावक भी भागदौड़ करके परेशान हो जाते हैं और स्टाफ को भी काफी माथा-पच्ची करनी पड़ती है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक निर्णय लिया गया कि क्यों ना बच्चों की डिलीवरी वाले दिन ही उनके जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे दिए जाएं। इसके लिए सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि यह काम तो उन्हें करना ही है, चाहे इसमें एक दिन लगा दें या ज्यादा दिन। काम तो पूरा करना होगा। अगर एक दिन में जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे देते हैं तो यह नई व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सेवा कही जाएगी। इस काम के लिए बच्चे के अभिभावकों को बार-बार चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि इस नए साल में हमें कुछ नया करना चाहिए। बर्थ सर्टिफिकेट जन्म वाले दिन ही जारी कर देना विभाग की बेहतर कार्य होगा।

अभी इस कार्य का ट्रायल रन शुरू किया गया है। नवजात बच्चों की माओं को उनके बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जन्म वाले दिन ही बनाकर दिए गए हैं। इससे अभिभावकों को भी फायदा हुआ है। जन्म वाली तारीख से ही बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी होना अच्छी शुरुआत है।



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में जन्म के दिन ही बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देते अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्यालय के स्टाफ।

# मेवात की गो शालाओं में गोवंश ज्यादा, मिले सबसे अधिक अनुदान

**मुख्य सचिव के समक्ष रखी गई यह मांग**

**गोतस्करों से छुड़ाई गई गायों की संख्या मेवात की गोशालाओं में अधिक**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेवात** में गोतस्करी और मेवात की गो शालाओं को विकसित करने की मांग गोभक्तों ने शनिवार को हरियाणा के मुख्य सचिव के समक्ष उठाई। साथ ही कहा गया कि मेवात में गोतस्करों के चंगुल से छुड़ाई गई गायें सबसे अधिक हैं। इसलिए वहां की गो शालाओं को सबसे अधिक अनुदान राशि दी जानी चाहिए।

मुख्य सचिव संजीव कौशल शनिवार को गुरुग्राम के कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य सचिव के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल, गो सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब, हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के प्रांत सचिव विनोद शर्मा मौजूद रहे। सबसे पहले उन्होंने यहां स्वामी भक्ति स्वरूपानंद के नाम से बनाए गए गो परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद एक साथ हजार से अधिक गोवंश की परिक्रमा देखी और खुद भी परिक्रमा की। संजीव कौशल ने पूरे प्रदेश में अपनी तरह की इस अनोखी पहल के लिए गो शाला प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने यहां मौजूद शंखपुष्पी नामक गाय की पूजा की। इस गाय के माथे प्राकृतिक रूप से शंख का चिन्ह बना हुआ है।

मुख्य सचिव को बताया गया कि संगेल स्थित चेतन दास गो संवर्धन संस्थान में ऐसा गो वंश अधिक आ रहा है, जो कि तस्करों के चंगुल से छुड़ाया जाता है। ऐसे में इस गोशाला को अधिक राशि की जरूरत पड़ती है। मुख्य सचिव ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और इनका निदान करने का आश्वासन दिया।

गोशाला में पूरन यादव एवं विनोद शर्मा ने गौशाला में बनने वाले शेड के कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा कराने की मांग रखी। जिस पर सीएस संजीव कौशल ने कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से बात करके पता करेंगे कि शेड का कार्य क्यों रुका हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी ही इस कार्य को पूरा करा दिया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम रवीन्द्र यादव, बिल्डर्स एसोसिएशन के नरेन्द्र यादव, दीप सिसाय, संजीव सैनी, बलजीत यादव, हीरा लाल, ब्रह्म प्रकाश यादव, ब्रह्म कौशिक, हरीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, राकेश यादव, पवन यादव, रविन्द्र यादव, विवेकानंद तिवारी, सुनील जिंदल तावडू, जय सिंह, पंडित कृष्ण मुरारी, सर्वेश, संजीव त्यागी, आशीष शर्मा, श्रवण दूबे, रजनीश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा आदि गौसेवक मौजूद रहे।



कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य सचिव संजीव कौशल।

# विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में ज्यादातर का मौके पर समाधान



गुरुग्राम के शिवजी पार्क क्षेत्र में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते क्षेत्र के लोग।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शिवजी पार्क क्षेत्र में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करके लोगों को राहत दी। बाकी समस्याओं के लिए अधिकारियों को बिना देरी के समाधान करने के आदेश दिए।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंचे। उनकी समस्याओं की सुनवाई व निपटारे के बाद विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनहित में काम करने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। उनका प्रयास रहता है कि लोगों के पास पहुंचकर ही उनकी समस्याओं को सुनें। उनका निराकरण करें। विधायक ने कहा कि सरकार के स्तर पर जनहित में अनेक कार्य प्रगति पर हैं। बहुत सी समस्याएं भी उनके सामने आती हैं। कभी वे अपने कार्यालय पर तो कभी विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में इनका समाधान वे करते हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते वे जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने का प्रयास करते हैं। छोटे-छोटे कार्यों पर भी वे नजर रखते हैं, ताकि किसी तरह की कोई कमी ना रह जाए। कार्यक्रम में एमसीजी, जीएमडीए, पुलिस, बिजली, डीटीपी व अन्य विभागों के सभी अधिकारी पहुंचे। इस अवसर पर चेयरमैन विरेन्द्र यादव, पार्षद नीरज यादव, शिवजी पार्क सुधार समिति के प्रधान दिनेश यादव, वेदपाल राघव, सुभाष यादव, विरेन्द्र फौजी, संतरा, बृजपाल, अजय यादव, कुमरपाल, देवेन्द्र सिह, विजय कुमार, पूरन, सोहनलाल, आरके गोयल, डीपी सिंह, अनुराग सिंह, राजीव ज्योति, ओमप्रकाश पुनिया, मुकेश कुमार, त्रिलोक, पुनीत झा, चिंतामणी, बनवारी लाल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदपुरा में नेत्र रोग और स्त्री रोग नि:शुल्क जांच शिविर लगा



**गुरुग्राम।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पटौदी के गांव मंदपुरा में सिविल हॉस्पिटल पटौदी के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशांत शर्मा व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति डबास के सहयोग से शिविर लगाया गया। अध्यक्षता सरपंच प्रवीण वीरेंद्र सिंह ने कही। इस शिविर में 120 के लगभग मरीजों ने आंखों की जांच कराई, जिनमें दस मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। करीब 50 महिलाओं ने भी अपनी जांच कराई, जिसमें बहुत सी महिला मरीजों में खून की कमी व आयरन की कमी पाई गई। सभी मरीजों को सिविल हॉस्पिटल में अपना इलाज कराने की सलाह दी गई। डॉ. सुशांत ने बताया कि जिन मरीजों की आज जांच की गई, वो सभी प्रत्येक मंगलवार वीरवार व शनिवार को उनसे मिलकर अपना चश्मा व ऑपरेशन करा सकते हैं। यह बिल्कुल मुफ्त होगा। संस्था के राष्ट्रीय मुख्य प्रभारी मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि उनकी संस्था समय समय पर इस प्रकार के नि:शुल्क शिविर का आयोजन कराती रहती है। मंदपुरा में शिविर में विशेष योगदान करण सिंह लखेरा का रहा। इस अवसर पर जिला सचिव भाजपा व फरूखनगर से उप प्रधान जयंती चौधरी, संस्था से चिराग गोयल, अशोक लखेरा, राजेश व्यास आदि मौजूद रहे।

### क्लब में छापेमारी कर पुलिस ने चरस, हेरोइन, कोकीन किया बरामद

**गुरुग्राम।** यहां कासा डांजा क्लब में मादक पदार्थ खरीदने, बेचने व सेवन करने की सूचना पर गुरुग्राम पुलिस की कई टीमों ने संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान वहां से 288 लोगों के लिए सेंपल भी लिए और अलग-अलग तरह के नशीले पदार्थ बरामद किए। जानकारी के अनुसार 27-28 जनवरी 2023 की रात को उद्योग विहार पुलिस थाना में सूचना मिली थी कि कासा डांजा क्लब उद्योग विहार फेस-3 में काफी लड़के व लड़कियां पार्टी करने पहुंचे हैं। क्लब प्रबन्धकों द्वारा उनसे रुपये लेकर मादक पदार्थ/नशीले पदार्थ उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस सूचना पर एसीपी उद्योग मनोज कुमार, एसीपी अपराध प्रीतपाल, एसीपी पूर्व डाक्टर कविता, सीआईए-17, सीआईए-31, सीआईए-39, सीआईए-40, सीआईए सिकंदरपुर, सीन ऑफ क्राइम टीम व पुलिस थाना विहार की टीमों ने सिविल सर्जन की टीम के साथ कासा डांजा क्लब में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीमों ने वहां पार्टी करने वाले 288 युवक-युवतियों को काबू करके उनके रक्त के नमूने लिए। साथ ही क्लब की छानबीन की। इस दौरान पुलिस को वहां से मादक पदार्थ व प्रतिबंधित नशीली दवाएं मिलीं। इसमें 10.67 ग्राम चरस, 6.30 ग्राम हेरोईन, 6.30 ग्राम कोकीन, 3.67 ग्राम एमडीएमए, 2.20 ग्राम गांजा, 3 टेबलेट (ऑरेंज), 3 टेबलेट (पिंक) व 3 टबलेट (ग्रीन) बरामद हुई। क्लब में मादक पदार्थों की बिक्री पर उसके मैनेजर समेत 6 लोगों के खिलाफ उद्योग विहार थाना में केस दर्ज किया गया।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार किया



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम इरफान है। आरोपी पलवल जिले के गांव रजपुरा का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-59 एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा व जिन्दा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी देसी कट्टे और जिंदा रोंद को बीसरु के अरसद से 2500/-रु में खरीद कर लाया था। अरसद पुलिस एनकाउंटर में 3/4 साल पहले मारा गया है। आरोपी पर झज्जर जिलें में काफी चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### वाहन चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार किया



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम ब्रजेश है, आरोपी फरीदाबाद के सराय ख्वाजा में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-12 एरिया से थाना शहर बल्लभगढ़ के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में एक सीएनजी ऑटो बरामद हुआ है। आरोपी ने ऑटो को बल्लभगढ़ एरिया से बेचने की नियत से चोरी किया था। आरोपी पहले भी अवैध हथियार के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# वाहन-सारथी पोर्टल: आधार वाली 22 सेवाओं का फेसलेस लाभ मिला

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है।

आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से संबंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, किराया खरीद समझौते का पृष्ठांकन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, परमिट की प्रतिलिपि जारी करना, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वाहन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर विजिट करें।




डीसी निशांत कुमार यादव।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सारथी पोर्टल पर चालक लाइसेंस से संबंधित सेवाएं सेवाएं जैसे प्रतिलिपि जारी करना, लाइसेंस का नवीनीकरण, लाइसेंस का प्रतिस्थापन, लाइसेंस में पते का परिवर्तन, लाइसेंस निकलवाने का प्रावधान, अंतरराष्ट्रीय चालक परमिट जारी करना, खतरनाक सामग्री को चलाने हेतु पृष्ठांकन, पहाड़ी क्षेत्र में चलाने हेतु पृष्ठांकन, लाइसेंस से वाहन की श्रेणी का समर्पण शामिल हैं। लाइसेंस सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर विजिट करें। सेवा का अधिकार अधिनियम अनुसार ऑनलाइन आवेदन से तय समय पर सुविधाएं दी जाएंगी।

# कादीपुर रैन बसेरे के पास अंधेरा, भीम नगर भीमगढ़ खेड़ी में पड़ा है कूड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगर निगम द्वारा बनाए गए एक रैन बसेरे के आसपास पड़ा कूड़ा। बस अड्डे पर महिलाओं के लिए बनाए गए रैन बसेरे पर लटका ताला।

**शहर** में नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरों में बाकी सुविधाएं तो हैं, लेकिन कई तरह की खामियां भी हैं। पिछले दिनों डीसी द्वारा रैन बसेरों का दौरा करके सुधार के दिए गए निर्देशों के बाद भी स्थिति नहीं सुधारी गई। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की टीम ने इन खामियों की शिकायत सुप्रीम कोर्ट, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस, जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरुग्राम, जिला उपायुक्त गुरुग्राम से की गई।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी ने शहर के रैन बसेरों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में शामिल कामरेड विनोद कुमार भारद्वाज व कामरेड राजेंद्र सिंह सरोहा ने निरीक्षण के बाद जानकारी साझा करते हुए बताया कि कादीपुर गांव में करीब साढ़े 9 बजे रैन बसेरा ढूंढते हुए पहुंचे। इस रैन बसेरे के आसपास काफी अंधेरा नजर आया। गली में भी लाइट की व्यवस्था नहीं थी। रैन बसेरा मुख्य सड़क से काफी अंदर है, ऐसे में उनके बारे में हर किसी को पता नहीं चल सकता। दूसरी समस्या इस रैन बसेरे में पानी की समस्या है। वहां के बाथरूम तो चालू मिले, लेकिन वहां टूटियां, वॉश बेसिन में टुटियां टूटी हुई मिली।

**भीम नगर के हालात काफी खराब मिले :** भीम नगर के रैन बसेरे की हालत भी बेहतर नजर नहीं आई। वहां कमरा तो काफी बड़ा है, लेकिन वहां पर एक बड़े क्षेत्र में नगर निगम के पुराने रिकॉर्ड रखा गया है। इस रैन बसेरे में खिड़कियों के शीशे टूटे हुए मिले, जिनमें से रात के समय ठंड आती रहती है। इसी तरह से वार्ड-10 में रेलवे स्टेशन स्टेशन के पास भीमगढ़ खेड़ी के रैन बसेरे के हालात तो बद से बदतर मिले। इस रैन बसेरे के बाहर व आसपास बहुत अधिक गंदगी पड़ी मिली। आसपास शौचालय की बदबू के कारण वातावरण बेहद ही खराब था। खाने, बाथरूम और पानी का कोई इंतजाम इस रैन बसेरे में नजर नहीं आया।

**सुखराली में पार्षद ने जगह देने से किया हुआ है मना :** सुखराली के सामुदायिक केंद्र के रैन बसेरे में भी टीम के सदस्य पहुंचे। वहां पर लिखे गए सभी मोबाइल नंबर पर कॉल की गई, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। यतिन के नंबर से कॉल थोड़ी देर बाद आई। उन्होंने कहा कि करीब छह किलोमीटर दूर कन्हई गांव में जाएं। वहां के रैन बसेरे में बिस्तर मिलेंगे। यहां (सामुदायिक केंद्र सुखराली) में अंदर जगह नहीं मिलेगी, क्योंकि यहां के निगम पार्षद अनूप भाम्भु ने रैन बसेरे के लिए सामुदायिक केंद्र में जगह देने से मना कर दिया है। कन्हई गांव के रैन बसेरे के हालात भी खस्ता ही थे। कई स्थानों पर रैन बसेरे ही नहीं थे, जबकि निगम ने अपनी सूची में वहां रैन बसेरे दिखाए हैं।

**गाड़िया लोहारों को प्रवेश नहीं :** रात दो बजे के बाद टीम के सदस्य शहर में पुराने जेल कॉम्पलेक्स में बने रैन बसेरे में पहुंचे। वहां के आसपास गाड़िया लोहार महिलाएं, पुरुष और बच्चे खुले में ही सोते मिले। वहां के गार्ड से पूछने पर पता चला कि नगर निगम की ओर से उन्हें रैन बसेरे में आने से मना किया गया है। सेक्टर-15 पार्ट-2 में रैन बसेरे कहीं नजर नहीं आए। जबकि निगम के रिकॉर्ड में यहां रैन बसेरे दर्शाए गए हैं।

# वन विभाग के खिलाफ घामडौज के बीपीएल परिवार जाएंगे अदालत

**237 बीपीएल परिवारों ने पंजाब वन अधिनियम 1980 के तहत नोटिसों का जबाव देने का दावा किया**

**वन विभाग ने अवैध कब्जों को तुरन्त प्रभाव से खाली कराने को दिए हैं नोटिस**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**घामडौज** के 237 बीपीएल कार्डधारकों ने वन विभाग के द्वारा दिए गए पंजाब वन अधिनियम 1980 के तहत नोटिसों का जबाव दिए जाने का दावा किया है। जल्द ही ग्रामीण वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिसों के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। वन विभाग द्वारा खंड की ग्राम पंचायत घामडौज के 237 बीपीएल कार्ड धारकों को नोटिस देते हुए सेक्शन 4/5 के तहत जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को तुरन्त प्रभाव से खाली कराने के नोटिस दिए गए थे।

इन नोटिसों का ग्रामीण वन विभाग को लिखित में जबाव देने का दावा कर रहे हैं। इसके साथ ग्रामीण वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिसों के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करेंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कवायद शुरु कर दी है। यहां के निवासी दिनेश का कहना है कि पंचायत विभाग ने ग्रामीणों को दो चरणों में अरावल पहाड़ी से लगती जमीन पर प्रदेश सरकार के आदेश पर 100-100 वर्गगज प्लाट काटकर दिए थे। पहली बार 1972 में 65 ग्रामीणों को तथा दूसरी बार 2012 में 172 नागरिकों को यह प्लाट उपब्ध कराए गए थे। 2012 में ग्राम पंचायत सरपंच रहे सतपाल चौपड़ा का कहना है कि तत्कालीन तहसीलदार से मंजूरी मिलने के बाद ही इस जमीन पर प्लाट काटे गए थे। जिसके लिए पंचायत की तरफ से प्रस्ताव पारित करके तहसीलदार से मंजूरी ली गई थी। जिसके रिकार्ड कागजात आज भी उनके पास है। रेवेन्यू विभाग ने उस समय प्लाटधारकों को सभी प्लाटों की रजिस्ट्रियां करके दी गई थीं। वहीं गांव के निवासी पवन का कहना है कि जरुरत पड़ने पर ग्रामीण अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। जिसके लिए सभी प्लाट धारक एकजुट हो रहे हैं।

> “ **ग्रामीणों** को दिए गए नोटिसों का उनके पास कोई जबाव लिखित में नहीं आया है। वन विभाग ने जब-जब भी प्लाट काटे हैं। तब-तब प्लाट धारकों को नोटिस दिए गए हैं। जल्द ही अवैध कब्जों का सफाया किया जाएगा।
>
> **संजय यादव (वन रेंज अधिकारी सोहना)**

# देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेन्द्र कुमार की टीम ने आरोपी को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमरात उर्फ अमन (22) है आरोपी फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सारन के एरिया प्याली रोड सारन से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कुछ दिन पहले मथुरा गया हुआ था। वहां से आते समय रास्ते में किसी अनजान व्यक्ति से अपने शौक के लिए देसी कट्टे 3000/ रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# यूएई में स्टार्टअप विकसित करने को भारतीयों का स्वागत

**फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से कार्यशाला में कही ये बातें**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फेडरेशन** ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (एफआईआई) की ओर से यहां एक होटल में वैश्विक निवेश परिदृश्य विषय पर कार्यशाला में न केवल नई उभरती संभावनाओं पर, बल्कि नवोदित और सक्षम स्टार्ट-अप के लिए धन व अन्य आवश्यकताओं पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त अरब अमीरात के महामहिम शेख माजिद राशिद अल मुअल्ला ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के महानिदेशक डॉ. दीपक जैन ने की।

शेख माजिद राशिद अल मुअल्ला ने भारत और यूएई के बीच निवेश की भविष्य की संभावनाओं पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय स्टार्ट-अप कैसे विकसित हो सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात में खुद को कैसे स्थापित कर सकते हैं, इस पर विस्तार से उन्होंने चर्चा की। उन्होंने यूएई में स्टार्टअप के लिए भारतीयों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूएई में उनका स्वागत है। उन्होंने और उनकी टीम में शामिल डॉ. कबीर व अन्य सलाहकार ने उन सुविधाओं के बारे में बात की, जो वे स्टार्टअप्स को प्रदान कर सकते हैं। व्यवसाय को बढ़ने में कैसे मदद कर सकते हैं। शेख ने भारतीय कारोबारियों द्वारा उठाई गई चिंताओं को समझने का प्रयास किया। शेख और उनकी टीम ने यूएई में व्यवसाय करने के तौर-तरीकों पर भी बात की। साथ ही बताया कि कैसे भारत के उद्यमी संयुक्त अरब अमीरात में आसानी से व्यापार कर सकते हैं।



फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित कार्यशाला में भाग लेते संयुक्त अरब अमीरात के महामहिम शेख माजिद राशिद अल मुअल्ला व अन्य सदस्य।

**भविष्य में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनते हुए देखें :** एफआईआई के महानिदेशक डॉ. दीपक जैन ने निवेश के नए क्षेत्रों पर बात की। दीपक जैन ने 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था हासिल करने के लिए नए अवसरों का पता लगाने के लिए आवश्यक प्रयासों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन्हें चिह्नित करें और निकट भविष्य में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनते हुए देखें। दीपक जैन ने कहा कि भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है और वैश्विक निवेशकों के सामने बहुत बड़ा अवसर है।

**शुरुआत में ही ईएसजी मापदंडों को लागू करें :** निवेश प्रकोष्ठ, एफआईआई निवेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीएम अतुल गुप्ता ने स्थिरता से संबंधित निवेश क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में, कोई भी संस्थान पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) मानदंडों को कितनी अच्छी तरह से पूरा कर रहा है। अच्छे निवेश की तलाश करने वाले स्टार्ट-अप के लिए महत्वपूर्ण हैं कि वे शुरुआत में ही ईएसजी मापदंडों को लागू करना शुरू करें।

इस कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के चेयरपर्सन हितेंद्र मेहता (इंटरनेशनल अफेयर्स), संजय गुप्ता (कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी), डॉ. शैलेंद्र व्यास (स्टार्टअप्स एंड स्किल डेवलपमेंट), यतींद्र खेमका (बैंकिंग एंड फाइनेंस), उदितंदु वर्मा (सोशल आउटरीच एंड मीडिया), दीपक मैनी (महासचिव, हरियाणा), रमनदीप सिंह ( सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, गुरुग्राम) एसपी अग्रवाल (महासचिव, गुरुग्राम), उद्योगपति अमन गुप्ता, मुकेश सखूजा (समन्वयक दिल्ली) समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# एचआईवी: जिले में 27 पॉजिटिव में दो ट्रांसजेंडर शामिल

**कविता।** फरीदाबाद

**असुरक्षित** यौन संबंद्ध को महिला पुरूषों में एचआईवी का प्रमुख कारण माना जाता था, लेकिन अब किन्नर भी एचआईवी का शिकार हो रहे हैं। बीके सिविल अस्पताल के एआरटी सेन्टर में ऐसे दो किन्नरों का उपचार चल रहा है।

गत माह जिले में 1368 लोगों ने जांच करवाई थी। जिसमें गर्भवती 301, पुरूष 735 और महिलाए 325 शामिल थी। जिसमें 27 पॉजिटिव पाए गए। पॉजिटिव में 19 पुरूष, पांच महिलाए, एक गर्भवती और दो टीजी/टीएस शामिल है। पॉजिटिव में दो दम्पति भी शामिल है। एड्स जागरूकता के लिए कई संस्थाएं शहर में काम कर रही हैं। एक संस्था के सर्वे में दो किन्नर एचआईवी पॉजीटिव पाए गए हैं। जो बीमारी होने के बाद चिकित्सीय चेकअप के लिए पहुंचे थे। जिसमें एचआईवी पॉजीटिव की पुष्टि हुई है। दोनों का जिले के एआरटी सेन्टर में उपचार चल रहा है। काउंसलिंग में ये भी पता चला है कि होमोसेक्सुअल होने के कारण दोनों इस गंभीर बीमारी के शिकार बने हैं।

### लगातार चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमः डॉ. रिचा


स्कूल परिसर में विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए करमजीत एंड पार्टी के सदस्य।

**कैसे होते हैं एचआईवी से पीड़ित :** विशेषज्ञों के मुताबिक अप्राकृतिक यौन संबद्ध बनाने में सबसे ज्यादा एचआईवी ग्रस्त होने की आशंका रहती है, क्योंकि ऐसे में यदि कोई भी व्यक्ति यौनजनित रोग या एचआईवी से पीड़ित हुआ तो रक्त के संपर्क में आते ही पार्टनर भी बीमारी से ग्रस्त हो जाता है। वहीं एक ही सीरिंज का बार बार अनेक लोगों द्वारा उपयोग करने या संक्रमित खून चढ़ाने से भी लोग इसके शिकार हो जाते हैं। मां या पिता संक्रमित हो तो उसके बच्चे में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**अधिकारी का कथन :** डिप्टी सीएमओ डॉ. रिचा बत्रा ने बताया कि एड्स जागरूकता के लिए शहर में कई संस्थाएं काम कर रही हैं। जिनके माध्यम से एचआईवी पॉजीटिव हमारे पास पहुंचते हैं। जिनकी काउंसलिंग के साथ ही दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। ये किन्नर भी ऐसी ही संस्था या चिकित्सीय चेकअप के दौरान एआरटी सेन्टर पहुंचे थे।

**किया जा रहा जागरूक :** डॉ. रिचा बत्रा ने बताया कि जिले में एचआईवी के लिए हरियाणा स्टेट ऐड्स कंट्रोल सोसायटी, पंचकूला द्वारा एचआईवी एड्स मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पीएचसी पल्ला के गांव तिलपत में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर करमजीत एंड पार्टी ने रागनी और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते ग्रामीणों को जागरूक किया।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के दौरान गर्भपात की दवा बेचते दो गिरफ्तार

### मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो लोगों को विभिन्न स्थानों से पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मेवला** महाराजपुर और सेहतपुर की सरपंच मार्केट में पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉक्टर मान सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की। जहां टीम ने छापा मारकर एमटीपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता को पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थी कि शहर में सरेआम एमटीपी किट (गर्भपात करवाने वाली दवा) बेची जा रही है। इस शिकायत पर मेवला महाराजपुर में गुरुग्राम और फरीदाबाद की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। गुरूग्राम की टीम के संग फरीदाबाद के सीनियर मेडिकल ऑफिसर कम पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह के नेतृत्व में मेवला महाराजपुर में परिमल सरकार के यहां छापा मारा। जहां उन्होंने नकली ग्राहक को एमटीपी किट खरीदने भेज दिया। जिसे परिमल सरकार ने एक हजार रुपये लेकर किट बेच दी। किट हाथ में लेते ही टीम के सदस्यों को नकली ग्राहक ने इशारा कर दिया। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपी परिमल सरकार को एक हजार रुपये में एमटीपी किट बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान एसएमओ डॉ मान सिंह के साथ डॉक्टर जगदीश पाराशर तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जहां उन्हें परिमल सरकार को पकड़ने के बाद उन्होंने सेहतपुर में सरपंच मार्केट में नेत्रपाल मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। वहां भी टीम ने एक नकली ग्राहक को मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट खरीदने के लिए भेजा। मेडिकल स्टोर संचालक नेत्रपाल ने एमटीपी किट नकली ग्राहक को पांच सौ रुपये नगद लेकर उपलब्ध करवा दी। टीम ने तुरंत मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर नकद राशि के साथ आरोपी नेत्रपाल को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस बारे में फरीदाबाद के सीनियर मेडिकल ऑफिसर कम पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एमटीपी की धारा-3, 4, 5 के तहत अलग-अलग कार्रवाई अमल में लाई गई है। जहां आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। डॉ. मान सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को पिछले काफी समय से मिल रही है। शनिवार विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को सफलता के साथ अमलीजामा पहनाने का काम किया है। मौके पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


एसएमओ डॉ मानसिंह की टीम एमटीपी एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस के हवाले करते हुए।

# कालाबाजारी करने वाले डिपो धारक पर सीएम फ्लाइंग ने कसा शिकंजा



जांच करते सीएम फ्लाइंग के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उडन दस्तकी टीम ने एक सूचना के आधार पर कुम्हारवाडा, बल्लबगढ में स्थित सरकारी राशन डिपो पर छापा मारा। डिपो धारक द्वारा राशन कार्ड धारकों को वितरित न करके उसकी कालाबाजारी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान उड़नदस्ते की टीम के साथ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश कुमार चैची ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर जगदीश निरीक्षक मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद द्वारा वीरेन्द्र सिंह खाद्य एंव आपूर्ति निरीक्षक फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ नेहा के राशन डिपो को चैक कराया गया। विरेन्द्र सिंह खाद्य निरीक्षण द्वारा इस राशन डिपो का भौतिक निरीक्षण करने व आनलाईन राशन का मिलान करने पर बाजरा 4900 किग्रा, गेंहू 3890 किग्रा व चीनी 90 किग्रा मुताबिक रिकार्ड कम पाई गई। जिस बारे राशन डिपो होल्डर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिससे प्रथम दृष्टया सरकारी राशन की कालाबाजारी की जानी पाई गई। इस संबंध में विरेन्द्र सिंह खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर स्थानीय पुलिस थाना शहर बल्लभगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कराया गया है।

# स्कूल में फन कैंप का समापन समारोह आयोजित


फन कैम्प में विजेता छात्रों के संग मुख्यातिथि व अध्यापक।

**फरीदाबाद।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव डीग में पांच दिवसीय फन कैंप का समापन समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक आनंद सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी का मुख्याध्यापक समर देशवाल एवं मुख्य अध्यापक रवि कांत गुप्ता, गांव के सरपंच जयवीर यादव, पंचायत समिति चेयरमैन चंद्रपाल राणा ओर गांव की सरदारी ने पगड़ी बांधकर कर फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक समर देशवाल ने की। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी आनंद सिंह जी ने कहा इस तरह के आयोजन करने से बच्चों की प्रतिभाएं सामने आती हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी ने बच्चो को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। ओर कहा कि ग्रामीण अंचल में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य सागरपुर रजनी देवी, डॉ रीना यादव, जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, रघु वत्स भविचंद, भूपेंद्र, निशा रानी, माया शर्मा, सोमदत्त शास्त्री, चरणसिंह, विक्रम सिंह, तेजपाल यादव, अन्य सभी अध्यापकगण ओर गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने जनता की समस्याएं सुनकर मौके पर निपटाई

### इंदिरा काम्पलैक्स पार्ट तीन में जनता ने किया विधायक का जोरदार स्वागत


इंदिरा काम्पलैक्स पार्ट तीन (गड्ढा कॉलोनी) में स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेते विधायक राजेश नागर व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** के विधायक राजेश नागर ने इंदिरा काम्पलैक्स पार्ट तीन (गड्ढा कॉलोनी) में मौके पर जाकर लोगों की मांगें सुनीं और उन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्थानीय जनता ने विधायक का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। लोगों ने विधायक राजेश नागर को बताया कि उनके क्षेत्र में अमृत योजना एक में बचे क्षेत्रों में सीवर लाइनों को जल्द डलवाया जाए और सभी सीवर लाइनों को चालू करवाया जाए, इसके साथ कच्ची पड़ी तीन गलियों को भी जल्द बनवाया जाए। लोगों ने बताया कि क्षेत्र का पूरा नक्शा न होने के कारण थोड़े से क्षेत्र में सीवर की लाइनें नहीं डल पाई थीं, जिन्हें अब जल्द पूरा करवाया जाए।

उन्होंने विधायक को क्षेत्र का मौका मुआयना भी करवाया। विधायक राजेश नागर ने बताया कि उन्होंने पूरे क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया है। इसमें ज्यादा बड़ा क्षेत्रफल नहीं है लेकिन इसे अमृत योजना दो में पूरा करवाया जाएगा। इसके लिए जल्द से जल्द बजट बनवाकर टेंडर की प्रक्रिया को शुरु करवाएंगे। वहीं बनने से रह गई तीन गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल लगाने का काम भी बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा। नागर ने कहा कि वह नगर निगम के अधीक्षक अभियंता से इस बारे में बात कर लोगों को जल्द राहत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की बहुत महत्वपूर्ण मांग है जिसे प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से जारी हैं। जिसके कारण लोगों का जीवन स्तर सुधार की ओर बढ़ रहा है। हम ऐसे क्षेत्रों में खुद जा रहे हैं जहां विकास की बहुत जरूरत है।

# वाहन चोरी की गिरफ्तारी से कई वारदातें सुलझी

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों कि धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचागांव प्रभारी जगबीर कि टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शौकीन है आरोपी नूह जिले के गांव तिरवाडा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सराय ख्वाजा के चोरी के मामले में दिल्ली से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ की आरोपी मौहम्मद अख्तर के साथ वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। अख्तर को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। आरोपी से पूछताछ में चोरी के 2 अन्य मामलों का खुलासा हुआ है।

# बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना में तीन और शेष, लाभ उठाएं लोगः खत्री

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


अमित खत्री।

**बिजली** बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 जनवरी 2023 तक बढ़ा दी गई है। यह योजना 31 दिसंबर 2022 तक थी जिसे बढ़ाया गया है। अनेक बिजली उपभोक्ता अभी भी अपने बकाया बिलों का भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें यह अवसर दिया जा रहा है। बकायादार उपभोक्ता 31 जनवरी से पहले इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सभी ऑपरेशन कार्यालय रविवार अवकाश के दिन भी खुलेंगे। बिजली बिलों की सरचार्ज माफी योजना और बकाया राशि की वसूली के सभी लंबित कार्यों के अनुपालन के लिए 29 जनवरी को कार्यालय खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ सभी कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निजी, कृषि और सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिनका बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। उनके बकाया बिल राशि के एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है।

जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, वे सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा कर अपने कनेक्शन ले सकते हैं। बकायादार उपभोक्ता अपने बिजली बिल की मूल राशि का एक हिस्सा जमा करके अपना कटा हुआ बिजली कनेक्शन जुड़वा सकते हैं। शेष राशि को लगातार 6 किश्तों में मूल भुगतान के साथ-साथ वर्तमान बिल का भी भुगतान करना होगा। यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी व्यक्तिगत घरेलू और कृषि श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए भी लागू होगी।

**ये उपभोक्ता उठा सकते हैं लाभः** जिन उपभोक्ताओं के बिल विवाद के मामले किसी भी न्यायिक फोरम में चल रहे हैं, वे इसी समय अपना मामला वापस लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। केस वापस लेने की स्थिति में उन्हें भी इस योजना का लाभ मिल सकता है। यह सुनहरी अवसर है और ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता इसका लाभ उठायें। उपभोक्ता अपने बिल के विवाद को निपटाने के लिए संबंधित उपमंडल कार्यालय में संपर्क करें। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि अनेकों उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाया है। जिसमें सिंचाई, जन स्वास्थ्य, पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम आदि सरकारी विभागों और निजी उपभोक्ता शामिल हैं। अन्य बिजली बिल के बकायादार उपभोक्ता भी 31 जनवरी 2023 से पहले इस सरचार्ज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# एक्सिस क्रिकेट अकादमी ने छह विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया और यह लीग मैच एक्सिस क्रिकेट अकादमी और जे बी स्पोर्ट्स के बीच खेला गया।

इस मैच में एक्सिस क्रिकेट अकादमी ने जेबी स्पोर्ट्स को 6 विकेट से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 35 ओवर का था और जे बी स्पोर्ट्स ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। जे बी स्पोर्ट्स ने पहले बैटिंग करते हुए 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 174 रन का लक्ष्य दिया । जेबी स्पोर्ट्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सूर्यांश ने 94 गेंदों पर 14 चौकों और 1 छक्के की मदद से सर्वाधिक 109 रन बनाए इसके इलावा वियोम ने 46 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 38 रन बनाए। एक्सिस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कुशल ने 4 ओवर में 1 मैडेन 19 रन देकर 2 , देव और साहिल ने 1/1 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एक्सिस क्रिकेट अकैडमी ने 29.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की।

# थैलासीमिया पर विशाल वेबिनार का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इनर** व्हील फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउनक्लब की अध्यक्ष संदीपिका वशिष्ट, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन माला ऋषि, डिस्ट्रिक्ट संपादक सुगंधा भारती के द्वारा थैलसीमिया पर एक विशाल वेबिनार का आयोजन किया गया। जैसा की भारत को दुनिया की थैलेसीमिया राजधानी के रूप में जाना जाता है। यह बीमारी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है, लेकिन फिर भी हमें इसके बारे में जानकारी नहीं है थैलासीमिया के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है।

इसी को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन ने थैलेसीमिया पर एक वेब सेमिनार का आयोजन किया ताकि आनुवंशिक बीमारी पर अधिक जागरूकता पैदा हो सके। इस सेमिनार में देश के विभिन्न इलाकों के लोगों में बड़े ही उत्साह से हिस्सा लिया सब से पहले फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने संस्था के बारे में विस्तार से बताया की जब संस्था की स्थापना वर्ष 1995 की गयी थी उस समय तो बहुत सरे डॉक्टर्स को भी थैलासीमिया के बारे में जानकारी नहीं थी आम लोगो को तो दूर-दूर तक नहीं मालूम था थैलासीमिया है ही क्या। जानकारी के अभाव में ही आज भी थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों का पैदा होना जारी है। हरीश रतरा ने बताया की उस समय रक्त की कमी व दवाइयों के अभाव के चलते बच्चों की आयु 8 दस साल तक ही सिमित रह पति थी लेकिन संस्था के पर्यासो से आज बच्चो को रक्त एक फोन कॉल पर ही रोटरी ब्लड बैंक से मिल जाता है व साथ ही बने थैलासीमिया यूनिट में रक्त सुविधापूर्वक चढ़ जाता है थैलासीमिया डे केयर सेंटर जो रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाउन द्वारा बनाया गया है जिसके लिए रोटेरियन सतीश गोसाईं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस के बाद संस्था के फाउंडर महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने थैलासीमिया पर विशेष प्रकाश डाला। रविंद्र डुडेजा ने बताया की फरीदाबाद के सभी जाने माने हॉस्पिटल्स में निःशुल्क रक्त मिल जाता है व निःशुल्क चढ़ा भी दिया जाता है। रविंद्र डुडेजा ने कहा की उन्हें कहते खुशी है, की ऐसा फरीदाबाद में ही हो रहा है। फाउंडेशन की सबसे बड़ी उपलब्धि थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो को पुरे देश में निःशुल्क रक्त प्रदान करवाना व् थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो को को दिव्यांग श्रेणी में रखवाना।

## संक्षिप्त समाचार

### बीए चतुर्थ सेमेस्टर के लिए पूर्व छात्र व्याख्यान आयोजित



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग ने शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया। हमारी पूर्व छात्रा, कविता ने ध्वन्यात्मकता और सही उच्चारण की आवश्यकता पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने द्वितीय वर्ष के छात्रों को ध्वनि प्रतीकों के बारे में समझाया। उन्होंने उन्हें सही उच्चारण और सही वर्तनी की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने आगे बताया कि आज के परिदृश्य में खुद को स्पष्ट करने और गलतफहमी और गलत संचार से बचने के लिए सही उच्चारण महत्वपूर्ण है। छात्रों ने कविता से भी अच्छी बातचीत की। उसने उनकी शंकाओं को लिया और उनके प्रश्नों का पूरी तरह से उत्तर दिया। व्याख्यान से 100 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। एलुमनाई व्याख्यान का समन्वय संकाय सदस्यों, डॉ. सारिका, डॉ. इनायत, विजया और शैली द्वारा कमल टंडन, विभागाध्यक्षा, अंग्रेजी विभाग की देखरेख में किया गया था। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने इस तरह के व्याख्यान आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी।

### कॉलेज में मनाया गया प्रेरणा दिवस

**फरीदाबाद।** महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान तथा आर्य केन्द्रीय सभा फरीदाबाद के तत्वधान से शनिवार को संस्था प्रधान महान विभूति महात्मा कन्हैया लाल महता तथा डॉ. विमल महता की पुण्य तिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में केएल महता दयानंद महिला महाविद्यालय के सभागार में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान ओम योग संस्थान के संस्थापक योगी राज ओम प्रकाश महाराज पहुंचे। संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति से किया गया। तत्पश्चात विभिन्न के एल महता दयानंद विद्यालयो से आई शिक्षिकाओं तृषा, प्रतिभा, अभिलाषा तथा छात्रों ने अपने भजनों के माध्यम से स्वामी दयानंद एवं महता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय से आए छात्रों ने अपने नृत्य से समा बांध दिया। तत्पश्चात केएल महता दयानंद विद्यालय के छात्रों को अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता ने सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि ने महता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा महता के जीवन तथा उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महता का जीवन एवं सामाजिक कार्यों को हम सभी के लिए अनुसरणीय बताया। आर्य समाज के गणमान्य विद्वानों एवं फरीदाबाद के गणमान्य महानुभावों ने महता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का अंत दयानन्द सरस्वती की आरती एवं शांति पाठ से किया गया। अंत में ऋषिलंगर की व्यवस्था की गई थी।

### यमुना रक्षक दल ने अनिल रावल को किया सम्मानित




**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने रावल एजुकेशनल सोसायटी के वाइस चेयरमैन अनिल रावल को राधे-राधे शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. आरएन सिंह ने अनिल रावल को संत जयकृष्ण दास महाराज का आशीर्वाद अग्रसारित करते हुए यमुना रक्षक दल के क्रिया-कलापों पर व्यापक रूप से चर्चा किए। अनिल रावल ने यमुना रक्षक दल के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों के अतिरिक्त यमुना रक्षक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी शरीफ आजम विशेष रूप से उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय में पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता आयोजित



**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द 7 हैबिट्स ऑफ हाइली इफेक्टिव पीपल पुस्तक की विद्यार्थियों ने बहुत संतुलित समीक्षा की। इस प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, नकुल द्वितीय और कुनाल तीसरे स्थान पर रहा। तीनों विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन एसएफईटी के सहयोग से दुधौला स्थित केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा किया गया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रदर्शन मूल्यांकन टीम ने विभिन्न पक्ष की समीक्षा कर विजेताओं के नाम घोषित किए और सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉक्टर जितेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि कुलपति श्री राज नेहरू की प्रेरणा से इस तरह की प्रतियोगिताएं शुरू की गई है, ताकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास हो और वह विश्व की सफल हस्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. रविंदर, डॉ. संजय सिंह, डॉ. आंचल खत्री, डॉ. मीनाक्षी और दीप्ति और नताशा भी मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री लोगों के दुःख सुख में हुए शामिल



**बल्लभगढ़।** जन्म और मृत्यु विधाता के विधान की कडवी सच्चाई है। जिसने जन्म लिया है,उसकी मृत्यु भी सुनिश्चित होती है। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को समाज में कई जगह लोगो के दुःख-सुख में शामिल होते हुए यह बात कही। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने गांव चंदावली में बल्लबगढ़ से पार्षद उर्मिला सैनी के देवर और बुद्धा सैनी के छोटे भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं जैन कालोनी में अनूप आढ़ती की माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। इसके उपरांत सेक्टर-2 में चेन सिंह की आस्मिक मौत पर दुःख प्रकट कर उनके परिवार जनों का ढांढस बढाया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने गांव ककडीपुर में अपने पुराने साथी रहे श्री महावीर शर्मा के निधन शोक व्यक्त किया। परिजनों को सांत्वना देते हुए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि सभी दिवंगत को अपने श्री चरणों में स्थान और शांति प्रदान करें।

### लापता किशोरी को परिवार से मिलाया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 20 दिन पहले घर से लापता हुई 19 वर्षीय महिला को सकुशल बरामद किया है। विगत 6 जनवरी को अपने घर से लापता हुई 19 वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से महिला का गाजियाबाद विजय नगर का पता लगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए तुरंत क्राइम ब्रांच कैट टीम ने महिला को बरामद कर लिया है। महिला के परिजनों को सूचन दी गई। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई। जिसमें महिला ने बताया कि उसका किसी बात को लेकर परिवार के साथ गृह क्लेश चल रहा था। जिससे नाराज होकर महिला बिना बताए घर से निकल गई थी। परिवारजनों को हिदायत देते हुए सकुशल हवाले कर दिया है।

### राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक में प्रगति की समीक्षा

# नेपाल की गंडकी नदी के पत्थरों पर उकेरी जाएगी भगवान श्रीराम की बाल रूप मूर्ति

**मूर्ति को गर्भगृह में रखा जाएगा जो अगले साल जनवरी में मकर संक्रांति तक बनकर तैयार हो जाएगी**



**भाषा।** अयोध्या

**राम मंदिर** भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक अयोध्या में शनिवार से शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने की और ट्रस्ट के सचिव चंपत राय तथा ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने भी इसमें हिस्सा लिया। ट्रस्ट सूत्रों के अनुसार बैठक में मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई और गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की नई मूर्ति की नक्काशी तथा प्रतिमा स्थापित किए जाने पर भी चर्चा हुई।

निर्माण समिति की पिछली बैठक पांच जनवरी को हुई थी और एक महीने में यह दूसरी बैठक थी। ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने पीटीआई-भाषा से कहा,"मंदिर निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई और यह बैठक रविवार को भी जारी रहेगी" इस बीच, राम जन्मभूमि पर रामलला की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी की विशेष चट्टानें बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंचेंगी। इस पत्थर पर उकेरी गई भगवान राम की बाल रूप की मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा, जो अगले साल जनवरी में मकर संक्रांति तक बनकर तैयार हो जाएगा। नेपाल के मुस्तांग जिले में शालीग्राम या मुक्तिनाथ (शाब्दिक रूप से"मोक्ष का स्थान") के करीब एक स्थान पर गंडकी नदी में पाए गए छह करोड़ वर्ष पुराने विशेष चट्टानों से पत्थरों के दो बड़े टुकड़े बुधवार को नेपाल से रवाना कर दिए गए हैं जो बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंचेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा, ए शालीग्राम शिलाएं छह करोड़ साल पुरानी हैं। विशाल शिलाएं दो अलग-अलग ट्रकों पर नेपाल से अयोध्या पहुंचेंगी। एक पत्थर का वजन 26 टन और दूसरे का वजन 14 टन है" गुप्ता ने कहा, "विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पंकज बुधवार को नेपाल के मस्तंग जिले से दो पवित्र शिलाओं की खेप लेकर चल दिए हैं और उनके बृहस्पतिवार तक अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।

# एएमयू में गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मजहबी नारा लगाने वाले छात्र पर मुकदमा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) परिसर में गणतंत्र दिवस के जश्न के बाद मजहबी नारा लगाने के आरोप में स्नातक के एक छात्र के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुलदीप सिंह गुणावत ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें दो अलग-अलग समूहों में शामिल युवा भारत माता की जय और अल्लाहु अकबर के नारे लगाते दिख रहे हैं। यह घटना एएमयू में गणतंत्र दिवस समारोह के फौरन बाद की बताई जाती है। गुणावत के मुताबिक, मामले में बन्ना देवी क्षेत्र के रहने वाले योगेश वार्ष्णेय नामक व्यक्ति ने एएमयू में बीए प्रथम वर्ष के छात्र वहीदउज्जमां के खिलाफ राष्ट्र विरोधी नारेबाजी करने के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153-ख (राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन प्राख्यान) और 505 (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या दुर्भावना पैदा करने के इरादे से झूठा बयान) के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। गुणवत्ता के अनुसार, वीडियो की प्रामाणिकता जांचने के लिए उनकी फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। इस बीच, एएमयू के प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी छात्र को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बात की भी जांच की जा रही है कि आखिर यह नारेबाजी क्यों हुई। इससे पहले, अलीगढ़ से भाजपा सांसद सतीश गौतम ने पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्वाई करने की मांग की थी।

## राष्ट्रगान के अपमान का आरोपी हिरासत में

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रेलवे रोड क्षेत्र स्थित ईदगाह मोहल्ले में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रगान का अपमान किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनमें से एक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक राष्ट्रगान के दौरान अपमानजनक तरीके से नृत्य करता दिखाई दे रहा है। वहीं, उसके साथ खड़ा एक अन्य युवक हंसता, जबकि तीसरा युवक वीडियो बनाता नजर आ रहा है।

# थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें

**उरई** (जालौन)। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक व ईरज राजा ने समाधान थाना दिवस उरई कोतवाली में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान थाना दिवस में आए जमीनी विवादों को राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारण करें।उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान थाना दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस में जो शिकायतें प्राप्त होती हैं ऐसी सभी शिकायतों को अपनी नोट डायरी में अंकित रखें ताकि समय से उक्त शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान थाना दिवस में सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी शिकायतों को लेकर भटकना न पड़े। फरियादियों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जाएगी यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों को समय अवधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाधान थाना दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष शिव कुमार राठौर सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्या निस्तारण में लापरवाही न होगी बर्दाश्त:डीएम

**उरई** (जालौन)। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा आयोजित सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान हेतु उनका कार्यालय हर समय तत्परता से कार्य करेगा सैनिकों की समस्या को प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। पूर्व सैनिकों द्वारा बैठक के दौरान शस्त्र लाइसेंस, पूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिक की पत्नियों ने आदि समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य बड़ा है क्योंकि इस बैठक में सैनिकों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होती है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि कोई भी सैनिक अगर अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए आपके कार्यालय आया तो उसका प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए यह आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुनील दत्त शर्मा आदि संबंधित मौजूद रहे।

# प्रधान से मारपीट और बदसलूकी के मामले में दो दरोगा लाइन हाजिर

**फतेहपुर।** मंडासरायं प्रधान से मारपीट और बदसलूकी के आरोप में थरियांव थाने में तैनात दो दरोगाओं को एसपी ने लाइन हाजिर किया है। मामले की सीओ थरियांव को जांच सौंपी गई है। दरोगाओं पर 35 हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया गया है। थरियांव थाने के मंडसरायं गांव में 25 जनवरी की रात अल्लीपुर बहेरा बारात आई थी। गांव के भदईलाल की पत्नी रीमा देवी बारात में आए कार सवार ने एक युवक को टक्कर मार दी। मौके से कार चालक के भागने पर ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। प्रधान किशन पांडेय सूचना पर पहुंचे। प्रधान ने किसी तरह चालक को बचाया। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह को सूचना दी। थानाध्यक्ष ने प्रधान को चालक को थाने लाने की बात कही। प्रधान ने बताया कि चालक को लेकर थाने पहुंचा जहां एसएसआई सत्यप्रकाश, एसआई सन्नेश बाबू गौतम ने उल्टा प्रधान पर चालक को पीटने का आरोप लगाकर पीटा और गाली गलौज की। प्रधान का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने 35 हजार रुपये भी छीन लिए। इसके बाद आरोपी कार चालक को भगा दिया। मामले की एसपी राजेश कुमार सिंह से प्रधान ने शिकायत की। एसपी ने दोनों दरोगाओं को लाइन हाजिर किया है। प्रकरण की सीओ थरियांव दिनेश चंद्र मिश्रा को जांच के आदेश ?दिए हैं। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि दरोगाओं ने गलत व्यवहार किया है। इसी आधार पर लाइन हाजिर हुए हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बलिया।** जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र में बकरियों को रेल की पटरी से बचाने की कोशिश में 13 वर्षीय एक लड़का ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छीतनहरा गांव में संतोष कुमार चौहान (13) शुक्रवार को रेलवे ट्रैक के पास बकरी चरा रहा था। उन्होंने बताया कि बकरियों को रेलवे ट्रैक से हटाने की कोशिश में वह मऊसे बलिया जा रही गरीब नवाज ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हत्या के प्रयास के मामले में सपा विधायक नाहिद हसन बरी

**भाषा।** मुजफ्फरनगर

**शामली** जिले की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने कैराना सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक नाहिद हसन को वर्ष 2019 के हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में बरी कर दिया है। हसन के वकील राशिद अली चौहान ने शनिवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सपा विधायक हसन और हैदर अली नामक एक अन्य अभियुक्त को सुबूतों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अपर शासकीय अधिवक्ता सतेंद्र धिरयान ने बताया कि बिजली विभाग के उपमंडलीय अधिकारी नाजिम अली ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 11 जुलाई 2019 को वह अपने सहयोगियों के साथ झींझाना स्थित एक बिजली उपकेंद्र जा रहे थे, तभी रास्ते में नाहिद हसन, हैदर अली और अन्य ने उनका वाहन जबरन रोककर जान से मारने की नीयत से उनके एक साथी से मारपीट की। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि हसन बिजली चोरी के मामले में कुछ लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे थे और उनकी बात न मानने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में नाहिद हसन, हैदर अली और अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा डालने तथा अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। हसन को 15 जनवरी 2022 को गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने जेल से ही कैराना विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। बाद में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हसन को सशर्त जमानत दे दी थी। वह बीते वर्ष तीन दिसंबर को जेल से रिहा हुए थे।

## 29 को लगायी जायेगी कोरोना वैक्सीन

जालौन (उरई)। कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन कराने के लिए रविवार को नगर में महाकैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 29 जनवरी 23 रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहल्ला हरीपुरा के अलावा मोहल्ला रावतान व चुर्खीबाल में कोवीशील्ड की टीका लगाया जायेगा। यह जानकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा प्रभारी डा. सहन बिहारी गुप्ता ने दी है।

# एएसपी ने सुनीं समस्यायें

**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में मऊ एवं बरगढ थाने में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गये। शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम को निर्देश दिये कि भूमि विवाद के मामले मौके पर जाकर निस्तारित करें। उन्होंने बताया कि सभी समस्याओं का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस के मामलों की समीक्षा मुख्यमंत्री करते हैं। ऐसे में समस्या निस्तारण में कोताही न बरतें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, बरगढ थानाध्यक्ष योगेश कुमार तिवारी व राजस्व तथा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर चौकी सीतापुर प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने पंकज मिश्रा पुत्र रामशरण मिश्रा निवासी नींबी भंभई के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

## अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की अंबेडकर प्रतिमा : एक आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** जिले के रेवती क्षेत्र में बौद्ध मठ में स्थापित अम्बेडकर प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के चौबे छपरा गांव के बौद्ध मठ में स्थापित अम्बेडकर प्रतिमा को शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। उधर, प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बातचीत कर कार्वाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

# बागेश्वर धाम के समर्थन में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

**जालौन** (उरई)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में हिंदू कार्यकर्ता उतर आए हैं। हिंदू संगठन के लोग एकत्रित हुए और रैली निकालकर अंधश्रद्धा मूलक समिति का विरोध किया तथा पीठाधीश्वर का समर्थन किया। शनिवार को हिन्दू संगठनों ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में नगर की सड़कों पर रैली निकाली।विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं परंपराओं पर कुठाराघात किया जा रहा है सनातन धर्म के अनुयायियों को पाखंडी बताकर धर्म विशेष के प्रति कुचक्र रचा जा रहा है। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री पर श्याम मानव द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं। वह बेहद सुनियोजित है। इसके विरोध में आज बड़ी माता मंदिर से एक विशाल विरोध यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग झंडा चौराहा, बस स्टैंड, पानी की टंकी तहसील मार्ग होते हु देवनगर चौराहे पहुंची। कोतवाली के सामने से निकल कर काली माता मंदिर, टाउन बिजलीघर के सामने से पुन: बड़ी माता मंदिर परिसर पहुंची जहां इसका समापन हुआ स धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में निकाली गयी रैली में बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रवादी हिंदू महासभा आदि के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रुप से मानवेंद्र सिंह परिहार नगर संयोजक , भोले महाराज नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, अनूप दीक्षित हिन्दू युवा वाहिनी, धीरज बाथम, अभय राजावत भाजपा नगर अध्यक्ष , मीनू सेंगर, वाचस्पति मिश्रा, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, पुनीत मित्तल, राजा सिंह सेंगर, डां बृजेंद्र दुबे, दिनेश लोहिया आदि उपस्थित रहे।

## युवक की हत्या के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने 25 वर्षीय युवक की हत्या कर उसके शव को डिडौली गांव के पास गंग नहर में फेंकने के आरोप में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में मृतक कृष्ण कुमार के पिता मुनेश कुमार ने उसके लापता होने के दो दिन बाद 24 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुरादनगर पुलिस के थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया, आरोपी युवकों की पहचान डिडौली गांव के मोनू, सुमित और पुनीत के रूप में हुई है और उनकी उम्र 20 वर्ष के आसपास है। उन्हें शनिवार दोपहर सौंडा गांव नहर पुल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त दो धारदार हथियार व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले सुमित के पिता अनिल और कृष्ण कुमार के पिता मुनेश के बीच मारपीट हुई थी जिसमें सुमित भी घायल हो गया था।

# हमारे सैनिक सीमा पर देश की रक्षा करते हैं, हम तभी चैन की नींद सोते हैं: मंत्री

**फर्रूखाबाद।** 74 वां गणतंत्र दिवस पुलिस लाइन मैदान में धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले राज्य सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।उसके बाद शांति के प्रतीक सफेद कबूतर,गुब्बाढ आकाश में छोड़े। मंत्री जी ने अपनी विशेष गाड़ी से दस बटालियनो का निरीक्षण किया ।तत्पश्चात एन सी सी,महिला व पुरुष दस वटा लियनो ने मार्च पास्ट किया। मंत्री महोदया ने पुलिस परेड की सलामी ली। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हो गया। लेकिन 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ। इसी को लेकर गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाताहै।भारतीय सैनिकों पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहां कि हमारे सैनिक सीमा पर खड़े होकर देश की रक्षा करते हैंऔर हम सभी चैन की नींद सोते हैं। ऐसे में सैनिकों की कुर्बानियां एवं शहादत कभी बेकार नहीं जाएगी क्योंकि हमारे सैनिक देश की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने हम सभी से देश की एकता , अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने के लिए एकजुटता बनाए रखने की अपील की। अंत में उन्होंने वसंतोत्सव एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद, जय भारत का नारा गाते हुए अपनी वाणी को विराम दिया। पुलिस लाइन के मैदान में विधालय के छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक बच्ची ने भजन प्रस्तुत किया।

# नशेड़ी की दबंगई, स्कूल में घुस बच्चों व शिक्षकों को पीटा

**चित्रकूट।** जिले में एक दबंग युवक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। युवक शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल में घुसकर बच्चों की पिटाई करने लगा। बच्चों को बचाने जब स्कूल के शिक्षक आये तो नशेडी ने टीचरों से भी मारपीट शुरु कर दी। ये मामला है जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के हस्ता गांव का। बताया गया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय की शुक्रवार को क्लास चल रही थी। इसी बीच गांव का शराबी युवक रोहित स्कूल में घुस आया। बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। वहां पढा रहे सहायक अध्यापक प्रेमनारायण ने विरोध किया तो रोहित ने उनका कालर पकडकर उनसे भी मारपीट करने लगा। स्कूल में मारपीट और बच्चों की चींखे सुनकर ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई। लोगों के डर से कुछ सेकेंड में आरोपी स्कूल की चहारदीवारी फांदकर फरार हो गया। शिक्षक ने आरोपी के खिलाफसरधुआ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्जकर तलाश शुरु कर

# खेल-खेल में बच्चों को दी जायेगी महत्वपूर्ण शिक्षा, केवल छह विद्यालय हुये चयनित

**हमीरपुर।** शासन ने पहली बार प्रदेश में गिने चुने प्राथमिक विद्यालयों में बिल्डिंग एड लर्निंग एड (बाला फीचर्स) कार्यक्रम के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देने का फैसला किया है। जिले में फिलहाल छह स्कूलों का चयन किया गया है। इसके लिए सवा लाख रुपये का बजट आवंटित कर दिया गया है। केंद्र सरकार का अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बताया जाता है।बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक (डीसी) विपिन कुमार ने बताया कि बच्चों को दिमाग विकसित करने के लिए बाला फीचर्स कार्यक्रम के तहत शासन की ओर से योजना तैयार की गई है। जिसमें बच्चों को विद्यालय इमारत को दिखाकर ज्ञान विकति किया जाएगा। बच्चों को सीढ़ियों में चढ़ाकर गिनती दिखाना, उतरते समय बच्चों को उल्टी गिनती सिखाना है। इसी प्रकार से दरवाजे दिखाकर कितने अंश पर कौन दरवाजा है किस प्रकार का कोण बना रहा है। मेज कुर्सी कूड़ेदान दिखाकर उसे गणतीय ढंग से वृत त्रिज्या आदि का ज्ञान कराना, ब्लैक बोर्ड में विभिन्न प्रकार के फल फूल लूडो सांप सीढ़ी आदि बना करके ज्ञान विकसित कराया जाएगा।

# 70 साल के ससुर ने 28 वर्ष की बहू से ब्याह रचाया

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में 70 साल के एक बुजुर्ग के 28 साल की अपनी बहू के साथ शादी रचाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों के बीच यह शादी चर्चा का विषय बन गई है। बड़हलगंज पुलिस थाना के चौकीदार कैलाश यादव (70) इस क्षेत्र के छपिया उमराव गांव के निवासी हैं। पांच दिन पहले उन्होंने अपनी विधवा बहू पूजा से एक मंदिर में विवाह कर लिया। पूजा महज 28 वर्ष की है और वह चार साल पहले अपने पति की मौत के बाद से ही अपने ससुर के साथ रह रही है। पूजा उम्र में कैलाश से 42 वर्ष छोटी है, लेकिन उसने अपनी मर्जी से उसके साथ शादी की है। बड़हलगंज पुलिस थाना ने इस बात की पुष्टि की है कि इस अनोखी शादी के संबंध में दोनों में से किसी की ओर से भी कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक, कैलाश के तीन बेटे थे, जिनमें से पूजा का पति सबसे छोटा था। उसका बड़ा बेटा भी छपिया उमराव गांव में रहता है, जबकि दूसरा बेटा बड़हलगंज पुलिस थाना के लिए भोजन बनाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चूंकि शादी के कुछ ही समय बाद पूजा के पति की मौत हो गई थी, इसलिए उसकी कोई संतान नहीं है और कैलाश की पत्नी 12 साल पहले गुजर गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से कुछ लोग पूजा से शादी करने में रुचि दिखा रहे थे, लेकिन कैलाश ने उसे खुद ही शादी का प्रस्ताव दे दिया, जिसके बाद दोनों ने एक मंदिर में ब्याह रचा लिया।

# गुजरात में सिलसिलेवार बम धमाकों की धमकी देने का आरोपी हिरासत में

**बलिया।** गणतंत्र दिवस पर गुजरात के अहमदाबाद में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस ने बलिया के मनियर क्षेत्र से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गुजरात पुलिस की तीन सदस्ईय टीम ने शुक्रवार की रात मनियर थाना क्षेत्र के देवरार गांव से ओम प्रकाश पासवान नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उसे अपने साथ लेकर गई है। सूत्रों के अनुसार अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त कार्यालय को गत 25 जनवरी को धमकी भरा पत्र मिला था। इस चिट्ठी में अहमदाबाद में रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड समेत विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि गुजरात पुलिस ने छानबीन में पाया कि पत्र भेजने वालों में चार लोग शामिल हैं, जिनमें से मुख्य आरोपी बलिया का रहने वाला है। इस आधार पर गुजरात पुलिस शुक्रवार को मनियर थाने पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ मनियर थाना क्षेत्र के देवरार जाकर पुलिस टीम ने ओमप्रकाश पासवान को उसके घर से पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार ओमप्रकाश गुजरात के अहमदाबाद शहर में नौकरी करता था। वह अहमदाबाद से तीन दिन पहले ही गांव आया था। पुलिस का कहना है कि उसका यहां कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

**आचार संहिता का कडाई के साथ अनुपालन करा सम्पन्न कराये चुनाव:**-चित्रकूट।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस दौरान एसपी ने कहा कि सभी कर्मी अपने दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें।साथ ही आचार संहिता का अक्षरश: पालन कराते हुए चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाये।


शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय में जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ 30 जनवरी को होने वाले इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए ब्रीफिंग की गयी ।

## दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार किया गया

**भदोही।** जिले के सुरयावा थाना इलाके के एक गांव में सोलह साल की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।भदोही के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने शनिवार को बताया की आरोपी की पहचान शकील खान (35) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि शकील किशोरी के साथ बलात्कार करते हुए वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर एक साल से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। उन्होंने बताया कि शकील ने बलत्कार की शिकार पीड़िता का वीडियो वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो वायरल होने पर नाबालिग के परिजनो को इसकी जानकारी दो दिन पहले हुई।

# देश के लिए हर सवाल उठेगा कैंपेन

**लखनऊ।** टाटा सॉल्ट ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रव्यापी कैंपेन देश के लिए हर सवाल उठेगा आरम्भ किया है। बच्चों का संपूर्ण विकास करने के नजरिए से शुरू किए गए इस कैंपेन का उद्देश्य बच्चों को अपनी तरह का अनोखा प्लेटफॉर्म प्रदान कर उनकी मानसिक क्षमता को विकसित करना है् ताकि वे सार्थक बातचीत को प्रेरित करने वाले और समाज में बदलाव लाने में कारगर सवाल पूछ सकें। एक्सॉन मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में इस अभियान के तहत समारोह का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में 250 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर छात्रों की ओर से कुछ प्रासंगिक सवाल पूछे गएए जिसमें श्क्या कचरे का दैनिक संग्रह और पुनर्चक्रण ग्लोबल वार्मिंग पर बड़ा प्रभाव डालता हैघ्श् श्पुरुष को हमेशा परिवार का मुखिया क्यों कहा जाता हैघ्श् श्बर्तन साफ करना और खाना बनाना मुख्य रूप से महिलाओं और लड़कियों की जिम्मेदारी ही क्यों हैघ्श् श्लोग फल विक्रेताओं से क्यों मोल.भाव करते हैंए मॉल में क्यों नहीं करतेघ्श् आदि जैसे विभिन्न सवाल शामिल थे।




## स्वामी बने गले की फांस

स्वामी जी आए थे समाजवाद का उद्धार करने के लिए। उद्धार तो हुआ नहीं। खुद अपना चुनाव भी हार बैठे। अब स्वामी जी स्वयं समाजवादियों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। बड़बोले स्वामी जी एक धर्म विशेष के खिलाफ बयानबाजी कर स्वयं तो चर्चा में आ गए हैं लेकिन पार्टी के लिए 'गले की फांस' साबित हो रहे हैं। पार्टी न तो उन्हें उगल पा रही है और न ही निगल पा रही है। केवल बचती नजर आ रही है। समाजवादी मुखिया इन स्वामी जी को यह सोच कर पार्टी में लेकर आए थे कि बड़ा चेहरा है, कुछ बड़ा करेगा, जिससे पार्टी को बड़ा फायदा होगा, लेकिन जब से ये स्वामी जी समाजवादियों के बीच आएं हैं तब से नुकसान पर नुकसान होता जा रहा है। अब स्वामी जी ने अपने बड़बोले पन के चलते धर्म से सम्बन्धित एक नया तीर छोड़ दिया है जो कहां जा कर लगेगा, इसका अंदाजा खुद स्वामी जी को भी नहीं है। अब परिणाम ये है कि स्वामी जी के इस बयान के बाद से समाजवादी मुखिया खुद बचते नजर आ रहे हैं। वह समझ नही पा रहे हैं कि स्वामी रूपी 'गले की फांस' का क्या किया जाए।



## मुखिया ने दिखाया आईना

पहले बस्ते का बोझ फिर पढ़ाई का बोझ। आजकल के कान्वेंट स्कूलों की यही पहचान रह गई है। हमेशा दूसरे स्कूलों से आगे निकलने के लिए कान्वेंट स्कूलों ने बच्चों को रन की मशीन समझ लिया है। इन्हें न तो बच्चों की उम्र की चिंता है और न ही उनके छोटे दिमाग की। पढ़ाई का प्रेशर इतना रखते हैं कि बच्चों को छुट्टियां तक याद नही रहती हैं। ऐसे में बच्चे अवसाद में भी चले जाते हैं। शहर के एक नामी गिरामी स्कूल की हालत यह है कि यहां के संचालक बच्चों को छुट्टियों में भी बुला लेते हैं। यदि ज्यादा दबाव बढ़ा तो बच्चों को छोड़ शिक्षकों को बुला लेते हैं। इस स्कूल का प्रभाव इस कदर है कि अपने हिसाब से अवकाश के आदेश में संशोधन भी करा लेता है। ऐसे में पिछले दिन परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान सूबे के मुखिया के निशाने पर आ गए। फिर क्या मुखिया ने पानी पिला पिला कर चुटकी ली। कहा जब तक इनके जैसे लोग रहेंगे तब तक दबाव बना रहेगा। बच्चे इन्हीं के दबावों के चलते डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। खुद तो दबाव मुक्त रहने के लिए डॉक्टर रख रखा है जिसके बताए अनुसार ही रोज डाइट बनती है और उसी का सेवन भी करते हैं। पर बच्चों की डाइट गड़बड़ हो रही है इसकी इन्हें चिंता नहीं है।

## मौत पर भी सियासत

सूबे की वर्तमान सियासत में विपक्षी दलों के बीच सियासी लाभ हासिल करने के लिए इस समय जबरदस्त प्रतिस्पर्धा चल रही है। विपक्षी दल ऐसा कोई मौका नहीं चूकना चाहते जिससे उन्हें सियासी लाभ मिल सके। बीते कई दशकों से सूबे में पूरी तरह से साइड लाइन हो चुकी देश की सबसे पुरानी पार्टी भी इस प्रतिस्पर्धा में कतई पीछे नहीं है। स्थिति तो यह है कि अब यह पार्टी दुखद मौत पर भी राजनीति करने से नहीं चूकती। इसका एक नजारा चार दिन पहले राजधानी बहुमंजिला इमारत के ढहने की दर्दनाक घटना के बाद देखने को मिला। इस हादसे में एक महिला और उनकी बहू की मृत्यु हो गई। महिला के पति और दो पुत्र राजनैतिक दलों से संबंध रखते हैं। महिला के पति एक जमाने में देश की सबसे पुरानी पार्टी में सक्रिय थे। उनका एक बेटा भी इस पार्टी में रह चुका है लेकिन वर्तमान में वह अपने संबंध खत्म कर चुका है। उनके जिस बेटे की पत्नी की मृत्यु हुई वह साइकिल वाले दल के प्रवक्ता हैं। लिहाजा मीडिया में भी सपा नेता की मां और पत्नी की मृत्यु की न्यूज फ्लैश हुई। देश की सबसे पुरानी पार्टी को बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने इस हादसे के सहारे सत्तारूढ़ दल पर हमलावर होने और अपने लिए हमदर्दी हासिल करने के प्रयास में बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके यह प्रचारित किया कि इस हादसे में उनकी पार्टी के नेता की पत्नी और बहू की मृत्यु हुई है।



## कुर्सी कब्जाऊ पूर्व मंत्री

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री अपने भोलेपन के कारण इस समय चर्चा का विषय बने हुए हैं। बीते दिनों एक समारोह में मंच पर अपने इस सीधे व्यवहार के कारण अपनी कुर्सी एक पूर्व मंत्री के लिए छोड़नी पड़ी जिसको लेकर इस समय खूब चर्चा हो रही है खासतौर पर मंत्री जी के व्यवहार को लेकर। पिछले दिनों एक कार्यक्रम में मंच पर महाराज जी के बगल बैठने को लेकर एक पूर्व मंत्री महोदय जिद करने लगे कि वह वही बैठेंगे जबकि मौजूदा राज्य मंत्री को प्रोटोकॉल के अनुसार वहां पर बैठना था लेकिन पूर्व मंत्री महोदय आए और उन्होंने मौजूदा राज्यमंत्री को धक्का देकर खुद कुर्सी पर कब्जा कर लिया और यह वीडियो खूब वायरल हुआ सोशल मीडिया पर। जब यह वीडियो वायरल हुआ तो मंत्री को लेकर लोगों की सहानुभूति उभरी जबकि पूर्व मंत्री को लेकर लोग खूब चटकारे ले रहे हैं। पार्टी मुख्यालय में भी पूर्व मंत्री जी जब पहुंचे तो उनका खूब मजाक उड़ाया गया और लोगों ने कहा कि अब आप पद पर नहीं है तो कम से कम जो पद पर है उसके लिए तो कुर्सी खाली कर दीजिए। बात यहां तक थी तो काम चल जाता लेकिन संगठन और सरकार में भी पूर्व मंत्री महोदय को काफी कुछ कहा गया कि भविष्य में ऐसी गलती की पुनरावृत्ति न हो।

## धरे रह गए मंसूबे

मल्टी स्टोरी के फ्लैट आवास एवं विकास परिषद के लिए गले की हड्डी बन गए हैं। आवास विकास परिषद में नहीं बिक रहे फ्लैटों को बेचने के लिए अफसरों ने नये –नये नियम निकालना शुरू कर दिया। पहले एक मुश्त राशि जमा करने पर सिंगल फ्लैट पर पांच प्रतिशत का ढिंढोरा पीटा। प्रचार प्रसार भी छोटे साहब ने कर डाला लेकिन हाय रे किस्मत। यहां भी गच्चा खा गए। फ्लैटों को बेचने का भागीरथ प्रयास भी काम न आया। कुछ बिके, पर फ्लैट हजारों की संख्या में अभी भी खाली पड़े हैं। आलम यह है कि फ्लैटों के बेचने के लिए नया तिकड़म फिर कर डाला, जिसमें 50 लोग एक साथ फ्लैट खरीदेंगे तो 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अचानक 25 प्रतिशत की छूट के ऐलान पर कई समूहों ने संपर्क भी किया। छोटे साहब को यह खबर सुनकर अच्छा भी लगा। उत्साहित छोटे साहब ने जमकर इसका भी प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। गाहे बगाहे लोगों ने चर्चा भी किया और कहने लगे वाह क्या स्कीम है। मन बढ़े मातहत भी छोटे साहब के मनोविज्ञान को समझ कर खूब कान भरने लगे। लेकिन जब लोगों को पता चला की पूरा पैसा दो महीने में देना है तो सारा उत्साह ठंडा हो गया है। लोग यह कहते फिर रहे हैं कि लॉक डाउन ने तो कमर तोड़ दी है। अब एक साथ इतना धन कहां से लाएं। जाहिर है कि मंसूबे फिर धरे के धरे रह गए।

**10 फरवरी को पीएम मोदी करेंगे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ**

# सभी 75 जिलों में एक दिन-एक साथ होगा निवेश

● मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के लिए नामित किए मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक दिन व एक साथ प्रदेश के समस्त 75 जिलों में औद्योगिक निवेश होगा, इससे प्रदेश में अपार संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्ट समिति के मुख्य समारोह से सभी जिले जोड़े जाएंगे। इसके स्थानीय उद्यमियों को भी आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बैठक कर भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। साथ ही समस्त 75 जिलों के लिए ने मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्री भी तय कर दिए। यह सभी मंत्री जिलों में जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। जनपदीय भ्रमण के दौरान कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों के साथ विद्यालयों, चिकित्सालयों, गौ आश्रय स्थलों की भी पड़ताल होगी। इस क्रम में रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर मोटे अनाज के व्यंजन आधारित रात्रिभोज आयोजित किया गया है। इसी प्रकार सभी मंत्रीगण अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवी वर्ग के लिए ऐसे सहभोज का आयोजन करने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज पूरा देश मिलेट वर्ष मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिलेट्स की महत्ता से आम जन को भी सुपरिचित करा जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी मंत्री विभागीय परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 10 से 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। देश और विदेश में हुए रोड शो के साथ-साथ जिला स्तरीय निवेशक सम्मेलनों में उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले हैं। पूरी दुनिया के उद्योग जगत ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्साह जताया है। यह समिट अभूतपूर्व होने जा रहा है। 10 फरवरी को प्रधानमंत्री के कर-कमलों से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ होगा। इस मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा। जिलों के कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों को आमंत्रित करें। यह पहली बार होगा कि जब एक दिन एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश होगा। सभी जिलों के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के उपरांत मंत्रिसमूहों द्वारा 'सरकार आपके द्वार' भावना के साथ किए गए मंडलीय भ्रमण से जनता के बीच सकारात्मक संदेश गया। अब सभी जिलों के लिए प्रभारी मंत्री नामित किए जा रहे हैं। यह मंत्री अगले एक वर्ष तक सम्बंधित जनपद के प्रभारी होंगे। प्रभारी मंत्रीगण अपने जिले की स्थिति से अपडेट रहें। नियमित अंतराल पर जिले में भ्रमण करें। जनपद भ्रमण के यह कार्यक्रम कम से कम 24 घंटे का जरूर हो। जनपदीय दौरे की अवधि में होने वाली बैठकों में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें। कानून-व्यवस्था व सरकारी योजनाओं की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदीय भ्रमण के दौरान जनता से सीधा संवाद करें। किसी एक विकास खंड और तहसील के औचक निरीक्षण करें। दलित, मलिन बस्ती में सहभोज भी किया जाना चाहिए।

# 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा बजट: मुख्यमंत्री

**सीएम ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक, भावी योजनाओं के अनुरूप बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में फरवरी 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी 20 के कार्यक्रमों के उपरान्त आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत किया जाना है। सभी विभाग अपनी भावी योजनाओं के अनुरूप बजट के लिए अपना प्रस्ताव तैयार कर भेजें। यह बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। बजट प्रस्ताव में लोक कल्याण संकल्प पत्र के बिंदुओं का समावेश करें। यह सुनिश्चित करें कि विभागों के प्रस्ताव वास्तविक हों। जितनी आवश्यकता होए उतनी ही डिमाण्ड करें। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने यह निर्देश रविवार को अपने सरकारी आवास पर मंत्रिगणों, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिए। ज्ञातव्य है कि सांसद व विधायकगणों के साथ प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में संचालित विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा के बाद यह बैठक आहूत की गयी। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में प्राविधानित राशि के उपयोग की विभागवार समीक्षा की तथा जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेज करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के समाप्त होने में अब दो माह ही शेष हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। विभागीय स्तर पर व्यय की समीक्षा भी जाए। सम्बन्धित मंत्रिगण भी विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। वित्त विभाग द्वारा आगामी बजट प्राविधान तय करते समय, वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग के प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाए। विभाग की मांग के अनुरूप ही बजट में प्राविधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर सम्भव सहायता मिल रही है। केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें। विभागीय मंत्री स्वयं भारत सरकार के मंत्रिगणों से संवाद करें। केन्द्रांश के अभाव में परियोजना बाधित न रखें। नियमानुसार राज्यांश अवमुक्त कर कार्य जारी रखा जाए। सभी विभाग शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवंटन के अनुरूप खर्च में होमगार्ड, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, लोक निर्माण, दिव्यांग जन सशक्तिकरण, एमएसएमई, नगर विकास, वन तथा व्यावसायिक शिक्षा विभाग को प्रयास तेज करने होंगे। इन विभागों में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, इन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं। गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास में आमजन को सहभागी बनाने के लिए 'मातृभूमि योजना' प्रारम्भ की गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने इस योजना से जुड़कर अपने गांव में अपने पूर्वजों के नाम पर भवन, सड़क, कम्युनिटी सेन्टर आदि बनवाने की इच्छा व्यक्त की है। इस योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय के लक्ष्य के अनुरूप हर जरूरतमंद को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। दिव्यांगजन, निराश्रित महिला और वृद्धावस्था पेंशन तथा छात्रवृत्ति की धनराशि नियमित अन्तराल पर लाभार्थी को प्राप्त हो। इसमें बिल्कुल भी देरी नहीं होनी चाहिए। पेंशन की यह राशि लाभार्थी के लिए बड़ा सम्बल बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दो माह की अवधि में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में रोजगार मेलों का आयोजन हो। इसके लिए रोजगार एवं सेवायोजन विभागए उद्योग विभाग के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करे। इन मेलों के आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लें। प्रभारी मंत्रिगण भी इन मेलों में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बिल के समयबद्ध भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि लोगों को समय पर सही बिल मिले। ओवरबिलिंगए फॉल्स बिलिंग अथवा विलम्ब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान करता है।

# प्रतिपक्ष की हैसियत से सदन में जवाब देंगे अखिलेश: स्वामी प्रसाद

● विवादित टिप्पणी प्रकरण में मौर्य ने की सपा अध्यक्ष से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रामचरित** मानस पर टिप्पणी को लेकर विवादों से घिरे समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से यहां पार्टी दफ्तर में मुलाकात की। मौर्य दोपहर 12 बजे के आसपास सपा दफ्तर पहुंचे और पार्टी प्रमुख के साथ करीब पौन घंटे तक बैठक की। बैठक के बाद मौर्य ने कहा कि उनकी यह बैठक जाति आधारित जनगणना की मुहिम को तेज करने समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर थी। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में रामचरित मानस पर उनकी विवादित टिप्पणी के बारे में भी कोई चर्चा हुई, मौर्य ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से सदन में इसका जवाब देंगे। इसके अलावा वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को राजस्थान में सनातन धर्म को देश का राष्ट्रीय धर्म कहे जाने को लेकर भी पार्टी का पक्ष रखेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों का आरक्षण खत्म करती जा रही है। ऐसे में सपा जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने पिछले रविवार को एक बयान में रामचरित मानस की एक चौपाई का जिक्र करते हुए इसे महिलाओं तथा पिछड़ों के प्रति अपमानजक करार दिया था और इस पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। उनके इस बयान से खासा विवाद उत्पन्न हो गया था। संत समाज और हिंदूवादी संगठनों ने इसका कड़ा विरोध किया था। मामले में मौर्य के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ है।

# पिछड़ों व दलितों को शूद्र मानती है भाजपा: अखिलेश

● 108 कुंडीय महायज्ञ में शामिल हुए सपा मुखिया

● हिंदूवादी संगठनों ने दिखाए काले झंडे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछड़ों और दलितों को शूद्र मानती है। हम सबको शूद्र मानती है। हम धार्मिक स्थान तक जाते हैं। संतों, गुरुओं से मिलते हैं तो भाजपा के लोगों को तकलीफहोती है।

सपा मुखिया अखिलेश ने यह बात रविवार को रविवार को गोमती नदी के तट पर मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध पीताम्बरा पीठ के महाराज दंडी स्वामी रामाश्रयजी महाराज के सानिध्य में योगी राकेश नाथ और मृत्युंजय भैरव महाराज द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय महायज्ञ में शामिल होने के उपरान्त कही। इस दौरान अखिलेश यादव को हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। उनका यह विरोध सपा के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी को लेकर था। अखिलेश ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में भाजपा के लोगों ने बाधा पैदा की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुझे रोकने की कोशिश की। भाजपा के लोगों ने श्रद्धालुओं और भक्तों के साथ धक्का मुक्की की। यज्ञ में शामिल होने के लिए जिन संतों और आयोजनकर्ताओं ने हमें बुलाया था। उन्हें भाजपा और आरएसएस की तरफ से धमकियां मिल रही हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा अपने को धर्म का ठेकेदार समझती है। हम तो श्रद्धा के साथ गए थे उससे भाजपा को क्यों दिक्कत हो गई। भाजपा वहां उद्दंडता एवं अराजकता के लिए जिम्मेदार है। भाजपा का आचरण किसी भी तरह नैतिक नहीं कहा जा सकता है। वह नैतिक मूल्यों से भटक गई है। अखिलेश ने कहा कि मुझे यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने से रोकने के लिए भाजपा ने गुंडे भेजे थे। भाजपा के गुंडों ने हम पर हमला किया।

लेकिन भाजपा यह समझ ले कि हम समाजवादी लोग डरने और घबराने वाले नहीं है। प्रशासन ने पुलिस और पीएसी यहां से पहले ही हटा ली थी। जो नाम मात्र की पुलिस थी, वह भी मूक दर्शक बनी रही। याद रहे समय बदलता है और भाजपा के लोग भी याद रखें उनके लिए भी इसी तरह की व्यवस्था होगी।

**कैबिनेट के फैसले**

# नई आबकारी नीति घोषित, महंगी होगी शराब

● अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार रविवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में यूपी में नई आबकारी नीति घोषित करने के साथ ही कई अहम प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दे दी है। आबकारी नीति वर्ष 2023-24 के तहत देशी, अंग्रेजी और बियर सभी के दामों में बढ़ोतरी होगी। नई दरें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष से लागू होंगे। इसके साथ ही मॉडल आबकारी नयी नीति के अनुसार प्रदेश में फुटकर शराब व बीयर विक्रेताओं की लाइसेंस फीस दस प्रतिशत बढ़ जाएगी। इसके अलावा मॉडल शॉप पर शराब पिलाने पर अब तक दो लाख रुपये वार्षिक शुल्क देना होता था जिसे बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है।

इस हिसाब से अनुमान यह लगाया जा रहा है कि प्रदेश में पहली अप्रैल से 25 प्रतिशत तीव्रता वाली देसी शराब शराब का 200 मिलीलीटर का पउवा 50 रुपये से बढ़कर 55 रुपये और 36 प्रतिशत तीव्रता वाला 200 एमएल का पउवा 65 रुपये के बजाए 70 रुपये और सड़े हुए अनाज से बनायी जाने वाली 42.8 प्रतिशत तीव्रता वाली देसी शराब का 200 एमएल का पउवा 75 के बजाए 80 रुपये का बिकने लगेगा। इसी तरह अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्राण्ड में एक क्वार्टर पर करीब 10 रुपये की बढ़ोत्तरी हो सकती है। बीयर के दामों में भी 5 से 7 रुपये प्रति केन की बढ़ोत्तरी सम्भावित है। अगले वित्तीय वर्ष में शराब व बीयर की फुटकर दुकानें चलाने के लिए विक्रेताओं को दस प्रतिशत शराब और ज्यादा बेचनी होगी। नयी नीति में देसी शराब का न्यूनतम गारंटी कोटा दस प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर के प्राधिकरण क्षेत्र, लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र और इसी परिधि से पांच किलोमीटर के दायरे में जो भले ही नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हों, में स्थित होटल व रेस्टोरेंट और क्लब व बार के लाइसेंस के लिए फीस बढ़ा दी गयी है। यानि इन इलाकों में शराब व बीयर और महंगी हो जाएगी। इससे पहले जून में शराब की दरों में बढ़ोतरी की गई थी। अंग्रेजी शराब पर विशेष अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क यानि स्पेशल एक्सरसाइज ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें अलग-अलग गुणवत्ता वाली 90 एमएल की अंग्रेजी शराब की बोतलों पर क्रमश: 10 रुपये से 40 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई थी। 90 एमएल की रेगुलर की बोतल पर 10 रुपयेए प्रीमियम ब्राण्ड की 90 एमएल की बोतल पर 10 रुपयेए सुपर प्रीमियम की 90 एमएल की बोतल 20 रुपयेए स्कॉच की 90 एमएल की बोतल पर 30 रुपयेए समुद्र पार से आयात होने वाली विदेशी शराब की 90 एमएल की बोतल पर 40 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई थी। बढ़ोतरी सिर्फ90 एमएल की मात्रा वाली बोतलों पर ही की गई थी। अंग्रेजी शराब के क्वार्टर, हाफ और पूरी बोतल पर कोई मूल्य वृद्धि नहीं की गई थी।

**मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के संचालन का प्रस्ताव मंजूर**

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां, रागी/मडुआ आदि) की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम' के संचालन के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स रिवाइवल प्रोग्राम नामक यह नवीन योजना वर्ष 1 जनवरी 2023 से वर्ष 2026-27 तक संचालित किये जाने का प्रस्ताव है। कार्यक्रम क्रियान्वयन की 05 वर्षों की इस अवधि में 18626.50 लाख रुपये का अनुमानित व्यय आंकलित है, जिसे राज्य सरकार द्वारा नयी योजना स्वीकृत करते हुए वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के संचालन हेतु नीति निर्धारण, पात्रता हेतु मापदण्ड निर्धारण, अनुदान भुगतान हेतु मानक के निर्धारण एवं योजना की सामयिक प्रगति की समीक्षा हेतु कृषि निदेशक की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्क्रीनिंग समिति अधिकृत होगी। राज्य स्तरीय परियोजना स्क्रीनिंग समिति द्वारा संस्तुत प्रस्तावों की स्वीकृतिए अनुश्रवण एवं स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष धनराशि अवमुक्त करने हेतु अपर मुख्य सचिव कृषि की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति अधिकृत होगी।

**प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना पांच वर्ष के लिए संचालित**

प्रदेश में संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना को आगामी 5 वर्ष के लिए संचालित करने के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। समय की आवश्यकताओं के अनुरूप योजना में किसी प्रकार का परिवर्तन मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त किया जा सकेगा। किसानों के हित लाभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग कर कृषि सेक्टर में रोजगार सृजन को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2015-16 से राज्य सरकार द्वारा 'प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना' क्रियान्वित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र बैनर तले समस्त सुविधाएं 'वन स्टॉप शॉप' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। योजना संचालन के प्रारम्भ वर्ष 2015-16 से अद्यतन वर्ष 2021-22 तक कुल 4311 एग्रीजंक्शन केन्द्र, प्रदेश में स्थापित किये जा चुके है। इस योजना के क्रियान्वयन के आगामी चरण में अगले 5 वर्षों 2022-23 से 2026-27 में कुल 10000 एग्रीजंक्शन केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य प्रस्तावित है। साथ ही पूर्व से संचालित योजना में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव हैए जिससे कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना का क्रियान्वयन प्रभावशाली रूप से किया जा सके।

**मछली पालन कल्याण कोष नियमावली होगा संशोधन**

मंत्रिपरिषद ने 'उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष' के क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश मत्स्य तृतीय संशोधन नियमावली 2022 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मत्स्य विभाग द्वारा राज्य सेक्टर सहायतित उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के लिए उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास एवं नियत्रंण 1954 के तृतीय संशोधन के रूप में नियमावली बनायी गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और उससे जुड़े व्यक्तियों के कल्याण के लिए मत्स्य पालक कल्याण फण्ड की स्थापना के लिए नियमावली में तृतीय संशोधन के माध्यम से उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के गठन की कार्यवाही की गयी है। इस के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 25 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इस कोष से प्रदेश की गरीब मछुआ आबादी जिनकी अजीविका मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विपणन आदि कार्यों पर निर्भर रहती है, की सहायता की जायेगी तथा मत्स्य पालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निष्प्रयोज्य पड़ी कृषि क्षेत्र की अनुपयुक्त भूमि, तालाब, पोखरों, जलाशयों के उपयोग हेतु ग्रामीण अंचल के बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार का साधन जुटाने जैसे कल्याणकारी एवं विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा, जो मछुओंध्मत्स्य पालकों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कराए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**शिक्षकों की असामयिक मृत्यु पर ग्रेच्युटी के भुगतान का प्रस्ताव स्वीकृत**

मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद तथा अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति की आयु के पूर्व असामयिक मृत्यु की दशा में ग्रेच्युटी के भुगतान के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। 23 नवम्बर 1994 से उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद तथा अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों को 58 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष से 60 वर्ष होने पर 4 फरवरी 2004 द्वारा 60 वर्ष की आयु पर सेवा निवृत्ति का विकल्प देने पर ग्रेच्युटी की सुविधा अनुमन्य की गयी। 10 जून 2002 द्वारा सेवानिवृत्ति की तिथि तक अथवा उसके पूर्व विकल्प परिवर्तन की सुविधा दी गयी है। इसके साथ ही योगी मंत्रिपरिषद ने यूपी दण्ड विधि संशोधन अध्यादेश 2023 की स्वीकृति के साथ ही पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय सीतापुर एवं मुरादाबाद, अमरोह व संभल में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा यूपीराज्य विधान मण्डल संशोधन विधेयक 2023 का प्रारूप अनुमोदित किया है। चित्रकूट में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाने के लिए चयनित कुल 8.345 हे. भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तान्तरित किये जाने के प्रस्ताव को अनुमति दी है। अवध केसरी राणा बेनी माधवबख्श सिंह की स्मृति में जनपद रायबरेली में सभागारए पुस्तकालय आदि के निर्माण हेतु नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पास किया है।

जनपद महोबा में नवीन जिला कारागार के निर्माण हेतु 20342.99 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित करने के लिए प्रथम चरण में एमओयू के निष्पादन के सम्बन्ध में सहमती दी है। जनपद गौतमबुद्धनगर में गाजियाबाद-टुण्डला रेल सेक्शन के रेल उपरिगामी सेतु निर्माण की सम्पूर्ण परियोजना तथा इसकी व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित पुनरीक्षित लागत 22487 लाख रुपए के व्यय का प्रस्ताव अनुमोदित किया है।

# उद्योगों में निवेश की डाली गई 'नींव', लहलहाएगी रोजगार की 'फसल'

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर में पहली बार हुई इंवेस्टर्स समिट से खुलेगा विकास का रास्ता
- 750 करोड़ के सापेक्ष 26 हजार करोड़ से ज्यादा का हुआ निवेश
- 115 उद्यमियों ने किया निवेश, लखनऊ मंडल में दूसरे नंबर पर सीतापुर
- उद्यमियों ने इंवेस्टर्स समिट में उद्योग के बारे में विस्तार से दी जानकारी
- डीएम अनुज ने सीतापुर का नाम जीडीपी में लाने का बताया तरीका
- एसपी घुले सुशील चंद्रभान बोले-पहले जैसा माहौल नहीं, बदल रहा यूपी

**लखनऊ** में 10 से 12 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले पहली बार सीतापुर में आयोजित हुई इंवेस्टर्स सम्मिट में उद्यमियों ने 750 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 115 निवेशकों ने 26 हजार करोड़ से भी ज्यादा का निवेश कर लखनऊ मंडल में सीतापुर को दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। कई नामचीन कंपनियों में शामिल भारत पेट्रोलियम, ग्रीन लैम, इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अर्जुन गढ़ इंडस्ट्रीलियल स्टेट, रेडिको ने टूरिज्म, प्लाईवुड पेट्रोकेमिकल डिस्टलरी, कपड़ा उद्योग, एथेनॉल, एग्रो इंडस्ट्रीज आदि क्षेत्रों में सर्विस सेक्टर से लेकर मैनुफैक्चिरिंग में निवेश किए जाने से सीतापुर वासियों के लिए अब बड़े पैमाने पर रोजगार मुहैया होने का रास्ता बन गया है। आपको बता दें कि, विकास के जरिए विकसित प्रदेश बनाने के चल रहे प्रयासों के बीच यूपी के सीतापुर में शुक्रवार को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में उद्यमियों और अफसरों ने अपनी-अपनी बात रखी। उद्यमियों ने अपने उद्योगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तो वहीं अफसरों ने सुरक्षा का माहौल देकर भयमुक्त माहौल में निवेश से विकास की रफ्तार पकड़ने की बात कहकर उद्यमियों का हौसला बढ़ाया। दरअसल, शुक्रवार को शहर के रस्यौरा स्थित मयूर रिजार्ट में डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान और स्टार्टअप कमेटी पीएचडी सीसीआई के कोचेयर विनायक नाथ व अन्य उद्यमियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दरम्यान डीएम-एसपी का उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने स्वागत किया। इस मौके पर नीति संग्रह पुस्तिका का अनावरण भी किया गया। इस दरम्यान 4 एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया, जिसमें एमएसएमई विभाग, पर्यटन विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग शामिल रहा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बड़े उद्यमियों में शुमार व अर्जुन गढ़ इंडस्ट्रीलियल स्टेट के चेयर पर्सन शरद चौधरी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोलते हुए कहा कि डीएम के सामने प्रपोजल रखूंगा, जिसमें मिश्रिख में हवाई पट्टी या एयरपोर्ट होना चाहिए। धीरे-धीरे प्रयास हों, इससे आना-जाना आसान होगा। वह कहते हैं कि एयरपोर्ट बनने से लखनऊ से नैमिष और अयोध्या जुड़ेगा, इससे आवागमन में सुविधा होगी। कार्यक्रम में आरएबी ग्लोबल सोलियो संस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राजीव सिंह तोमर ने कहा कि, नैमिष में अपना रिजॉर्ट डाला है। प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है। अच्छा प्रोजेक्ट है। 2011 में पहली बार यहां आए थे। हमारे बड़े भाई यहां लेकर आए थे। नैमिष देखकर खुश हुए, उसी दौरान तय कर लिया था इसी जगह पर रिजॉर्ट बनाएंगे। करीब पौने दो किमी. में रिवर फ्रंट बनेगा। वह बताते हैं कि रिजॉर्ट में 700 से ज्यादा सीटें होंगी।बसंल राइस मिल के मालिक विजय बसंल ने भी इन्वेस्टर्स समिट में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि, पांच हजार रुपये से कारोबार की शुरुआत की थी। चक्की लगाई थी 1973 में। आज 24 टन का प्लांट बन चुका है। सीतापुर, लखीमपुर में प्लांट नहीं था। अब 1500 क्विंटल सरसों पिराई का प्लांट है। उत्तम इंडस्ट्रीज महमूदाबाद के मालिक उत्तम वर्मा ने इन्वेस्टर्स समिट में बोलते हुए कहा कि 2020 में फैक्ट्री लगाई थी। पहले साल 10 करोड़ का टर्नओवर हुआ था। इलेक्ट्रिक व्हैकिल का शोरूम खोलना है। इलेक्ट्रिक बाइक और ई-रिक्शा होंगे। इंवेस्टर्स समिट में प्लाईवुड फैक्ट्री की स्वामी नेहा जैन ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि झरेखापुर में प्लाईवुड फैक्ट्री लग रही है। सरकार की अच्छी पॉलिसी है। कोशिश है कि अच्छे से अच्छा काम हो। इसकी प्रक्रिया चल रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ जब इन्वेस्टर्स समिट की बैठक बुलाई गई है। जीडीपी के बारे में समझाते हुए कहा कि अक्सर हमारे उद्यमी, व्यापारी खरीदारी, बिलिंग के दौरान जिले का नाम नहीं लिखते हैं।

# एडूलीडर्स 2022 अवार्ड से सम्मानित होंगे सीतापुर के दो शिक्षक

**संवाददाता।** सीतापुर

**नवाचार** आओ अखबार पढ़ें न कि नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, बल्कि बच्चों में भाषा विकास तर्क शक्ति और सामान्य ज्ञान सहित क्षमता का इस कदर संवर्धन किया है कि उन्हें 1 से लेकर 50 तक पहाड़ा कंठस्थत हो गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीतापुर के दो शिक्षकों को एडूलीडर्स 2022 अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान 4 फरवरी को लखनऊ में आयोजित निपुण भारत मिशन शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार में प्रदान किया जायेगा। वैसे तो यूपी के सभी 75 जनपदो से 150 शिक्षक सम्मानित किये जायेंगे, लेकिन सीतापुर के जिन दो शिक्षकों को यह सम्मान प्रदान किया जाना है उनमें ब्लॉक महोली क्षेत्र में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षक अभिषेक कुमार शुक्ला व मो. इरफान का नाम शामिल किया गया है। नवाचारी शिक्षक अभिषेक शुक्ला महोली विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सहजापुर मे सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। उनके द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए नित नवीन शिक्षण विधियों, नवाचार व आई.सी.टी आधारित शिक्षण पर बल दिया जाता है। नवाचार साँप-सीढ़ी, मेजिकल बैग, आओ अखबार पढ़े व जादुई पेन्सिल बच्चों के साथ ही शिक्षकों को भी बहुत पसन्द आते है। बच्चों की शिक्षा हेतु अभिव्यक्ति बेला, कहानी सुनाओं प्रतियोगिता, पठन उत्सव व स्वरचित बाल साहित्य को शिक्षण मे प्रयोग करके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग निरन्तर प्रशस्त किया जा रहा है। इस विकास खण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्याल कुसैला द्वितीय के शिक्षक मो. इरफान अपने प्रयासों से विद्यालय के परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन कर बच्चों को स्वस्थ्य वातावरण प्रदान किया है। बच्चें निपुण भारत लक्ष्य प्राप्ति हेतु अग्रसर है। विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिता मे अपनी अलग ही पहचान रखता है। विद्यालय में दो बच्चों को (कक्षा-2 के आयुष 50 तक पहाड़ा तथा कक्षा 5की ज्योतिषी को 40 तक पहाड़ा याद कराकर) गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का ही नतीजा है कि प्राथमिक विद्याल कुसैला द्वितीय का छात्र आयुष और छात्रा ज्योतिषी को 40 और 50 तक का पहाड़ा कंटस्थ है। परिषदीय शिक्षकों के स्वप्रेरित ऊर्जावान, टेक्नोसेवी स्वत: स्फूर्त समूह एडूलीडर्स यूपी द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 4 फरवरी को उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ के आडिटोरियम में निपुण भारत शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार एवं एडूलीडर्स यूपी अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

**TRADEWELL HOLDINGS LIMITED**
(Formerly BRAND REALTY SERVICES LIMITED)
CIN: L74110DL1995PLC064237
Regd. Off: S-8 & S-2, DDA SHOPPING COMPLEX, OPP. POCKET-I, MAYUR VIHAR-I, DELHI -110091
Tel.: 011-22755819 I Email Id: info@brandrealtv.in I Website: https://www.brandrealtv.in

**Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the Third Quarter & Nine Months ended 31st December, 2022**

(Rs. in Lacs except per share data)

| Particulars | Quarter ended | | Nine Months Ended |
|---|---|---|---|
| | 31.12.2022 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2022 (Unaudited) |
| Total Income from Operations | (17.22) | 268.51 | 69.53 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (40.40) | (30.85) | (4.69) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (40.40) | (30.85) | (4.69) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (40.40) | (30.85) | (4.69) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (40.40) | (30.85) | (4.69) |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 300.44 | 300.44 | 300.44 |
| Reserves excluding Revaluation Reserves (As per previous acc. Year) | - | - | - |
| Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| Basic : | (1.34) | (1.03) | (0.16) |
| Diluted: | (1.34) | (1.03) | (0.16) |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of the Unaudited Financial Results for the Third Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022 filed with the BSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the Third Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022 is available on the BSE website (www.bseindia.com) and Company's website (https://www.brandrealty.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on 28th January, 2023.

For TRADEWELL HOLDINGS LIMITED
Sd/-
KAMAL MANCHANDA
(WHOLETIME DIRECTOR)
DIN: 00027889

Place: Delhi
Date: 28.01.2023

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर श्थाना समाधान दिवसश् का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, श्री महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना फ्प्रधान व कोतवाली सदर पर उपस्थित रहकर ष्थाना समाधान दिवसष् की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने.अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# ढोलबाजे के साथ सिधौली के मोहल्ला प्रेमनगर उत्तरी पहुंची पुलिस

**संवाददाता।** सीतापुर

- एक वांछित अभियुक्त के दरवाजे पर नोटिस किया चस्पा
- बाराबंकी जिले की अदालत में वांछित है सिधौली निवासी
- बाराबंकी के थाना रामनगर में दर्ज है मुकदमा
- अदालती वारंट नहीं लेने पर हुई कार्यवाही

**डुगडुगी** और ढोलबाजा बजना आमतौर पर किसी मंगल कार्य या जोश का प्रतीक माना जाता है लेकिन शुक्रवार को सिधौली में बाराबंकी पुलिस ने कुछ ऐसी डुगडुगी बजवाई कि लोग पसीना पसीना होकर इसकी वजह जानने में लग गए। मालूम हुआ कि सिधौली कोतवाली अन्तर्गत मोहल्ला प्रेमनगर उत्तरी निवासी चन्द्रप्रकाश रस्तोगी उर्फ गुड्डू पुत्र रामप्रसाद बाराबंकी जनपद अन्तर्गत रामनगर थाने से एक मामले में वांछित अभियुक्त है। चन्द्रप्रकाश ने अदालत द्वारा भेजे गए वारंट को नही लिया जिसे यह माना गया कि वह न्यायालय के आदेश से बचना चाहता है। इस मामले के विवेचक रनबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित चंद्र प्रकाश के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के थाना रामनगर में अभियोग पंजीकृत है। कोर्ट पेशी से बचने को लेकर यह नोटिस चस्पा किया गया है। इसके बाद भी वांछित अभियुक्त अगर 30 दिनों मे उपस्थित नही होता है तो उसके घर की कुर्की की जायेगी।

# कन्या-जन्मोत्सव : महिला अस्पताल में मना नवजन्मी कन्याओं का बर्थ-डे, कटा केक

**लखीमपुर खीरी।** महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अभियान के तहत शुरू हुए जागरूकता अभियान को लेकर खीरी में विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरुक करने का कार्य बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसी श्रंखला में शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव को लेकर भव्य कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीएम की धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह ने अस्पताल में कन्या के जन्म पर कन्याओं की मां के साथ मिलकर केक काटकर कन्या का जन्म उत्सव मनाया। जिससे बेटियों के प्रति माता.पिता की सोच बदले। इस मौके पर आकांक्षा चीफ ने सभी नव जन्मी कन्याओं के माता.पिता को समिति की महिला साथियों रश्मि सिंह, शिखा सिंह, बबिता सिंह, मधुलिका त्रिपाठी, नयन श्री मौजूदगी में बेबी किट प्रदान की। आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने कहा कि कन्या को बचाने के लिए माता.पिता की सोच बदलना ही पहली जरुरत है। उन्हें अपनी बेटियों के पोषण, शिक्षा, जीवन शैली आदि की उपेक्षा रोकने की जरूरत है। अपने बच्चों को एक समान मानना चाहिये चाहे वो बेटी हो या बेटा। यह माता.पिता की लड़की के लिए सकारात्मक सोच ही है, जो पूरे समाज को बदल सकती है। लोगों में बेटियों के प्रति सोच बदलने के लिए कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीपीओ संजय कुमार निगम ने कहा कि हमें कन्याओं पर गर्व होना चाहिए, उन्हे अच्छी शिक्षा प्रदान करें, ताकि वे भी देश को अपना योगदान दे सकें।

# खीरी पहुंचा उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- आयोग के दो सदस्यीय दल ने नगरीय निकायवार ओबीसी राजनीतिक प्रतिनिधित्व का किया परीक्षणए जानी राय
- आयोग अनुभव जन्य अध्ययनए अभिलेखोंए दृष्टांटो के आधार पर शासन को देगा अपनी अनुशंसा

**उप्र** राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के माण् सदस्यगण महेन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार विश्वकर्मा अपने निर्धारित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचे, जहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश कुमार साहा ने उनके आगमन पर स्वागत किया।

इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने डीएम, सीडीओ, एडीएम, सभी नगरीय निकाय के ईओ की मौजूदगी में राजनीतिक दलों, नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों, आमजन के साथ बैठक की। सभी से निकायवार ओबीसी आरक्षण के संबंध में राय जानी। बैठक से पूर्व उन्होंने अफसरों, नगरीय निकाय से जुड़े जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, आमजन से उनका परिचय भी प्राप्त किया।

आयोग के सदस्य रिटायर्ड आईएएस अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि 28 सितंबर को इस आयोग का गठन किया गया, जिसमें चार सदस्य है और न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह इसके अध्यक्ष हैं। उन्होंने आयोग के गठन एवं अधिसूचना, ओबीसी आरक्षण की अवधारणा को रेखांकित किया। आयोग उप्र की सभी जिलों में भ्रमण करके नगरीय निकायों में ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में समस्याएं व शिकायत जान रही है।

उन्होंने ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए मौजूद नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों, आमजन से उनके विचार एवं समस्याएं जानी। प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का आयोग द्वारा संज्ञान लिया जा रहा है, प्राप्त शिकायतों को दूर किया जाएगा। आयोग नगरीय निकायों में ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का खास ध्यान रखेगा।

आयोग के सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि यह आरक्षण राजनैतिक है, आर्थिक नहीं। इसका पूरा लाभ फील्डस्तर पर मिल रहा या नहीं। आयोग द्वारा इसका परीक्षण, जांच की जा रही है। आयोग अनुभवजन्य अध्ययन, अभिलेखों एवं दृष्टांटो के आधार पर अपनी अनुशंसा शासन को सौंपेगा।

बैठक में नगरीय निकाय मोहम्मदी, लखीमपुर, निघासन में ओबीसी आरक्षण के संबंध में अपनी समस्याएं एवं सुझाव बताएं। ज्यादातर लोगों ने सर्वे प्रॉपर ना होने एवं अध्यक्ष की सीटों पर रोटेशन न होने का प्रमुखता से उल्लेख किया। बैठक के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने आयोग के प्रति आभार ज्ञापित किया।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, जेपी मिश्र, उत्तम वर्मा, सुधा निषाद, नसरीन बानो, अरविंद गुप्ता, सुनील बाथम, ईरा श्रीवास्तव, नरेश यादव, विपिन मौर्य, उत्तम वर्मा, रवि गोस्वामी, शिव प्रसाद द्विवेदी राहुल शुक्ला, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर यादव, महबूब अली, सहित बड़ी संख्या में नगरीय निकाय से जुड़े जनप्रतिनिधि राजनीतिक दल सहित आमजन मौजूद रहे।

**INDIABULLS RURAL FINANCE PRIVATE LIMITED**
(CIN :U74140MH1993PTC074596)

**Extract of the unaudited financial results for the nine months ended 31 Deccember 2022**

(Rs. in Crores)

| Particulars | Quarter ended 31 Dec 2022 | Quarter ended 30 Sep 2022 | Quarter ended 31 Dec 2021 | Nine months ended 31 Dec 2022 | Nine months ended 31 Dec 2021 | Year ended 31 March 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations | 5.58 | 5.71 | 5.15 | 16.20 | 16.06 | 21.01 |
| Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | 2.56 | 2.97 | 1.35 | 7.35 | 5.17 | 7.37 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 2.56 | 2.97 | 1.35 | 7.35 | 5.17 | 7.37 |
| Net profit for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items) | 1.80 | 2.18 | 1.02 | 5.54 | 3.69 | 5.34 |
| Total comprehensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1.85 | 2.12 | 1.02 | 5.54 | 3.70 | 5.36 |
| Paid-up equity share capital | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | 30.20 | 28.36 | 22.99 | 30.20 | 22.99 | 24.66 |
| Securities premium account | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 |
| Net worth | 146.83 | 144.99 | 139.62 | 146.83 | 139.62 | 141.29 |
| Outstanding debt | 49.90 | 49.85 | 49.70 | 49.90 | 49.70 | 49.75 |
| Debt equity ratio | 0.34 | 0.34 | 0.36 | 0.34 | 0.36 | 0.35 |
| Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs.10 per Equity Share) (EPS for the quarter and nine months are not annualised)* | | | | | | |
| -Basic (Rs) | *0.43 | *0.52 | *0.24 | *1.33 | *0.88 | 1.28 |
| -Diluted (Rs) | *0.43 | *0.52 | *0.24 | *1.33 | *0.88 | 1.28 |

**Note to financial results:**
1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 28 January 2023.
2) The above presentation is an extract of the detailed format of quarterly/ annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) regulations, 2015. The full format of quartely / annual financial results are available on the company's website (http://indiabullsruralfinance.com) and on the website of BSE (http://www.bseindia.com).

**Registered Office:** One International Center, Tower-1, 4th Floor, S. B. Marg, Elphinstone(W), Mumbai, 400013

For and on behalf of the Board of Directors

**Place** : Gurugram
**Date** : 28 January 2023

Vijay Kumar Agrawal
Director

# बंद कमरे में मिली वृद्ध महिला की लाश हत्या की आशंका

**बरेली।** पति की मौत के बाद मकान में अकेली रहने वाली एक वृद्धा की लाश आज उसके मकान के कमरे में पाई गई। मृतका के मुंह और कान से खून निकल रहा था। दरवाजे पर बाहर से ताला लगा था कई दिनों से दिखाई ना देने पर घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई जिसने पुलिस को सूचना दी ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दीं। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव उडला जागीर स्थित मकान में अकेली रहने वाली 65 वर्षीय अन्नो की लाश आज उसके मकान के कमरे में पाई गई। कमरे पर बाहर से ताला लगा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि अन्नो का पति निसार अहमद फेरी लगाकर कपड़ा बेचता था और लगभग 9 वर्ष पूर्व निसार अहमद की मौत हो गई ।उसके कोई भी बच्चा नहीं था जिसके चलते वह मकान में अकेले रहती थी ।2 दिनों से वह गांव के लोगों को दिखाई नहीं दी ।तब पड़ोसियों ने उसके मकान का दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजे पर ताला लगा था और अकेली रहने वाली अन्नो भी दिखाई नहीं दे रही थी जिसकी सूचना पड़ोसियों ने ग्राम प्रधान को दी। तब ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में जाने के बाद देखा कि बिस्तर पर अन्नो की लाश पड़ी हुई थी उसके मुंह और कान से खून निकल रहा था ।वही कमरे की दीवारों पर भी खून के निशान हैं। समझा जाता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है क्योंकि उसकी गर्दन में भी निशान है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# ऑटो रिक्शा चालक ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी ने चौपला से कुतुबखाना तक टैम्पों चलाने की करी मांग

**बरेली।** ऑटो रिक्शा चालक ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी ने चौपला से कुतुबखाना जाने वाले रास्ते मे आ रही समस्याओं और चौपला से कुतुबखाना तक टैम्पों चलाने की अनुमति दिलाये जाने को लेकर मंडलायुक्त और एसपी ट्रैफिक को दिया ज्ञापन।ऑटो रिक्शा चालक ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजकुमार गिहार ने बताया टैम्पो ऑटो रिक्शा चालक कई वर्षो से चौपुला से कुतुबखाना तक सवारी लेकर जाते है जिससे हमारा जीवन यापन होता है। अब वर्तमान समय में हमें चौपुला से कुतुबखाना टैम्पो ले जाने के लिए अचानक रोक दिया जाता है, टैम्पों में बैठी सवारी हमसे झगड़ा करती है, जिससे सवारी व हम लोगों को काफी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है, सवारी किराया भी नहीं देती है । ऑटो जाने की अनुमति देने की मांग की ।विनोद गिहार ने बताया शहर में जाम का असली कारण ई-रिक्शा वालें है जिस पर अंकुश लगाया जाये, इन ई-रिक्शा वालों को सिटी के अन्दर न जाने दिया जाये।

# महिला ने डॉक्टर की गर्दन से बुझाई सिगरेट किया हंगामा

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चौपला पर एक महिला ने जमकर हंगामा काटा , जिसके बाद उसे कोतवाली थाना क्षेत्र की चौकी बिहारीपुर पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर आई। महिला ने यहां पर ड्यूटी पर तैनात ईएमओ को सिगरेट से जला दिया और इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी के पेपर वेट उठाकर मारा । इसके बाद उस महिला ने अपने पिता को अस्पताल परिसर में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पूरे ढाई घंटे पुलिस की मौजूदगी में ये हंगामा चलता रहा।यह सब कुछ वहां पर मौजूद पुलिस तमाशबीन बनकर देखती रही।

काफी मशक्कत के बाद महिला को बरेली पागल खाने भेजा गया।दरअसल मामला यह है कि कोतवाली क्षेत्र के चौपला पर एक महिला सरेआम हंगामा काट रही थी , जिसको कोतवाली की बिहारीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार और 4 महिला कांस्टेबल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला ने अस्पताल में भी जमकर हंगामा काटा। अस्पताल में महिला ने अपने पिता को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

यह सारा माजरा महिला को लेकर आई पुलिस तमाशबीन बनकर देखती रही।ईएमओ डॉक्टर शैलेश रंजन ने बताया महिला को पुलिस द्वारा अस्पताल लाया गया था , इसके बाद महिला ने यहां पर हंगामा काटा । महिला सिगरेट पी रही थी उसने सिगरेट को उनकी गर्दन पर लाकर बुझाया , जिससे डॉक्टर शैलेश रंजन की गर्दन जल गई। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी राधेश्याम के पेपर वेट उठाकर मारा। वह नीचे बैठ गए नहीं तो उनके भी गंभीर चोट आती।

**Indiabulls Enterprises Limited**
(CIN: U71290HR2019PLC077579)

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended 31 December 2022**

(Rs. in Crores)

| Particulars | Quarter ended 31-Dec-22 | Quarter ended 30-Sep-22 | Quarter ended 31-Dec-21 | 9 months ended 31-Dec-22 | 9 months ended 31-Dec-21 | Year ended 31-Mar-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Income from operations | 25.30 | 32.30 | 56.40 | 88.30 | 159.02 | 209.01 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Share of Profit / (Loss), Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.28 | (0.98) | (18.00) | (12.95) | (63.22) | (94.85) |
| Net Profit / (Loss) for the period (after Tax and Share of Profit / (Loss) (after Exceptional and/or Extraordinary items)) | 1.51 | (3.77) | (14.79) | (16.85) | (65.85) | (98.08) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1.41 | 30.28 | (16.28) | 16.24 | (69.68) | (102.68) |
| Equity share capital | 39.67 | 39.67 | 39.67 | 39.67 | 39.67 | 39.67 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited Balance Sheet | | | | | | 226.83 |
| Earnings per share (EPS) of Rs.2 each before extraordinary items from continuing operations | | | | | | |
| - Basic (Amount in Rs.) | 0.08 | (0.19) | (0.75) | (0.85) | (3.32) | (4.95) |
| - Diluted (Amount in Rs.) | 0.08 | (0.19) | (0.75) | (0.85) | (3.32) | (4.95) |
| Earnings per share (EPS) of Rs.2 each before extraordinary items from discontinued operations | | | | | | |
| - Basic (Amount in Rs.) | - | 1.71 | (0.07) | 1.66 | (0.19) | (0.25) |
| - Diluted (Amount in Rs.) | - | 1.71 | (0.07) | 1.66 | (0.19) | (0.25) |

1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 28 January 2023.
2. **Key Standalone Financial Information:** (Rs. in Crores)

| Particulars | Quarter ended 31-Dec-22 | Quarter ended 30-Sep-22 | Quarter ended 31-Dec-21 | 9 months ended 31-Dec-22 | 9 months ended 31-Dec-21 | Year ended 31-Mar-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Income | 15.36 | 32.01 | 50.06 | 79.28 | 131.75 | 180.96 |
| Profit/(Loss) before Tax | (3.94) | 4.08 | 1.15 | 0.05 | 0.12 | (13.84) |
| Net Profit/(Loss) after Tax | (3.94) | 2.26 | 4.70 | (2.22) | (1.02) | (15.04) |

3. The above is an extract of the detailed format of quarterly / nine months financial results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / nine months Financial Results are available on the Company's website (https://www.indiabullsenterprises.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office: 5th Floor, Plot No. 108, IT Park, Udyog Vihar, Phase-1 Gurugram, Haryana 122016**

**For and on behalf of Board of Directors**

**Place : Gurugram**
**Date : 28 January 2023**

**Vijay Kumar Agarwal**
**Executive Director & CFO**

# तपोभूमि चित्रकूट में जन-जन के राम रामायण कान्क्लेव का हुआ भव्य शुभारंभ





**संवाददाता।** चित्रकूट

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला प्रशासन चित्रकूट के सहयोग से पर्यटन विभाग तथा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जन जन के राम रामायण कांक्लेव का शनिवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त आर पी सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र के विभिन्न मठ मंदिरों के साधु-संतों की उपस्थिति में राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर चित्रकूट में दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया।

इसके पूर्व अतिथियों ने निर्मोही अखाड़ा रामघाट से चलकर साधु-संतों की शोभा यात्रा का राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर के मुख्य द्वार पर आरती पूजन तथा माल्यार्पण किया एवं अयोध्या शोध संस्थान द्वारा श्री राम के चरित्र चित्रण की लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं जगतगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय के कला संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई श्री रामचंद्र जी के सचित्र वर्णन की पेंटिंग का भी अवलोकन किया गया तथा रामायण चित्र वीथिका पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि इस पावन धरा पर जन-जन के राम भगवान राम का पवित्र स्थल है जहां से गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण संपूर्ण विश्व में प्रसारित किया गया था एवं अधर्म पर धर्म असत्य पर सत्य की विजय का उपदेश दिया था। उन्होंने बताया कि भगवान रामचंद्र साढ़े 11 वर्ष तक बनवास यहां पर किए इसलिए चित्रकूट पवित्र धरती के रूप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि 'सब दिन बसत प्रभु सिया लखन समेत' कि यह चौपाईयां प्रभु श्री राम के वनवास की सांस्कृतिक समृद्धि है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम गत वर्ष प्रदेश के 16 शहरों- अयोध्या, ललितपुर, बिठूर, सहारनपुर आदि जैसे जगहों- पर भव्यता के साथ किया गया था। जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया गया था।

## ● संतों के साथ मंडलायुक्त आर पी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का उदघाटन

उसी क्रम में दूसरी कड़ी के माध्यम से रामायण कांक्लेव 2023 चित्रकूट से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका समापन 25 मार्च 2023 को अयोध्या में भव्यता के साथ होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विभिन्न कलाओं का उद्गम है उन्हें संरक्षित व संरक्षण करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन आमजन का उत्सव तभी बन सकेगा जब सभी लोग सकारात्मक छवि को बढ़ा चढ़ाकर प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि राम के आचरण पर चलने का प्रयास करते रहें।

विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा मंडल बांदा डॉ विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि आज यह प्रांगण रामायण कांक्लेव का आरंभ होने का साक्षी हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण-पाठ अपने-अपने क्षेत्र व भाषा में लोग करते हैं। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी बहुत बड़े संत के साथ साथ कोतवाल भी थे। गोस्वामी तुलसीदास ने उस समय की राजनीतिक परिक्षेत्र को समय की उन परिस्थितियों के हिसाब से लिखा है जो हमेशा सर्वकालिक रूप में रहेगी। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में जब भगवान राम बनवास कर रहे थे तो उन्हें मनाने के लिए भरत जी आए थे उन्होंने यह जनता के बीच में रेखांकित किया है कि राम का त्याग है जो परिवार चलाने की एक व्यवस्था है, गोस्वामी तुलसीदास जी उसे चलाने की व्यवस्था करते हैं। ऐसा लोक कवि एक नेतृत्व को जन्म देता है जिसने एक नायक बनाया, उसे पुरुषोत्तम राम कहते हैं।

दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास ने कहा कि साढ़े 11 वर्ष तक अनवरत साथ राम सीता और लक्ष्मण रहे। विष्णु के अवतार के रूप में भी जाने जाते हैं उन्होंने कहा कि रावण जैसे पराक्रमी को हरा, सारे ऋषियों मुनियों के आश्रम व तीर्थ स्थलों का भ्रमण किया। इस पर हनुमान जी ने कहा कि चित्रकूट से ही आपको लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा विष्णु महेश को सती अनुसुइया ने बालक के रूप में बना दिया वह स्थल चित्रकूट है।

# 14 को 338 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

## ● तैयारियों को लेकर डीएम ने अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में इस वर्ष जिले में 823 जोडों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य आवंटित किया गया था।

अब तक चार सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ है। 338 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 14 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में होगा। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि कर्वी ब्लाक में 97, मऊ में 46, मानिकपुर में 57, रामनगर में 34, पहाड़ी में 60, नगर पालिका कर्वी में 35, नगर पंचायत मानिकपुर में चार, नगर पंचायत राजापुर में चार एवं नगर पंचायत मऊ में एक लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि योजना का बड़े पैमाने पर प्रचार कर इच्छुक जोड़ों को लक्ष्य के अनुरुप तहसील, विकासखण्ड नगर पालिका, नगर पंचायत में पात्रता के अनुसार चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारुप पर सूचना कन्या के बैंक खाते की स्पष्ट छायाप्रति अनिवार्य रुप से छह फरवरी तक जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करा दें, ताकि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष मेगा इवेंट के रुप में 14 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन हो सके। ये योजना मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकता में से एक है, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

# खंड शिक्षक निर्वाचन मतदान पर 30 जनवरी को अवकाश घोषित

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी,** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र जालौन चाँदनी सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति में संदर्भित भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की गाइडलाइन के आलोक में भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन-2023 जनपद जालौन में होने वाले हैं। जनपद जालौन के सभी शिक्षक जनपद में होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचन हेतु बोनाफाइड मतदाता है, को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस 30 जनवरी 2023 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किये जाने की राज्यपाल महोदया द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त आदेश जनपद जालौन के समस्त विभागों, विभागाध्यक्षों, स्थानीय निकायों तथा अर्द्धशासकीय विभागों पर लागू होंगे। अतः सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्वि-वार्षिक निर्वाचन-2023 हेतु इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 30 जनवरी को है, जिसके दृष्टिगत जनपद जालौन में 30 जनवरी को आकस्मिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# बेटियों की शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण

**संवाददाता।** अमौली (फतेहपुर)

**सुल्तानगढ़** के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में तीन दिनों से संचालित वसंतोत्सव एवं स्थापना समारोह के अंतिम दिन गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की पावन बेला में एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप आयकर निदेशक कानपुर डॉ विजय सिंह तथा उप आयकर निदेशक लखनऊ सुधाकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से सरस्वती मंदिर में दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध पर्यावरणविद् संत स्वामी भास्करस्वरूप जी ने तथा संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। कॉलेज के प्रबंध तंत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समारोह में कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना,पूर्णाहुति यज्ञ के पश्चात गणतंत्र दिवस की पावन बेला में कवि सम्मेलन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अधिकारियों ने सांस्कृतिक मंच की शुरुआत कराई जहां पर बच्चों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोहा तो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप आयकर निदेशक सुधाकर शुक्ला ने शिक्षा को समस्त विद्यालय के बच्चों के लिए आगे बढ़ने का एकमात्र विकल्प बताया, तो डॉ विजय सिंह ने अभिभावकों से कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलाएं। वहीं सुदूर जनपदों से आए कवियों में संतोष कुमार शुक्ल ने सरस्वती वंदना के बाद सभी श्रोताओं को अपनी रचनाओं से लोटपोट कर दिया। सतीश कुमार सिंह,कमल कुमार श्रीवास्तव के बाद स्वामी भास्कर स्वरूप में भारत के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद की शहादत पर रचना पढ़ी - तन मन सारा रंगा था बसंती रंग में, शोनित से मिल वो रंग गहरा गया। घास से लिपट पीठ हरी हो गई थी, पवन उड़ा के कुछ फूल बिखरा गया। बीच में जनेऊ श्वेत डोरे तक गोलियां थीं। रोम रोम में अदम्य साहस था भरा गया। गोरों ने उठाई जब लाश वीर की तो लगा, लंदन की छाती पर तिरंगा फहराया गया। तो प्रभु राम की सर्वव्यापकता को भी गाया-शक्ति, भक्ति, रीति, नीति प्रीति के प्रतीक राम। धूल, फूल, शूल, भूल कांच में, नगीने में।

विद्यालय प्रबंधक गौरी दत्त शुक्ला ने समस्त अतिथियों आगंतुकों का आभार जताया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्र, दूरसंचार अधिकारी एसआर तिवारी, यमुना शंकर द्विवेदी, श्रीनारायण तिवारी, प्रमोद शुक्ला, पंकज शुक्ला, श्याम सुंदर अवस्थी, हर्ष अवस्थी, प्रधानाचार्य ज्ञानेश सिंह उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में अव्वल छात्र छात्राएं सम्मानित

## ● पुरस्कार पाकर खुश छात्र छात्राएं



**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात

**विकासखंड** अमरौधा के बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक गया प्रसाद शुक्ल ने बताया कि 74 गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें से समूह गान में कक्षा-12 की अजरा, सरोजिनी, अलीना, एकल गीत में कक्षा-11 की आसिया, नूरिया, साजिया रहमान, नासिरा एवं अरबिया को चयनित किया गया। वहीं लघुकथा में कक्षा नौवीं के छात्र गुलशन ने बाजी मारी। नाटक में किया,खुशी, तन, निशी, गीता एवं मुस्कान का चयन किया। शिक्षक पुष्पेन्द्र कुंमार, अवनीश शुक्ल ने निर्णायक की भूमिकाएं निभाईं। सभी प्रतिभागियों को न्यू ईयर की डायरी और पेन देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र और छात्राओं के चेहरे खिल गए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने कहा कि छात्र, छात्राओं को पढ़ने के साथ सहगामी क्रियाकलापों में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इन प्रयासों से बहुमुखी प्रतिभा निखरती है। इस अवसर पर शिक्षक विनीत कुमार बाजपेई, गंभीर सिंह, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, रामबाबू गौतम, प्रदीप कुमार, बृजेन्द्र कुमार निगम भी मौजूद रहे।

# बेवा के घर में आग से लाखों की संपत्ति स्वाहा

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम सिसोलर में शनिवार को एक बेवा के घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

गांव की रीता यादव बेवा भगवानदास के घर मंगलवार को तड़के अज्ञात कारणों से आग लगने से उसके घर में रखा सामान धू धू कर जलने लगा। उसके घर से आग के शोले उठते देख पड़ोसियों ने आग पर धूल पानी आदि डाल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन वह जब तक आग पर काबू कर पाते, तब तक गरीब बेवा के घर में रखे रुपया, जेवर, कपड़ा व गृहस्थी का सामान जलकर राख में बदल चुका था। इस अग्निकांड में लगभग तीन लाख से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ित बेवा महिला पड़ोस के खैर गांव की बताई जा रही है फिलहाल एक वर्ष से अधिक समय से वह सिसोलर में घर बनवा कर अपनी मासूम पुत्री के साथ गुजर-बसर कर रही थी।

# जच्चा-बच्चा केंद्र परिसर में दबंगों का अवैध कब्जा

## ● अतिक्रमण हटाने की कहने पर तैयार हो जाते झगड़ने के लिये

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**सहाव** गांव में सरकारी अस्पताल उप केंद्र व जच्चा बच्चा केंद्र की जगह पर गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे हैं। मना करने पर झगड़ा व मारपीट पर आमादा हैं। प्रधान समेत एएनएम व ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहाव में सरकारी अस्पताल व जच्चा बच्चा केंद्र है। उक्त सरकारी अस्पताल तक पहुंचने के रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति का मकान है। उक्त व्यक्ति ने अवैध रूप से सरकारी अस्पताल की जगह पर कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं कब्जा करने के साथ ही उन्होंने वहां टिन शेड रखवा ली है और दीवार का निर्माण करा लिया है। रास्ते में वह अपना सामान भी रखते हैं और कूड़ा कचरा भी डालते हैं। ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को दिक्कत होती है। गंदगी से लोगों को संक्रमण का भी डर सताता रहता है। सबसे अधिक दिक्कत महिला मरीजों और बच्चों को होती है। उक्त संदर्भ में प्रधान बुद्धश्री समेत एएनएम आकांक्षा देवी, उमाशंकर प्रजापति आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि मरीजों की परेशानी को देखते हुए जब ग्रामीणों ने कब्जाधारक को अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा तो वह गाली, गलौज करते हुए झगड़े व मारपीट पर आमादा हो गए। प्रधान समेत ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि अस्पताल पहुंचने में मरीजों को हो रही दिक्कत को देखते हुए उक्त अस्पताल परिसर से अवैध कब्जे को हटवाया जाए। ताकि मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने दिखाया दम

**संवाददाता।** फर्रूखाबाद

**शहर** के प्रख्यात रेलवे रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान स्कूल की प्रबंध निदेशिका स्वर्णलता गुप्ता व डायरेक्टर निमिषा गुप्ता तथा वरूण गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

यहां कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे जोश के साथ अपना दमखम दिखाया। सबसे पहले विद्यालय के कैप्टन और स्पोर्टस कैप्टन ने मशाल जलाकर प्रदर्शन किया। बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रांगण में दौड़ते बच्चों ने ध्यानाकृष्ट किया। स्कूल की डायरेक्टर निमिषा गुप्ता ने स्व0 प्रेमा बाजपेई के विद्यालय के प्रति योगदान के लिये प्रेमा बाजपेई छात्रवृत्ति की घोषणा की तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किये और बच्चों के उज्जवल भष्यि की कामना की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विवेक सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर) उप प्राचार्य भारतीय महाविद्यालय फर्रूखाबाद व डॉ समीर गुप्ता, डॉ मधुप पटेल, डॉ शैलेन्द्र सिंह बद्री विशाल डिग्री कॉलेज फर्रूखाबाद, स्कूल की प्रबंध सचिव रोहित गुप्ता, निदेशक वरूण गुप्ता, प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना तथा विद्यालय के शैक्षिक डीन रवि श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक रवाब आबदी, सह-संयोजक अंशिका अरोरा, डॉ0 अंबिका शर्मा, सैय्यद आयशा, जू0 स्कूल की संयोजक मधु दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन किया व अन्य अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।

# वागीश्वरी जयंती पर कवियों ने कविताएं पढ़कर बहाई रस-धारा

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का आविर्भाव दिवस भी माना जाता है और इस पर्व को वागीश्वरी जयंती व श्रीपंचमी के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय समाज में मान्यता है कि जिस व्यक्ति पर मां सरस्वती की कृपा होती है, वह ज्ञानी और विद्या का धनी होता है। इस दौरान साहित्य विकास समिति के द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने रचनायें प्रस्तुत करके बसंत ऋतु का स्वागत करते हुये सामाजिक समस्याओं का बखान किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर के महरहा रोड पर स्थित महेश्वरी पाण्डेय के आवास में गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के नामित कवियों ने विभिन्न विषयों में अपनी-अपनी रचनायें प्रस्तुत कर सामाजिक सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया।

समिति के सदस्यों में सूरजबली विश्वकर्मा, मृत्युंजय पाण्डेय, संजय मिश्रा, रामबली यादव, दीपू गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, हयातउल्ला नजमी, राजकुमार सोनी, सुरेश अवस्थी, जीतेश आर्य ने कार्यक्रम में आये कवियों और अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रज्जनलाल श्रीवास्तव द्वारा मां शारदे के प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं प्रेमसागर तिवारी जनक की वाणी वन्दना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पहले सभी लोगों ने खड़े होकर भारतीय संविधान के सम्मान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गान का गायन किया।

# युवक की हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**फतेहपुर।** युवक की हत्या के आरोपियों को कोर्ट ने दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 10-10 हजार का जुर्माना भरने के भी आदेश दिए है। मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना गांव निवासी अंकित उर्फ गोरे की 13 अप्रैल 2019 की रात हत्या कर शव गांव किनारे बबूल के पेड़ पर लटकाया गया था।

मृतक के पिता राजेश कुमार ने गांव के बाबूराम और उसके चांदपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी साले दीपू, गोपी के खिलाफ हत्या कर शव गायब किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता रघुराज सिंह और विवेक उमराव की संयुक्त पैरवी पर शुक्रवार को कोर्ट नंबर पांच के जज जुनैद मुजफ्फर ने तीनों को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि हत्यारोपी बाबूलाल की पुत्री को कोचिंग पढ़ाने अंकित उसके घर जाता था।

# परिवार को बेहोश कर घर से लाखों की चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस ने तीन आरोपियों को गुरुवार को जेल भेजा है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने नकदी, जेवरात, तीन मोबाइल फोन चोरी के बरामद किए हैं। एक तमंचा और चार बम भी आरोपियों से मिले हैं। गाजीपुर थानाक्षेत्र के शाह कस्बा मौहारी थोक निवासी कामता प्रसाद गुप्ता किसान और गल्ला कारोबारी हैं। वह घर में पत्नी कांती देवी, बेटी महिमा और पौत्र उज्जवल के साथ रहते हैं। पड़ोसी निशांत उर्फसिद्धार्थ सोमवार दोपहर किसान के घर पहुंचा। उसने प्रसाद का झांसा देकर सभी को नशीला पदार्थ मिला छेना खिलाया था।

परिवार के बेसुध होने पर घर से साथियों संग 35 हजार नकदी, आधा किलो चांदी, 60 ग्राम सोने के जेवरात, तीन मोबाइल चुरा ले गया था। विवेचक विपिन यादव ने बताया कि मौहारी थोक गांव के निशांत उर्फ सिद्धार्थ गुप्ता, मोलख रानी मंदिर रोड निवासी जिबरील और ज्ञान प्रकाश को शाह काजीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है। एक आरोपी मौके से भाग निकला है। उसकी तलाश में छापामारी की जा रही है। आरोपियों की निशानदेही पर जेवरात, चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे शराब, आशिक मिजाज और महंगे कपड़ों के आरोपी शौकीन हैं। शौक पूरे करने के लिए ही चोरी की वारदात की थी। पहले किसी चोरी में इनका नाम सामने नहीं आया है।

## क्विक न्यूज

### बिजली पोल से बाइक सवार टकराया, मौत

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली भट्ठे के पास तेज रफ्तार बाइक सवार रोड में टूटे पड़े बिजली के पोल से जा टकराया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई वहीं साथी गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर जिले के कीरतपुर गांव निवासी 35 वर्षीय रामप्रताप अपने भाई बब्लू के साथ निजी काम से कानपुर गए थे, देर रात कानपुर से वापस बाइक से लौट रहे थे। तभी साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली भट्ठे के पास पहुंचते ही बाइक रोड में टूटे पड़े बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक रामप्रताप की मौके पर मौत हो गई। वही साथी गंभीर घायल हो गया। रहगीरों ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने बाइक चालत को मृत घोषित कर दिया तथा घायल साथी को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत मे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। मामले में साढ़ थानाध्यक्ष सच्चिदानंद ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अतिक्रमण व बैनरों को हटाने के दिये आदेश

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी डा.चंद्रभूषण त्रिपाठी की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें 7 शिकायतें आईं। जिनके निस्तारण के लिए आदेश दिए गए। इस दौरान डीएम ने सफाई इंस्पेक्टर को कस्बे के चौराहों पर महापुरूषों की प्रतिमाओं के पास लगे अतिक्रमण और बैनरों को हटवाने के निर्देश दिए। शनिवार को कस्बे के भटियाना मोहल्ले की विमला गुप्ता ने बताया कि रामलीला मैदान के पास उसकी दुकान है और दुकान के सामने एक महिला ने अपने पुत्रों के साथ जबरन गुमटी रख ली है। हटाने के लिए कहते हैं तो वह झूठे मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देती है। महिला ने गुमटी हटाए जाने की मांग की है। डीएम डॉ चंद्रभूषण त्रिपाठी ने मौजूद लेखपालों से कहा कि जो भी शिकायत आए उसका निष्पक्ष जांच कर समाधान किया जाए। इसी तरह कोतवाली के धनौरी गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग कब्जा किए हुए हैं। कब्जा हटाने की बात कहते हैं तो मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। समाधान दिवस में एसपी शुभम पटेल, एसडीएम पवन प्रकाश पाठक, सीओ पीके सिंह, तहसीलदार अनुभव चंद्र सहित लेखपाल मौजूद रहे।

### पत्नी की शिकायत पर पति पर कार्यवाही

**जालौन (उरई)।** पत्नी के साथ मारपीट के आरोपित पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी रश्मि ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनके पति कृष्ण कुमार दुर्व्यवहार करते हैं तथा उनके साथ अकारण ही गाली-गलौज कर मारपीट करते हैं। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** राठ कस्वे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली के औड़ेरा गांव निवासी राजेश पाल(22) शुक्रवार की शाम ग्रामीण क्षेत्रों से पान बेचकर वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था कि तभी महोबा मार्ग स्थित सैदपुर गांव देवांशी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई ने बताया कि उसका भाई फेरी लगाकर राठ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पान बेचने का काम करता था। पान बेच कर अपने परिवार की गुजर-बसर करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### आत्महत्या करने का किया प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाने के गौहानी गांव निवासी 29 वर्षीय गुजराती पत्नी धनीराम शनिवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते कमरे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगा ली। जब परिजनों ने महिला को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। स्वजन आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। अधीक्षक डा. अखिलेश कुमार ने बताया कि महिला की हालत में सुधार था।

### पच्चीस कुंटल लोहा चोरी,कस्बे में दहशत

**राठ(हमीरपुर)।** गुरुवार की उरई मार्ग स्थित एक बाड़े में रखी पच्चीस कुंतल लोहे की छड़ चोर ट्रक में भरकर ले गए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी दीपक राजपूत पुत्र नारायण सिंह ने बताया कि उरई रोड स्थित रूप नगर फूल सिंह के बाड़े में है। गुरुवार की चोरों ने बाड़े के पास ट्रक लगाकर अंदर रखी 25 कुंतल लोहे की छड़ भर कर ले गए। चोरों द्वारा ट्रक में लोहे की छड़ भरने की घटना दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि शुक्रवार रात शराब के नशे में धुत एक युवक आया और दरवाजे पर खड़ा होकर गाली गलौज कर चला गया। बताया कि डेढ़ घंटे बाद वह घर में जबरन घुसकर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर जब तक स्वजन मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिससे दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### शादी समारोह में शामिल होने आयी बच्ची को ट्रक ने कुचला



**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नरायच गांव में लखनऊ से परिवार के साथ शादी में शामिल होने आई मासूम बच्ची कानपुर सागर हाईवे में सड़क पार करते ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने पीछा कर ट्रक और चालक को पकड़ लिया। चालक को थाना खन्ना पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम नरायच निवासी अरशद काफी समय से लखनऊ में रहकर कारोबार कर रहे हैं। वहां परिवार के साथ रहता है। वह परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने अपने परिवार को लेकर गांव आए थे। शादी समारोह निपटने के बाद रविवार को वापस जाने की तैयारी थी। शनिवार को करीब तीन बजे उनकी मासूम छह वर्षीय बच्ची मदीहा हाईवे किनारे मकान होने से किनारे खेलते खेलते सड़क पर पहुंच गई। इस बीच कानपुर की ओर से आ रहा ट्राला बच्ची को कुचलकर भाग निकला। घटना के बाद परिजनों सहित ग्रामीणों ने पीछा कर ट्राला और चालक को खन्ना के निकट पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतका अपने परिवार में इकलौती संतान थी। घर में हुई दर्दनाक घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है, परिजनों का रो रो कर बुराहाल है।

### जेठ ने किया दुष्कर्म, पुलिस नही लिख रही है रिपोर्ट

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में जेठ ने पड़ोसियों की मदद से छोटे भाई की पत्नी को हवस का शिकार बना डाला। महिला एवं बच्चों के शोर मचाने पर वह महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। मुकदमा दर्ज कराने के लिए पीड़िता दर-दर की ठोकरें खाती घूम रही है। पुलिस जांच के नाम पर मामले की लीपापोती कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि वह 25 जनवरी की रात्रि में बच्चों के साथ घर पर सो रही थी। रात करीब 2 बजे उसका जेठ कामता पाल पड़ोसी सुरेन्द्र सिंह एवं एक अन्य की मदद से उसके घर में पिछवाड़े से कूदकर अंदर आ गया और उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। उसने बताया कि मेरे शोर मचाने पर मेरी पुत्री रागिनी, उमा पुत्र सत्यम, शिवम जाग गए। बच्चों के शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने बताया कि पूर्व में भी कई बार छेड़खानी कर चुका है। पति के बाहर रहने के कारण वह उस पर पत्नी बनने का दबाव बनाता है। पीड़िता का आरोप है कि उसने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की थी परन्तु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गत 27 जनवरी को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा कायम नहीं किया है। फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला को पति के साथ थाने बुलाया गया है।

### ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार को सड़क पार कर रहे किशोर के तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिसमें किशोर की मौत हो गई। किशोरी की मौत के बाद शनिवार को परिवार के लोगों ने ग्रामीण के साथ मिलकर शव को सड़क पर रखकर कोंच मार्ग बंद कर दिया। व मुआवजा व सड़क पर ब्रेकर बनाने की मांग की। एसडीएम के आश्वासन के बाद जाम खोला। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी ब्रजपाल पुत्र धनु के 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक के सड़क पार करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से किशोर की मौत हो गई थी। शनिवार को जब किशोर का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने परिजनों के साथ कोंच मार्ग पर शव को रख कर मार्ग बंद कर दिया और मुआवजा दिलाने व मार्ग पर ब्रेकर बनाने की मांग की। जाम लगने की सूचना मिलने पर एसडीएम शना अख्तर मंसूरी, सी ओ उमेश कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे तथा मृतक के पिता ब्रजपाल दोहरे, दान सिंह समेत ग्रामीणों से बातचीत की तथा आश्वासन दिया कि परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा तथा जालौन कोंच मार्ग पर गांव में ब्रेकर बनाने के लोक निर्माण विभाग को बनाने के लिए लिखा जायेगा।

# पूर्वी यरूशलम में यहूदी उपासना स्थल के पास गोलीबारी, सात लोगों की मौत

भाषा। यरूशलम



**पूर्वी** यरूशलम के नेवे याकोव इलाके में यहूदी उपासना स्थल के पास गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इजराइली पुलिस और चिकित्सा कर्मियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पूर्वी यरूशलम के उत्तरी हिस्से में शुक्रवार शाम को यह गोलीबारी हुई। पुलिस ने कहा, पूर्वी यरूशलम के उत्तरी हिस्से के एक इलाके में उपासना स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले एक भवन के पास आतंकवादी कार से पहुंचा और वह गोलियां चलाने लगा।

पुलिस ने कहा कि हमलावर को भी मार गिराया गया और और हमले में इस्तेमाल की गई बंदूक जब्त की गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल ने पुलिस और चिकित्साकर्मियों के हवाले से खबर दी कि एक आतंकवादी हमले में सात लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि कार से उतरकर अधिकारियों पर गोलियां चलाते हुए भागने की कोशिश कर रहे आतंकवादी को मार गिराया गया जो पूर्वी यरूशलम का निवासी था। मेगैन डेविड एडोम बचाव सेवाओं ने कहा कि चिकित्साकर्मियों के अनुसार पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य को अस्पताल में मृत घोषित किया गया।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद इस हमले के बारे में कहा कि हमने जीवन में जो भीषण हमले देखे हैं उनमें यह एक है। उन्होंने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्ति की और लोगों से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की।

## एक अन्य हमले में दो लोग हुए घायल

**यरूशलम।** पूर्वी यरूशलम में शनिवार को एक फलस्तीनी किशोर हमलावर ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इससे एक दिन पहले ही एक उपासनास्थल के बाहर एक अन्य हमलावर ने सात लोगों को मार डाला था। वर्ष 2008 के बाद शहर में यह सबसे घातक हमला था।

चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी यरूशलम के सिलवान इलाके में आज यह गोलीबारी हुई जिसमें 47 वर्षीय एक व्यक्ति और 23 वर्षीय उसका पुत्र घायल हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों पूरी तरह होश में हैं और उनकी स्थिति थोड़ी गंभीर है।

पुलिस ने कहा कि उसने जवाबी कार्वाई कर 13 वर्षीय हमलावर पर काबू पाया और उसे घायल दशा में अस्पताल ले जाया गया। हमलावर की स्थिति के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब एक दिन बाद ही अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्षेत्र का दौरा करने वाले हैं।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल रविवार को जाएंगे रूस

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को रूस जाएंगे और अपने रूसी समकक्ष के साथ संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिलावल अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के न्योते पर मास्को जाएंगे।

उसने कहा कि वह अपने रूसी समकक्ष के साथ आधिकारिक वार्ता करेंगे, जहां दोनों पक्ष संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे तथा परस्पर हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

उनकी इस यात्रा से पहले ऊर्जा मंत्री निकोलाय सुलगिनोव की अगुवाई में रूसी प्रतिनिधिमंडल ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को तेल देने की संभावनाएं तलाशने के लिए पिछले सप्ताह पाकिस्तान की यात्रा की थी।

एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्ष पाकिस्तान को कच्चा तेल और तेल उत्पाद की आपूर्ति करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए थे और इसको लेकर तकनीकी ब्योरे को इस साल मार्च में अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पीएमएल नेता मरियम नवाज चार महीने बाद ब्रिटेन से पाकिस्तान लौटी

भाषा। लाहौर



**पीएमएल-एन** की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज अहम एसेम्बली चुनाव से पहले अपनी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए शनिवार को पाकिस्तान लौट आईं। करीब चार महीने पहले वह अपने पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मिलने लंदन गई थीं।

पार्टी की मुख्य संगठनकर्ता बनाई गईं मरियम नवाज (49) अबू धाबी से यहां अलम्मा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। वैसे विमान में चिकित्सा आपातस्थिति के चलते उनकी उड़ान में एक घंटे की देरी हुई।

पाकिस्तान वापस आने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, पाकिस्तान जिंदाबाद। भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी होने के बाद वह पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान से लंदन चली गई थीं। उस वक्त उन्होंने कहा था कि वह अपने पिता नवाज से मिलने के लिए बेताब हैं जिनसे वह 2019 से नहीं मिली।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेता मरियम नवाज ने पाकिस्तान लौटने के बाद जियो न्यूज से कहा कि वह पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी सारी ऊर्जा लगाएगी। इससे पहले पार्टी प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने कहा था कि मरियम पार्टी संगठन को नया रूप देने के लिए लौट रही हैं। इस माह के प्रारंभ में मरियम नवाज को पीएमएल-एन की मुख्य संगठनकर्ता नियुक्त किए जाने के बाद ऐसी संभावना है कि देश के राजनीतिक घटनाक्रम में उनकी भूमिका और अहम होगी। पीएमएल -एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने मरियम नवाज और गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह को पंजाब में आगामी चुनाव से पहली रैलियां एवं सभाएं करने के लिए अधिकृत किया है। पंजाब से पीएमएल-एन के एक नेता ने डॉन अखबार को बताया कि पार्टी में मरियम नवाज की पदोन्नति नवाज शरीफ की ओर से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अगुवाई वाले धड़े के लिए स्पष्ट संकेत है कि उनके उत्तराधिकारी वह नहीं बल्कि मरियम नवाज होंगी। अखबार की खबर में इस नेता के हवाले से कहा गया है, अंततः मरियम ही पार्टी का नेतृत्व करेंगी क्योंकि यही पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता (नवाज) की मर्जी है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार वीरेंद्र प्रसाद पहली मंजिल, क्षेत्रफल 83.61वर्ग Mtrs संपत्ति सं 485-बी,गलीनं.6,खसरानं.600/92,गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली, शिखा बंसल से खरीदर रहे है तथा आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधकर रख रहे है.तथा शिखा बंसल के पास प्रापर्टी से संबंधित कंवलजीत सिंह का मृत्यु और उत्तरजीवी प्रमाणपत्र,2.गुरदीप सिंह और रेणुबाला के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र मूल नहीं है यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय वीरेंद्र प्रसाद और उक्त संस्था के बीच,मान्या नही होगा.तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन

चैंबर न. ७७०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई दिल्ली- मो. न. ९८९९०१३९१८

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **(1) Mrs. Bidvantidevi Tiwari W/o Mr. Prabhakar Tiwari (2) Miss. Harshita Pathak D/o Mr. Satya Prakash Pathak are the owners of FREEHOLD RESIDENTIAL PLOT AREA MEASURING 100 SQ. YARDS i.e. 83.61 SQ. METERS, OUT OF KHASRA NO. 481, SITUATED IN THE VILLAGE OF SARFABAD PARGANA & TEHSIL DADRI, DISTT. GAUTAM BUDH NAGAR, (U.P),** from Sale Deed dated 13.06.2022 Vide Document No. 3671, is taking the financial assistance from **Utkarsh Small Finance Bank Ltd.** However, **Original Sale Deed dated 29.03.2006 and Original Sale Deed dated 12.07.2019 has been lost and not available** and a Complaint has lodged on dated 15.10.2022 with Dairy No. 076 for loss of document. If any Person having any type of claim / right / title / interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank
Sector 2, Noida, UP - 201301
Contact # 0120-4269379

# म्यांमा की सैन्य सरकार ने राजनीतिक दलों के लिए नया कानून बनाया

एपी। बैंकाक

**म्यांमा** की सैन्य सरकार ने राजनीतिक दलों के पंजीकरण को लेकर एक नया कानून बनाया है। इस कानून की वजह से साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी समूहों के लिए सेना समर्थित उम्मीदवारों को कड़ी चुनौती देना मुश्किल हो जाएगा।

नया चुनाव कानून सरकारी अखबार म्यांमा एलिन्न में प्रकाशित किया गया है। इसमें चुनाव में हिस्सा लेने वाले दलों के लिए निर्धारित न्यूनतम कोष और सदस्यता के स्तर के बारे में बताया गया है। नए कानून के जरिए उन दलों या उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई गई है, जिन्हें सैन्य शासन गैर-कानूनी मानता है या उनका संबंध ऐसे संगठनों से है, जिन्हें सैन्य सरकार ने आतंकवादी समूह घोषित कर रखा है।

सेना ने फरवरी 2021 में आंग सांग सू ची की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार का तख्तापलट कर दिया था। उसने सू ची और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के शीर्ष सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था। सू ची की पार्टी ने नवंबर 2020 के आम चुनाव में दूसरे कार्यकाल के लिए प्रचंड बहुमत हासिल किया था।

सैन्य तख्तापलट के विरोध में देशभर में हुए प्रदर्शनों को सुरक्षाबलों ने कुचल दिया था, जिसमें करीब 2,900 आम नागरिकों की मौत हुई थी और हज़ारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

नया कानून दलों को संघीय निर्वाचन आयोग में पंजीकरण कराने के लिए दो महीने का वक्त देता है और ऐसा न करने वाले दल खुद-ब-खुद अमान्य हो जाएंगे और उन्हें भंग मान लिया जाएगा।

पूरे देश में चुनाव लड़ना चाह रहे दलों के लिए जरूरी होगा कि वे पंजीकरण के बाद तीन महीने में कम से कम एक लाख सदस्य बनाएं, जो 2020 के चुनाव के लिए तय किए गए न्यूनतम स्तर से 100 गुना ज्यादा है। दलों को छह महीने के अंदर देश के आधे नगरों में अपने दफ्तर खोलने होंगे और कम से कम आधी सीटों पर चुनाव लड़ना होगा।

नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि वह सेना की ओर से कराए जाने वाले चुनाव को स्वीकार नहीं करेगी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि सेना फर्जी चुनावों के जरिए राजनीतिक वैधता और अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाने की कोशिश कर रही है।

नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी ने शुक्रवार को एसोसिएटिड प्रेस को भेजे संदेश में नए कानून को खारिज किया है। पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य क्याव हटवे ने कहा, नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की केंद्रीय कार्य समिति इसे स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि सैन्य परिषद की सभी कार्वाइयां अवैध हैं। सैन्य परिषद द्वारा किए गए तख्तापलट ने भी मौजूदा कानूनों का उल्लंघन किया है और लोग उसका बिल्कुल भी समर्थन नहीं कर रहे हैं।

म्यांमा में फिलहाल 90 से ज्यादा राजनीतिक दल हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सेना के समर्थन वाली यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी ही नए कानून के तहत निर्धारित जरूरतों को पूरा कर पाएगी। इस पार्टी ने 2020 के चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन किया था।

## अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी

**बेवरली क्रेस्ट (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में शनिवार की सुबह गोलीबारी की हुई नवीनतम घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के सार्जेंट फ्रैंक प्रेसियाडो ने लॉस एंजिलिस के नजदीक बेवरली क्रेस्ट में देर रात दो बजकर करीब 30 मिनट पर गोलीबारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिन सात लोगों को गोली मारी गई है उनमें चार बाहर थे जबकि मारे गए तीन लोग वाहन में सवार थे। हमले के हताहतों की पहचान जाहिर नहीं की गई है। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रेसियाडो ने कहा कि उनके पास गोलीबारी की वजह संबंधी जानकारी नहीं है और यह भी नहीं पता कि घटना आवास में हुई या बाहर।

## अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**मोंटारा (अमेरिका)।** अमेरिका में भारतीय मूल के 41 वर्षीय एक व्यक्ति को पत्नी और दो बच्चों को बिठाकर कार को जानबूझकर उत्तरी कैलिफोर्निया में खतरनाक चट्टानों से 250 फुट (70 मीटर) नीचे ले जाने के लिए हत्या की कोशिश और बाल उत्पीड़न के संदेह में जेल भेज दिया गया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को अस्पताल से छुट्टी मिलते ही जेल भेज दिया गया है। कार्यालय ने बताया कि कैलिफोर्निया के पासाडेना निवासी धर्मेश ए. पटेल (41) को जेल में डाल दिया गया, जहां से उसे जमानत नहीं दी जाएगी।

# अफ्रीकी मूल के व्यक्ति की पिटाई का वीडियो देखकर गुस्सा आया और दुख हुआ: बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के मेम्फिस में अफ्रीकी मूल के एक व्यक्ति की पुलिस द्वारा कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या किए जाने का वीडियो सामने आने के बाद कई शहरों में शुरू हुए प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वीडियो देखकर उन्हें दुख हुआ और गुस्सा आया।

यह घटना इस महीने के शुरू में हुई थी जिसका वीडियो शुक्रवार को टेनेसी प्रांत की मेम्फिस पुलिस ने जारी किया। इस वीडियो में पुलिस कर्मी टायर निकोल्स को, घूंसों, लातों और डंडों से पीटते हुए दिख रहे हैं। इसके तीन दिन बाद एक अस्पताल में निकोल्स की मौत हो गई।

वीडियो के सामने आने के बाद देश भर में सामाजिक तनाव बढ़ गया। मेम्फिस समेत कई शहरों में प्रदर्शन हुए। न्यूयॉर्क शहर में प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। हालांकि पुलिस के साथ मामूली झड़प के बाद तीन प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। व्हाइट हाउस ने कई शहरों के महापौरों से बातचीत की और उनसे स्थिति को शांत करने का आह्वान किया है। इनमें अटलांटा के मेयर आफताब पुरेवल और क्लीवलैंड के मेयर जस्टिन मोरिस बिब भी शामिल हैं।

निकोल्स के रिश्तेदारों ने लोगों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील की है। उनकी मां रोवॉन वेल्स ने कहा, मैं नहीं चाहती कि हमारा शहर जले, सड़कों पर तोड़फोड़ हो, ...। उन्होंने कहा, अगर आप लोग मेरे लिए और टायर के लिए यहां आएं हैं तो आप शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। वीडियो पर राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, कई लोगों के तरह ही, पिटाई का वीडियो देखकर मुझे भी दुख हुआ और गुस्सा आया जिसमें टायर निकोल्स की मौत हो गई। यह उस दर्द एवं पीड़ा की याद दिलाता है जिससे काले और अश्वेत अमेरिकियों को हर दिन सामना करना पड़ता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, वीडियो सात जनवरी का है जिसमें मेम्फिस पुलिस 29 वर्षीय निकोल्स को पीट रही है और वह छोड़ देने की मन्नते कर रहा है। घटना के वक्त वह घर जा रहा था लेकिन पुलिस ने कथित रूप से लापरवाही से गाड़ी चलाने को लेकर उसे पकड़ा था।

अधिकारियों की ओर से जारी वीडियो में दिख रहा है कि मेम्फिस पुलिस के पांच अधिकारी निकोल्स को पकड़े हुए हैं और उसे घूंसों, जूतों और लाठी से पीट रह हैं। दैनिक की खबर के मुताबिक, उसे करीब तीन मिनट तक पीटा गया और इस दौरान उसने पलटवार करने की कोई कोशिश नहीं की। चार वर्षीय बच्चे के इस पिता की तीन दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई। वह फेडएक्स इकाई में काम करता था। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी कहा कि अमेरिका में पुलिस के कदाचार और अत्याधिक बल के इस्तेमाल का मसला अब खत्म होना चाहिए।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि बीएम गुप्ता हॉस्पिटल प्रा. लिमिटेड, एच-9 से एच-15, उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059 द्वारा 01-01-2019 से 31-12-2019 की अवधि के लिए स्वीकार्य नियमों के अनुसार रोगियों के रिकॉर्ड को नष्ट कर दिया जाएगा। यदि किसी को उपरोक्त उल्लिखित अवधि का रोगी रिकॉर्ड चाहिए, तो 15-02-2023 से पहले दूरभाष 011-47157777 पर या बीएम गुप्ता अस्पताल में चिकित्सा निदेशक से संपर्क करें।

डॉ. बीएम गुप्ता
Director

**सार्वजनिक सूचना**

क्षेत्रीय निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष उत्तरी क्षेत्र कंपनी अधिनियम, 2013,कंपनी अधिनियम 2013, की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 41 के मामले में
और
मैसर्स नाथ ब्रोदर्स एक्सिम इंटरनेशनल लिमिटेड(CIN:U52110DL1971PLC005626) जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय 42/1,हनुमान रोड़, नई दिल्ली–110001 में स्थित है के मामले में, आवेदक।

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी को ऐसे संपरिवर्तन का अधिकार देने के लिए तारीख 27 दिसम्बर, 2022 को आयोजित विशेष आम अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प की शर्तो के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संपरिवर्तन करनी की इच्छा रखने वाली कंपनी ने पूर्वोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अधीन आवेदन किया है।

कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति के कारण यदि किसी व्यक्ति के हित पर प्रभाव पडने की संभावना है तो वह व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर निम्नलिखित पते पर आवेदक कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को भेजी गई प्रति सहित किसी हलफनामे द्वारा अपनी आपत्ति भेज सकता है या किसी माध्यम से भिजवा सकता है या रजिस्ट्रीकृत पोस्ट द्वारा भेज सकता है जिसमें संबधित क्षेत्रीय निदेशक,(उत्तरी क्षेत्र)पताः बी.2, विंग, दूसरी मंजिल, पंडित दीन दयाल अंतोदया भवन, CGO कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003 को उसके हित और आपत्ति के आधार की प्रकृति का उल्लेख किया जायगा।

नाथ ब्रोदर्स एक्सिम इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए या उसकी ओर से

(विश्व नाथ)
प्रबंध निदेशक
डिनः 00829358

दिनांक : 29.01.2023
स्थान : नई दिल्ली
रजिस्ट्रीकृत कार्यालयः
42/1,हनुमान रोड़, नई दिल्ली–110001

## ब्राजील की पुलिस ने बोलसोनारो के एक रिश्तेदार के घर की तलाशी ली

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की संघीय पुलिस ने दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों द्वारा गत आठ जनवरी को राजधानी में सरकारी इमारतों पर धावा बोलने के मामले में पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के एक रिश्तेदार के घर की तलाशी ली। लियोनार्डो रोड्रिग्स डी. जीसस का घर उन जगहों में से एक था जहां छापेमारी की गई।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Bibi Asma Fatma, W/o. Mohd. Kamil Hussain, R/o.B-28/7, Flat No.101, UGF, Thoker No.7, Shaheen Bagh, New Delhi-110025 have changed my name to Asma Fatma for all future purposes.

PD(90255)A

# 'अमेरिका को रूसी सैन्य उपकरणों के विकल्प खोजने में भारत की मदद करने की जरूरत'

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** की राजनीतिक मामलों की उपविदेश मंत्री विक्टोरिया नूलैंड ने सांसदों से कहा है कि अमेरिका को रूसी सैन्य उपकरणों के विकल्प खोजने में भारत की मदद करने की जरूरत है और यह काम हमें करना है। नूलैंड ने यह टिप्पणी विदेश कार्यालय से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए भारत यात्रा से पहले की है।

नूलैंड चार देशों-भारत, नेपाल, श्रीलंका और कतर के 28 जनवरी से तीन फरवरी के दौरे के दौरान दिल्ली जाएंगी। उन्होंने रूस पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान सीनेट विदेश संबंध समिति के सदस्यों से कहा, मुझे लगता है कि वे (भारत) 60 साल के उलझाव के बाद अपने लिए विकल्प तलाशना चाहते हैं, और उन्हें विकल्प उपलब्ध कराने का यही वह काम है जो हमे करना है।

वह सीनेटर जेफ मार्कले के एक सवाल का जवाब दे रही थीं जब उन्होंने सांसदों को बताया कि वह भारत की यात्रा पर जा रही हैं। मार्कले ने कहा, मुझे सुनकर खुशी हुई कि आप भारत जा रही हैं। मुझे लगता है कि जंग के मैदान में रूस के हथियारों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे उनकी (भारत की) रूचि कम होगी। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में हुए मतदान से गैर हाजिर रहने को लेकर भारत की अमेरिकी सांसदों ने आलोचना की थी। इनमें रिपब्लिक और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के सांसद शामिल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत द्वारा रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। नूलैंड ने जवाब में कहा, भारत की मेरी पिछली यात्रा के दौरान सबसे पहली चीज़ हमने जो कही थी कि वह यह थी कि देखिए कि इन हथियारों ने युद्ध के मैदान में कैसा प्रदर्शन किया है। मार्कले ने कहा कि अमेरिका को रूस के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने में भारत और दक्षिण अफ्रीका तथा आसियान राष्ट्रों के साथ मुश्किल हो रही है। नूलैंड ने कहा, दक्षिण अफ्रीका और भारत के संबंध में आप जानते हैं कि इन देशों के रूस के साथ ऐतिहासिक रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें नियमित रूप से बताने की कोशिश कर रहे हैं कि ए निर्भरताएं उन्हें और अधिक कमजोर बनाती हैं और हम ऐसा करना जारी रखेंगे। तेल मूल्य सीमा के मामले में भारत काफी संदेह कर रहा था लेकिन वे अब प्रमुख लाभार्थी है क्योंकि वे रूस से जो तेल खरीद रहे हैं वह बहुत सस्ता है। नूलैंड ने कहा कि भारत को रूसी हथियारों से दूर करने पर काम किया जा रहा है और मेरी अगले हफ्ते की भारत यात्रा के दौरान इस समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत की जाएगी। दक्षिण अफ्रीका का मामला जटिल है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नवंबर 2021 में कहा था कि भारत स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है और रक्षा हथियारों की खरीद राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के मद्देनजर की जाती है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No/Fax. 0135 2671940
Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4864/ई-निविदा सूचना/2022-23
दिनांक : 27/01/2023

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73000.00 | 2500 + GST | 6 माह |
| 2 | कालसी | छटोऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 60000.00 | 2000 + GST | 6 माह |
| 3 | कालसी | खणी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 81000.00 | 3000 + GST | 6 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 30.01.2023 at 11:00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 30.01.2023 at 11:00 Hrs. |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 04.02.2023 at 11:00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 10.02.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 10.02.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 6 | बिड खोलने की तिथि। | 13.02.2023 at 11:00 Hrs. |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड़, देहरादून-248001

पत्रांक : 4874/ई-निविदा सूचना/2022-23
दिनांकः 28.01.2023

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | मलेथा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 353000.00 | 4000+GST | 09 माह |
| 2 | चकराता | रायगी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 355100.00 | 4000+GST | 09 माह |
| 3 | चकराता | जोगियो पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं कार्य। | 367500.00 | 4000+GST | 09 माह |
| 4 | चकराता | लोहारी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343800.00 | 4000+GST | 09 माह |
| 5 | डोईवाला | मोतीचूर पेयजल योजना के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत उर्ध्व जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 306800.00 | 4000+GST | 12 माह |
| 6 | डोईवाला | गढी मयचक पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 451300.00 | 4000+GST | 12 माह |
| 7 | डोईवाला | गुमानीवाला पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण पाइप लाइन बिछाने पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 561000.00 | 4000+GST | 12 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 30.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 30.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 03.02.2023 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 06.02.2023 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 10.02.2023 upto17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 10.02.2023 upto17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 13.02.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खेलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए राष्ट्र निर्माण में साथ दें

**भाषा।** हुब्बली (कर्नाटक)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि जब देश 2047 में अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मनाए तो भारत हर क्षेत्र में अव्वल हो।

शाह ने युवाओं से अपने व्यक्तिगत जीवन में प्रगति के लिए संकल्प लेने और आजादी के इस 75वें वर्ष में किसी न किसी क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का भी आह्वान किया। गृह मंत्री ने कहा, 2047 में जब हम आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएं, तो हमारा यह महान देश हर क्षेत्र में अव्वल होना चाहिए। ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए आप नौजवानों को प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की अपील पर जरूर साथ आना चाहिए। आपको महान भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। बी वी भूमराड्डी कॉलेज के प्लेटिनम जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में देश द्वारा की गई प्रगति और कई क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार द्वारा रखी गई मजबूत नींव का जिक्र किया। उन्होंने परिसर में एक इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व छात्र एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा, कई मंत्री और विधायक उपस्थित थे। शाह ने विद्यार्थियों और युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम और देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले लोगों के बारे में पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा, हर कोई भाग्यशाली नहीं होता कि वह हमारे सैनिकों की तरह देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर सके। हम देश के लिए अपने प्राणों की आहुति नहीं दे सकते, लेकिन हम इस देश के लिए अपना जीवन जी सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा, व्यक्ति को अपने व्यवसाय या पसंद के क्षेत्र में उंचाई हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन साथ ही हमारा लक्ष्य यह भी होना चाहिए कि भारत पूरी दुनिया में अव्वल बने।



शाह ने कहा कि आठ साल में भारत की अर्थव्यवस्था 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। उन्होंने कहा कि यह अनुमान जताया जा रहा है कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। गृह मंत्री ने कहा, (प्रधानमंत्री) मोदी ने इस बात को ध्यान में रखते हुए, भारत के युवाओं के लिए एक सपना देखा है कि भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाए।

## शाह ने वंशवाद की राजनीति के लिए कांग्रेस, जद (एस) पर साधा निशाना

कुंदगोल (कर्नाटक)। कर्नाटक में मई में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के विजय संकल्प अभियान के तहत शनिवार को यहां एक रोड शो में शामिल हुए। शाह ने विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) पर निशाना साधते हुए और उन पर वंशवाद की राजनीति करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांगा।गृह मंत्री यहां बसवन्ना देवरा मठ से गली मरियम्मा मंदिर तक एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक निकाले गए रोड शो में विशेष रूप से सजाए गए खुले वाहन में सवार थे। रोड शो में शाह के साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा, पार्टी के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार भी थे। ढोल-नगाड़ों की आवाज, मोदी मोदी , भारत माता की जय के नारों के बीच विभिन्न स्थानों पर नेताओं को ले जा रहे वाहन पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाई। शाह ने रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) पर वंशवाद की राजनीति करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। भाजपा सरकार के विभिन्न जन-समर्थक कार्यक्रमों को गिनाते हुए, उन्होंने कहा, कांग्रेस केवल गांधी परिवार की आरती करती है, और जद (एस) में दादा, बेटा, पोता, उनकी पत्नियां, पोते का बेटा हर कोई चुनाव लड़ना चाहता है। नौजवानों को बताना चाहिए कि क्या उस पार्टी में उनकी जगह है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा में ही युवाओं का स्थान होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने वैश्विक स्तर पर देश के गौरव को बुलंदियों पर पहुंचाया है। शाह ने कहा, मोदी ने देश को आतंकवादियों से सुरक्षित करने के लिए काम किया है, मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया है, साथ ही अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी किया है। उन्होंने लोगों से आगामी चुनावों में भाजपा को वोट देने की अपील की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के रोड शो का उद्देश्य धारवाड़ जिले के कुंदगोल और इसके पड़ोसी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के पक्ष में जनता का समर्थन हासिल करना था।

# निर्देश देने संबंधी याचिका उच्चतम न्यायालय में दाखिल

## नागरिकों के मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय में एक याचिका की दायर की गई है जिसमें केंद्र एवं अन्य को एक ऐसा तंत्र तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध है जिससे नागरिकों को संसद में अर्जी के माध्यम से अपनी बात पहुंचाने और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर देश के शीर्ष विधाई निकाय में चर्चा शुरू करवाने की व्यवस्था हो। यह याचिका शुक्रवार को न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने याचिकाकर्ता करण गर्ग की ओर से पेश वकील से याचिका की एक प्रति केंद्र सरकार के वकील को देने को कहा और मामले की सुनवाई फरवरी के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहन जे अल्वा ने दलीलें रखी। याचिका में यह घोषित करने की मांग की गई है कि संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए) और 21 के तहत नागरिकों को उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बहस, चर्चा और विचार-विमर्श की मांग को लेकर सीधे संसद में आवेदन का मौलिक अधिकार हैं।

याचिका के अनुसार, 'वर्तमान रिट याचिका में प्रार्थना की गई है कि प्रतिवादियों (केंद्र और अन्य) के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाना अनिवार्य है कि किसी बाधा और कठिनाइयों का सामना किए बिना नागरिकों की संसद में अपनी आवाज सुनी जा सके' याचिका में कहा गया है कि देश का एक सामान्य नागरिक जब वोट डाल देता है और प्रतिनिधियों को चुन लेता है तो आगे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उसकी भागीदारी की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है। याचिका में कहा गया है कि किसी भी औपचारिक तंत्र का पूर्ण अभाव है जिसके द्वारा नागरिक सांसदों के साथ जुड़ सकते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा सकते हैं कि संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस हो। याचिका के अनुसार, 'इस तंत्र की गैर-मौजूदगी निर्वाचित प्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच एक शून्य पैदा करती है। लोग कानून बनाने की प्रक्रिया से अलग हो जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र में पूरी तरह से भाग लेने के लिए नागरिकों को उनके निहित अधिकारों से दूर करना गंभीर चिंता का विषय है और यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे तुरंत निपटाने की आवश्यकता है'

## सरकार कम उम्र में विवाह रोकने को प्रतिबद्ध : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार कम उम्र में विवाह और इस दौरान बच्चे के जन्म को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब राज्य सरकार ने बाल विवाह और कम उम्र में मां बनने की परिपाटी को रोकने के लिए सख्त कानून लाने और यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं का इस्तेमाल करने का फैसला किया है।यहां आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हजारों पति अगले पांच से छह महीने में गिरफ्तार होंगे क्योंकि 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना अपराध होगा, भले वे वैध तरीके से उसके पति हैं।

## सितार वादक अनुष्का शंकर 65वें वार्षिक गैमी पुरस्कार समारोह में प्रस्तुति देंगी

**मुंबई।** संगीतकार और सितार वादक अनुष्का शंकर पांच फरवरी को लॉस एंजिलिस के माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में आयोजित 65वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में प्रस्तुति देंगी।अनुष्का अपने नए एल्बम वल्चर प्रिंस के गायक आरोज आफताब के साथ उधेरो ना गीत पर प्रस्तुति देंगी। इस गीत को इस साल के ग्रैमी में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन श्रेणी में नामांकित किया गया है। मेट्रोपोल ऑर्केस्ट और जूल्स बकले के साथ शंकर की नवीनतम एल्बम बिटविन अस को भी सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम के लिए नामांकित किया गया है, जिससे वह एक वर्ष में दो ग्रैमी पुरस्कार में नामांकित होने वाली पहली भारतीय महिला संगीतकार बन गई हैं। उन्होंने कहा, तीसरी बार ग्रैमी अवार्ड्स प्रीमियर समारोह में प्रदर्शन करने को लेकर मैं बहुत खुश हूं। इस बार मैं अद्भुत आरोज आफताब के साथ मंच साझा करने के लिए उत्साहित हूं। दोनों उधेरो ना गीत पर अपनी प्रस्तुति देगें। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं आभारी हूं कि इस गीत और मेरे एल्बम बिटविन अस... पर मेरे संगीत को फिर से नामांकन मिला है और इस विश्व मंच पर भारत और मेरे वाद्य यंत्र, सितार का प्रतिनिधित्व करने पर मुझे गर्व है। र्ष 2002 में शंकर के एलबम लाइव एट कार्नेगी हॉल को विश्व संगीत श्रेणी में नामांकित किया गया था उस समय वो सबसे कम उम्र में ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थी। इसके अलावा वर्ष 2005 में वह ग्रैमी समारोह में प्रदर्शन करने वाली भारतीय संगीतकार भी थीं, वहीं उन्होंने 2016 और 2021 में भी समारोह में प्रदर्शन किया था।

## उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश नरीमन ने कॉलेजियम के खिलाफ आक्षेप के लिए किरेन रीजीजू की निंदा की

**मुंबई।** उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहिंटन फली नरीमन ने न्यायाधीशों की नियुक्ति संबंधी कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू के आक्षेप के लिए उनकी निंदा की और कहा कि कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नामों पर फैसला नही लेना लोकतंत्र के लिए घातक है। नरीमन ने कहा कि अगर स्वतंत्र न्यायपालिका का आखिरी स्तंभ गिर जाता है, तो देश रसातल मे चला जाएगा और एक नए अंधकार युग की शुरुआत होगी। उन्होने शुक्रवार को मुंबई विश्वविद्यालय में सातवें मुख्य न्यायाधीश एम सी छागला स्मृति व्याख्यान मे कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता क्या है जब स्वतंत्र और निडर न्यायाधीशो की नियुक्ति नही की जा रही है। शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश ने विशेष पांच-न्यायाधीशो की एक पीठ के गठन का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक बार कॉलेजियम द्वारा किसी न्यायाधीश के नाम की सिफारिश करने के बाद सरकार को 30 दिनो के निश्चित समय के भीतर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, नामो पर फैसला नही लेना लोकतंत्र के लिए घातक है। क्योंकि आप केवल यह कर रहे है कि आप एक विशेष कॉलेजियम की प्रतीक्षा कर रहे है और उम्मीद कर रहे है कि अगला कॉलेजियम अपना विचार बदलेगा। नियुक्ति एक उचित समय अवधि के भीतर की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, संविधान इसी तरह काम करता है, और यदि आपके पास स्वतंत्र और निडर न्यायाधीश नही है, तो कुछ नही बचा है। वास्तव मे, मेरे अनुसार, यदि लोकतंत्र का यह स्तंभ गिर जाता है, तो हम एक नए अंधकार युग मे चले जाएंगे। अगस्त 2021 मे सेवानिवृत्त होने तक नरीमन उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम का हिस्सा थे। रीजीजू ने न्यायाधीशो की नियुक्ति संबंधी कॉलेजियम प्रणाली पर बार-बार सवाल उठाया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल मे कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द करना संसदीय संप्रभुता के साथ एक गंभीर समझौता था। नरीमन ने कहा, हमने इस प्रक्रिया (न्यायाधीशो की नियुक्ति) के खिलाफ केंद्रीय कानून मंत्री की निंदा सुनी है। मै कानून मंत्री को आश्वस्त करता हूं कि दो बहुत ही बुनियादी संवैधानिक मूलभूत बातें है जिन्हे उन्हें जानना चाहिए। उन्होने कहा, एक मौलिक बात यह है कि अमेरिका के विपरीत, भारत मे कम से कम पांच न्यायाधीशो पर संविधान की व्याख्या के लिए भरोसा किया जाता है। इसलिए, संविधान की व्याख्या करने के लिए इस संविधान पीठ पर भरोसा किया जाता है और एक बार जब वे ऐसा कर लेते है, तो एक प्राधिकारी के रूप मे यह आपका कर्तव्य है कि आप उस निर्णय का पालन करें। उन्होने कहा, आप इसकी आलोचना कर सकते है...एक नागरिक के तौर पर मै इसकी आलोचना कर सकता हूं...कोई समस्या नही...लेकिन यह कभी न भूलें कि आप एक प्राधिकारी (अथॉरिटी) हैं।

## गुजरात: फर्जी दस्तावेज से वीजा हासिल करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद मे विदेश यात्रा के लिए वीजा दिलाने के वास्ते कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप मे एक टूर एंड ट्रेवेल एजेंसी से जुड़े तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि एक ट्रेवल एजेंसी पर छापेमारी के बाद तीनो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि छापे के दौरान यह पता चला था कि वे सरकारी और निजी एजेंसी के दस्तावेज बनाने के लिए नोटरीकृत टिकट का इस्तेमाल कर रहे थे, ताकि लोगों को धोखाधड़ी से वीजा, विशेष रूप से पर्यटक वीजा मिल सके। छापेमारी के दौरान सरकारी और निजी कंपनियो के प्रमाणपत्रो और दस्तावेजो के साथ 39 पासपोर्ट, 55 नोटरीकृत स्टाम्प, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क और प्रिंटर जब्त किए गए। तीनों व्यक्तियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और अन्य अपराधों के उद्देश्य से जालसाजी करने का आरोप लगाया गया है। गुजरात पुलिस इस तरह की धोखाधड़ी की जांच तब से कर रही है जब पिछले साल जनवरी मे गांधीनगर जिले के डिंगुचा के एक परिवार के चार सदस्यो की कनाडा से अवैध रूप से अमेरिका मे प्रवेश करने की कोशिश के दौरान मौत हो गई थी।

## झारखंड में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव, दो पुलिसकर्मी घायल

**रांची।** झारखंड के जामताड़ा जिले मे सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई पथराव की घटना मे दो पुलिसकर्मियो के घायल होने के बाद शनिवार को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी गई। अधिकारियो ने बताया कि घटना डोकाडीह गांव में शुक्रवार की शाम तब हुई जब एक समुदाय के सदस्यो ने विसर्जन जुलूस को अपने इलाके से जाने से रोका। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियो ने जब उन्हें समझाने का प्रयास किया तो वे पथराव करने लगे, जिसमे दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होने कहा कि घटना के बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हवा मे गोलियां चलानी पड़ी। जामताड़ा के उपायुक्त फैज ए. अहमद मुमताज ने कहा, ऐसा लगता है कि यह असमाजिक तत्वों का पुलिसकर्मियो पर पूर्व नियोजित हमला था। घटना मे दो पुलिसकर्मी घायल हुए है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। उन्होने कहा कि हालात नियंत्रण मे है और गांव मे धारा 144 लगा दी गई है।

## ईडी ने आंध्र के व्यापारी की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने आंध्र प्रदेश के उस व्यापारी की 24 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है, जो चीन से आयातित सामानो का कथित तौर पर कम मूल्य प्रदर्शित करता था। ईडी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में स्थित कुछ आवासीय परिसर और भवानी डायमंड टूल्स के मालिक एम हरि बाबू की अन्य अचल संपत्तियो को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आदेश जारी किए जाने के बाद जब्त कर लिया गया है। कुर्क की गई संपत्तियो की कुल कीमत 24.13 करोड़ रुपए है। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि बाबू सामानों पर सीमा शुल्क का कम भुगतान करने के इरादे से कथित तौर पर इनका कम मूल्य प्रदर्शित करता था।

# प्रवर्तन निदेशालय ने कोयला लेवी घोटाला, धनशोधन मामले में चार को गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के कोयला लेवी घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए चार लोगों में नौकरशाह सौम्या चौरसिया के एक करीबी विश्वासपात्र , दो खनन अधिकारी और एक कथित ठग शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि ईडी ने चारों को धनशोधन रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया था और रायपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने उन्हें 30 जनवरी तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया।

एजेंसी ने इस मामले में 13 जनवरी को छत्तीसगढ़, दिल्ली और पुणे में नए सिरे से छापेमारी की थी और इन चारों को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में दीपेश टांक है, जो सौम्या चौरसिया का करीबी विश्वासपात्र है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय में उप सचिव सौम्या चौरसिया इस मामले में आरोपी हैं। धन शोधन का मामला आयकर विभाग की उस शिकायत के बाद सामने आया, जिसे जून 2022 में कर अधिकारियों द्वारा छापेमारी के बाद दर्ज किया गया था। इस मामले में पिछले साल चौरसिया, राज्य के एक आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और कुछ कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया था।

एजेंसी के अनुसार, ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, कारोबारियों, नेताओं और बिचौलियों के एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्एक टन कोयले पर 25 रुपए की अवैध उगाही की जा रही थी। इस सप्ताह गिरफ्तार किए गए लोगों में दो खनन अधिकारी संदीप कुमार नायक (सूरजपुर में तैनात) और शिव शंकर नाग (कोरबा में कार्यरत) भी शामिल हैं और एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने 'जानबूझकर और स्वेच्छा से सूर्यकांत तिवारी ( घोटाले के कथित मुख्य सरगना) के सिंडिकेट को जबरन वसूली करने और अपराध की आय हासिल करने में मदद की। गिरफ्तार किया गया चौथा व्यक्ति राजेश चौधरी है, जो कथित रूप से एक ठग है। ईडी ने कहा था, 'मामलों को निपटाने के लिए बिचौलिए के रूप में काम करने का दावा करके वह लोगों को धोखा दे रहा था। ईडी ने बयान में कहा, ईडी की जांच में सामने आया है कि सुनील अग्रवाल (पिछले साल अक्टूबर में इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए एक आरोपी और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में) के परिवार के सदस्य उसकी रिहाई के लिए भरसक प्रयास कर रहे थे। ईडी ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें ए चार गिरफ्तारी भी शामिल हैं।

## वाईएसआरसीपी सांसद अविनाश रेड्डी हत्या मामले में सीबीआई के समक्ष पेश हुए

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी के छोटे भाई विवेकानंद रेड्डी की 2019 में हुई हत्या के मामले में कडपा से लोकसभा सदस्य अविनाश रेड्डी शनिवार को यहां केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। सीबीआई ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से सांसद को पहले 24 जनवरी को पेश होने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने और समय मांगा था जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 जनवरी की नई तारीख दी थी।

# अहमदाबाद में बाल वैज्ञानिकों का जमावड़ा

**अहमदाबाद।** बाल विज्ञान कांग्रेस के 30वें राष्ट्रीय आयोजन में बाल विज्ञानी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार बाल वैज्ञानिकों के प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण को पहली बार देश भर के लिए यूट्यूब पर लाइव किया जा रहा है। पुरातन बाल वैज्ञानिकों का भी एक अलग सत्र रखा गया हैं जिसे भारत सरकार के वर्तमान वरिष्ठ वैज्ञानिक इंजीनियर सुजीत बनर्जी व पूर्व राष्ट्रीय संयोजक रहे डॉ. मधु फूल व डॉ. डीके पांडे समन्वयन करेंगे। इस बार बाल वैज्ञानिक एक रोबोट से बात भी करेंगे और अपनी प्रोजेक्ट की समस्या पर चर्चा भी करेंगे। 30 साल के सफर में राजकोट गुजरात की पहली बाल वैज्ञानिक के प्रोजेक्ट को पेटेंट भी मिला हैं। साथ ही देश और दुनिया से पहुंच रहे बाल वैज्ञानिकों से इसरो के निदेशक, देश का पहला सुपर कंप्यूटर बनाने वाले वैज्ञानिक डॉ. विजय भटकर भी बच्चों से बातचीत करेंगे। उत्तर प्रदेश पश्चिम के नोडल अधिकारी डॉ. वीपी सिंह और राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया कि हमारे यहां से 21 बाल वैज्ञानिक सहित 29 लोगों का दल दुनिया में विज्ञान के सबसे बड़े आयोजन में भाग लेने गया है। इसमें मेरठ से खुशी और छवि, औरैया से सलोनी सैगर, बरेली से लक्षिता पांडे, बुलंदशहर से देवश्य सोलंकी, फर्रुखाबाद से अपूर्व कटियार, गौतम बुद्ध नगर से अंजनी सिंह राठौर और दिव्यम जिंदल, गाजियाबाद से गोपाल बंसल एवं कुणाल चौरसिया, कासगंज से गौरव वर्मा, लखीमपुर खीरी से विद्या प्रकाश गौड़, मैनपुरी से सार्थक, कानपुर देहात से श्रेया गुप्ता, मथुरा से आरती, मुरादाबाद से इफ्रा वसीम एवं अभिषेक सिंह, रामपुर से हंशिका जैन, शाहजहांपुर से मौ अली खान, सहारनपुर से अदिति गुप्ता एवं वैशाली द्वारा अपने शोध कार्यों का प्रेजेंटेशन किया जायेगा। कानपुर देहात के डॉ. विकास मिश्र ने बताया कि पश्चिमी उप्र की ओर से अशोक का पौधा भी बाल विज्ञान कांग्रेस में गया है जिसे अन्य राज्यों के पौधों के साथ रोपा जाएगा।

## कांग्रेस ने मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए पांच और उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पांच और उम्मीदवार घोषित किए। इससे पहले उसने गत बुधवार को 55 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी जिनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय विसेंट एच पाला का नाम प्रमुख था। पार्टी की ओर से जारी दूसरी सूची के मुताबिक, अमलारेम विधानसभा क्षेत्र से अरबियांगकाम खार सोहमट, खारकुटा से चिरेंगे पीटर मार्क, खलहरियाट से झानिका सियांगसाय, रेसुबेलपारा से तवील के. मारक और राजबाला से कारला संगमा को उम्मीदवार बनाया गया है।

## गौहाटी उच्च न्यायालय ने जीस पहनकर आए वकील को कोर्ट परिसर से बाहर किया

**गुवाहाटी।** गौहाटी उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान जींस पहनकर आए एक वरिष्ठ अधिवक्ता को अदालत परिसर से बाहर कर दिया गया और मामले की सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गई। न्यायमूर्ति कल्याण राय सुराणा ने अधिवक्ता बी के महाजन को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने के लिए पुलिस को बुलाया और कहा कि मामले को मुख्य न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल और बार काउंसिल के संज्ञान में लाया जाए। अदालत ने आदेश में कहा, मौजूदा मामले की सुनवाई स्थगित की जाती है क्योंकि याचिकाकर्ता की ओर से पेश माननीय बी.के. महाजन जींस पैंट पहनकर आए हैं। इसलिए अदालत को उन्हें उच्च न्यायालय परिसर से बाहर करने के लिए पुलिसकर्मियों को बुलाना पड़ेगा। इसने कहा कि इस आदेश को मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ रजिस्ट्रार जनरल के संज्ञान में भी लाया जाए। न्यायमूर्ति सुराणा ने कहा, इस मामले को असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश बार काउंसिल के संज्ञान में भी लाया जाए।

## वंचित बहुजन अघाड़ी के बारे में एमवीए के घटक दलों से बातचीत नहीं हुई है: पवार

**कोल्हापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार ने शनिवार को कहा कि प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाले वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) को साथ लेने के बारे में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के बीच अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए द्वारा गठबंधन करने के कुछ दिनों बाद पवार ने कहा कि कांग्रेस, राकांपा और ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना आगामी चुनाव मिलकर लड़ेगी। उन्होंने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पत्रकारों से बातचीत में शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए के गठबंधन संबंधी एक सवाल के जवाब में कहा, चुनाव से पहले प्रकाश आंबेडकर के वीबीए के संबंध में (एमवीए में) कोई बातचीत नहीं हुई। हम नहीं जानते कि दोनों पार्टियों के बीच क्या चल रहा है... हम इस पर कोई चर्चा नहीं करेंगे।

# कांग्रेस 2024 में विपक्षी गठबंधन का आधार हो

**भाषा।** **अवंतीपुरा** (कश्मीर)

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनने वाले किसी भी विपक्षी गठबंधन का आधार उनकी पार्टी को होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी राय में कांग्रेस को 2029 के लोकसभा चुनाव में हर राज्य में अपने दम पर लड़ने की तैयारी करनी चाहिए। रमेश ने साक्षात्कार में यह भी कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि भारत जोड़ो यात्रा के संपन्न होने के बाद गुजरात के पोरबंदर से अरुणाचल प्रदेश के परशुरामपुर कुंड तक एक और यात्रा निकाली जाए, लेकिन इस बारे में आखिरकार पार्टी को फैसला करना है। उनका कहना है, मैं निश्चित तौर पर इस बारे में विचार कर रहा हूं। पार्टी यात्रा निकालेगी या नहीं, मैं इस बारे में अभी नहीं कह सकता। परंतु जब उदयपुर में (चिंतन शिविर के




दौरान) भारत जोड़ो यात्रा की बात हुई थी, तब पश्चिम से पूर्व की ओर भी यात्रा करने के बारे में विचार हुआ था। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का आधार बनेगी, तो रमेश ने कहा, मैं ऐसा मानता हूं। इसका कारण भी है, क्योंकि हम आज भी (भाजपा के अलावा) सही मायनों में एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी हैं। कांग्रेस नेता के अनुसार, हम भले ही कई राज्यों की सत्ता में नहीं हैं, लेकिन हर गांव, मोहल्ले, ब्लॉक, कस्बे और शहर में आपको कांग्रेस का कार्यकर्ता, कांग्रेसी परिवार मिलेगा। रमेश ने दावा किया कि भाजपा भले ही सत्ता में है, लेकिन व्यापक मौजूदगी की बात करें, तो कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय राजनीतिक शक्ति है। उन्होंने कहा, हां, हम आधार हैं। हम भाजपा का मुकाबला करेंगे। कांग्रेस के इर्द-गिर्द बनने वाला गठबंधन ही यह (भाजपा का मुकाबला) कर सकता है। रमेश के अनुसार, आदर्श स्थिति में वह चाहेंगे कि कांग्रेस भाजपा का अकेले मुकाबला करे, लेकिन 2024 में शायद यह वास्तविक नहीं हो। उन्होंने कहा, मेरी राय है कि 2029 में हमें हर राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी करनी चाहिए। परंतु मैं भलीभांति जानता हूं कि मेरे इस रुख को पार्टी के भीतर ही शायद समर्थन नहीं मिले। बहरहाल, उन्होंने यह भी कहा कि कुछ राज्यों में कांग्रेस ने अपने सहयोगियों को बहुत ज्यादा दायरा प्रदान किया।

## कश्मीर में 30 जनवरी की रैली आम चुनावों का मंच तैयार करने के लिए नहीं: जयराम

**श्रीनगर।** कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने के बाद 30 जनवरी को कश्मीर में कांग्रेस की प्रस्तावित रैली न तो गठबंधन बनाने की कवायद है , न ही 2024 के आम चुनावों के लिए एक मंच तैयार करने का जरिया। जब रमेश से एक संवाददाता सम्मेलन में यह पूछा गया कि क्या समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसे कुछ विपक्षी नेताओं के कार्यक्रम में शामिल न होने से पार्टी को झटका लगेगा, उन्होंने कहा, 'नहीं, बिल्कुल नहीं' रमेश ने दावा किया, मेरा मानना है कि बसपा से कोई आ रहा है। मैं पूरी तरह आश्वस्त नहीं हूं, लेकिन मैं नहीं मानता कि आमंत्रित सदस्यों की गैर-मौजूदगी झटका होगा। उनकी पहले से ही कोई व्यस्तता होगी।

# भारत के सामने करो या मरो की स्थिति

## ईशान और हुड्डा को दिखाना होगा जलवा

**भाषा।** लखनऊ



**शीर्ष** क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी तथा मुख्य गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से पहला मैच गंवाने वाली भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम रांची में पहले मैच में न्यूजीलैंड के स्पिन जाल में फंस गई थी और उसे 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों की कमजोरी भी सामने आई क्योंकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने रन लुटाकर टीम को दबाव में डाला। मलिक ने जहां अपने एक ओवर में 16 रन दिए उन्हें अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में 27 रन लुटाए। इससे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम पर दबाव बन गया। अर्शदीप का आखिरी ओवर आखिर में मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। भारत की बल्लेबाजी में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके चोटी के तीन बल्लेबाज केवल 15 रन जोड़ पाए। भारत यदि हार का अंतर कम कर पाया तो उसका श्रेय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को जाता है जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। वाशिंगटन ने बाद में स्वीकार किया कि 150 का स्कोर बराबरी का होता। कप्तान पंड्या इसके बावजूद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पदार्पण का मौका देंगे इसकी संभावना कम लगती है। वह संभवत: अर्शदीप को वापसी का मौका दे सकते हैं। शुभमन गिल वनडे में बेहतरीन फॉर्म में थे लेकिन टी20 में वह इसे बरकरार नहीं रख पाए। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं और उन्हें आगे मौका दिया जाना तय है लेकिन टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता ईशान किशन और दीपक हुड्डा की फॉर्म है। किशन ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक जड़ा था लेकिन इसके बाद वह इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतर रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने उसके बाद 37, 2, I, 5, नाबाद 8, 17 और 4 रन की पारियां खेली हैं। अगर टी20 अंतरराष्ट्रीय की ही बात करें तो इस प्रारूप में उन्होंने अपना आखिरी अर्धशतक 14 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। हुड्डा भी पावर हिटर के रूप में खास सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। पिछली 13 पारियों में उनका औसत केवल 17.88 है। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर श्रीलंका के खिलाफ मुंबई में नाबाद 41 रन रहा।

रांची में शुक्रवार को पहले मैच में वह 10 गेंदों पर केवल 10 रन बना पाए थे। इसके बावजूद मध्यक्रम में जितेश शर्मा को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में लाए जाने की संभावना नहीं है। पहले मैच में हार के बावजूद भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा।

### टीम

**भारत:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, पृथ्वी साव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।
**न्यूजीलैंड:** मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, डेन क्लीवर (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, डेरिल मिशेल, माइकल रिपन, लॉकी फर्ग्यूसन, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, जैकब डफी , हेनरी शिपले और बेन लिस्टर।
**मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।**

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 5-2 से हराया

● एफआईएच पुरुष विश्व कप में संयुक्त नौवें स्थान पर रहा

**भाषा।** राउरकेला



**भारत** ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए पहले और चौथे क्वार्टर में दो दो गोल कर शनिवार को यहां क्लासिफिकेशन मैच में दक्षिण अफ्रीका को 5-2 से हरा दिया जिससे मेजबान टीम एफआईएच पुरूष विश्व कप में संयुक्त नौवें स्थान पर रही। दुनिया की छठे नंबर की टीम ने मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और एक में गोल दागा।

वहीं 14वीं रैंकिंग पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन एक को भी नहीं भुना सकी। भारत ने सर्कल में 31 बार सेंध लगाई जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ऐसा 22 बार किया। घरेलू टीम ने गेंद पर 60 प्रतिशत दबदबा रखा और गोल में 14 शॉट लगाए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नौ बार ऐसा किया। मैच के प्लेयर ऑफ द मैच रहे अभिषेक ने पांचवें ही मिनट में भारत का खाता खोल दिया जिसके बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट में अपनी ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका, हालांकि भारत ने विपक्षी टीम के गोल में सेंध लगाना जारी रखा। पहले हाफ में 2-0 से आगे चल रही भारतीय टीम को तीसरे क्वार्टर में पांच मिनट के लिए 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा क्योंकि अमित रोहिदास को पीला कार्ड दिखाया गया था। रोहिदास के आते ही भारत ने तीसरे क्वार्टर में शमशेर सिंह (45वें मिनट) की बदौलत गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में चार गोल हुए जिसमें से दोनों टीमों ने दो दो गोल किए।

भारत ने चौथा गोल 49वें मिनट में शानदार टीम प्रयास से किया। राजकुमार पाल के पास पर जर्मनप्रीत सिंह ने नीचा क्रॉस दिया जिसे आकाशदीप ने सीधे गोल में पहुंचा दिया। कुछ ही सेकेंड बाद दक्षिण अफ्रीका ने मैच का पहला गोल मिविम्बी सामकेलो (49वें मिनट) की बदौलत किया और इस ताकतवर शॉट को भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश रोकने में नाकाम रहे। सुखजीत को 50वें मिनट में पांच मिनट के लिए बाहर रहना पड़ा क्योंकि एक फाउल के कारण उन्हें पीला कार्ड दिखाया गया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मौके का फायदा नहीं उठा सकी। सुखजीत ने 58वें मिनट में टीम के लिए पांचवां गोल किया। आकाशदीप ने भी इस गोल में अहम भूमिका निभाई क्योंकि उनका रिवर्स शॉट दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर से रिबाउंड हो गया और सुखजीत इसे गोल में पहुंचाने के लिए सही जगह खड़े थे। दक्षिण अफ्रीका को मैच खत्म होने से एक मिनट पहले एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। मुस्तफा ने इस पर गोल किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमने नहीं सोचा था कि हम इस स्थान पर रहेंगे (संयुक्त नौवें स्थान पर)। लेकिन हमने इस विश्व कप एक भी मैच नहीं गंवाया (न्यूजीलैंड से 3-3 की बराबरी के बाद शूटआउट में हारे)। न्यूजीलैंड को छोड़कर हमने अच्छा खेल दिखाया। उन्होंने कहा, हम न्यूजीलैंड के खिलाफ उन दो क्वार्टर में बेहतर कर सकते थे। हमने गोल करने के मौके बनाए और अच्छा डिफेंड भी किया। इस मैच से पहले दिन के अन्य मुकाबलों में अर्जेंटीना ने वेल्स को 6-0 से हराकर भारत के साथ संयुक्त नौंवा स्थान हासिल किया।

# भारत को विश्व कप खिताब दिलाने पर लगी शेफाली की निगाहें

**महिला अंडर-19 फाइनल मैच**

**भाषा।** पोटचेफस्ट्रूम



**विस्फोटक** बल्लेबाज शेफाली वर्मा अपनी अगुआई में भारत को रविवार को यहां आईसीसी के शुरूआती अंडर-19 टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत दिलाकर इतिहास रचने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने काफी सफलता अर्जित की है लेकिन टीम किसी भी स्तर पर विश्व कप ट्राफी नहीं जीत सकी है और सीनियर टीम के साथ दो विश्व कप और एक राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल का हिस्सा रह चुकी शेफाली अंडर-19 विश्व कप की ट्राफी जीतकर घर लौटना चाहेंगी।

सीनियर टीम तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन फाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी है। 2005 में भारत को आस्ट्रेलिया से 98 रन से, 2017 में इंग्लैंड से नौ रन से और 2020 फाइनल में आस्ट्रेलिया से 85 रन से हार मिली। रोहतक की युवा खिलाड़ी दो विश्व कप के अलावा पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता टीम का भी हिस्सा थीं। और अब वह इस मौके को हाथ से नहीं निकलने देना चाहतीं।

शनिवार को 19 वर्ष की हुई शेफाली ने फाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, हां, बहुत फाइनल्स खेले हैं। मैदान पर जाकर अपने खेल का लुत्फ उठाना अहम है। मैंने साथी खिलाड़ियों से भी कहा है कि तनाव मत लो, बस अपना शत प्रतिशत दो, यह मत सोचो कि यह फाइनल है। बस खुद पर भरोसा रखो। उन्होंने कहा, यह सब अतीत की बात है जिसे बदला नहीं जा सकता। हम इस बार विश्व कप जीतने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्एक दिन सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत को सुपर सिक्स लीग चरण में आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, हमारे सामने नर्वस होने वाले पल भी रहे और हम सो नहीं सके कि हम फाइनल में पहुंचेंगे या नहीं। लेकिन हमने अपनी गलतियों से सीख ली और यहां तक पहुंचे। शेफाली ने कहा, अब हमें पूरा भरोसा है और अपनी भूमिका अच्छी तरह पता है। हर कोई सहज है और ज्यादा नहीं सोच रहा। सेमीफाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आठ विकेट से जीत दर्ज की जिसमें उसकी गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को नौ विकेट पर 107 रन ही बनाने दिए। लेग स्पिनर पार्श्वी चोपड़ा ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि शेफाली ने अपने चार ओवर में महज चार रन दिए और एक विकेट झटका।

# विश्व कप हॉकी फाइनल: जर्मनी के जज्बे से सतर्क रहना होगा बेल्जियम को

**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओलंपिक** चैम्पियन बेल्जियम को यदि एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने वाली केवल चौथी टीम बनना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जर्मनी के वापसी करने के जज्बे से सावधान रहना होगा। अभी तक पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ही विश्वकप में लगातार दो खिताब जीत पाए हैं। विश्व हॉकी में पिछले एक दशक में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करने वाला बेल्जियम इस सूची में खुद को शामिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसने इसी कलिंग स्टेडियम में 2018 में खिताब जीता था। बेल्जियम के 11 खिलाड़ी 30 वर्ष से अधिक और तीन खिलाड़ी 35 साल से अधिक उम्र के हैं। उसकी इस टीम ने चार साल पहले विश्वकप और पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उसके खिलाड़ियों ने दिखा दिया है कि वह पूरी तरह से फिट है और उम्र की तुलना में अनुभव अधिक मायने रखता है। बेल्जियम की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले विश्वकप और फिर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। बेल्जियम की टीम में किसी तरह की खामी निकालना बहुत मुश्किल है। उसकी टीम में तेजर्तार स्ट्राइकर और दमदार रक्षकों के अलावा पेनल्टी कॉर्नर के अच्छे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उसके पास विन्सेंट वनाश के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शामिल गोलकीपर है। वर्तमान टूर्नामेंट में बेल्जियम ने अभी तक 18 गोल किए हैं जिनमें से उसके स्टार स्ट्राइकर टॉम बून ने सर्वाधिक सात गोल किए हैं। बेल्जियम ने अभी तक केवल पांच गोल खाए हैं।

## क्विक न्यूज

### आईएसएसएफ की समिति में तीसरी बार चुने गए पवन सिंह

**पुणे।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के संयुक्त महासचिव पवन सिंह को फिर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जज समिति के सदस्य के तौर पर चुना गया है। पवन सिंह लगातार तीसरी बार सात सदस्ईय समिति मे चुने गए। समिति के चुनाव म्यूनिख मे 24 जनवरी को हुए थे। आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने अपने संदेश मे सिंह को लिखा, आप 24 जनवरी 2023 को हुई बैठक में आईएसएसएफ परिषद द्वारा आईएसएसएफ की 2023-24 के लिए जज समिति मे बतौर सदस्य चुने गए है। बधाई हो। इस समिति के चेयरमैन ब्राइज घिसलेन है।

### खेलों इंडिया से युवा प्रतिभा को जरूरी मंच मिला: अंजू बॉबी जॉर्ज

**भोपाल।** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को उम्मीद है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) एथलेटिक्स में जमीनी स्तर की प्रतियोगिता और शीर्ष प्रतियोगिता के बीच की खाई को पाट देगी।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगामी सत्र मध्य प्रदेश के आठ शहरों मे आयोजित होगा। 30 जनवरी से शुरू होने वाले इस आयोजन मे 27 खेलों को शामिल किया गया है। केआईवाईजी 2022 में ट्रैक एंव फील्ड स्पर्धा तीन दिनो तक चलेगा। इसका आयोजन भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम मे तीन से पांच फरवरी तक होगा। भोपाल के अलावा इन खेलों का आयोजन इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, खरगोन (महेश्वर) और बालाघाट मे होगा। लंबी छलांग लगाने वाली पूर्व खिलाड़ी अंजू सरकार के मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य है। वह टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के लिए एथलीटों का चयन करने के लिए जिम्मेदार है। उनका मानना है कि खेलो इंडिया योजना प्रतिभा को निखारने के मामले मे नीव का काम करेगा।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा में सहयोगी भागीदार होगा टीटीएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) आगामी विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर गोवा को अपना समर्थन देगा और सहयोगी भागीदार की भूमिका निभाएगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी स्टुपा एनालिटिक्स गोवा सरकार के साथ मिलकर कर रहा है जो डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में 27 फरवरी से पांच मार्च तक किया जाएगा। टीटीएफआई टूर्नामेंट का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए स्टुपा एनालिटिक्स और गोवा सरकार के साथ मिलकर काम करेगा। टीटीएफआई महासचिव कमलेश मेहता ने कहा, हम इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर खुश है और विश्व स्तर की प्रतियोगिता में भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित है।

### विवादों में फंसे एफआईए अध्यक्ष

**पेरिस।** मोटरस्पोर्ट्स की सर्वोच्च वैश्विक संस्था एफआईए के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम महिलाओं को लेकर 2001 में की गई टिप्पणी से विवादों मे फंस गए है। ब्रिटेन के एक समाचार पत्र के अनुसार बेन सुलेयम ने 22 साल पहले महिलाओं को लेकर यह टिप्पणी अपनी निजी वेबसाइट पर की थी। रिपोर्ट के अनुसार बेन सुलेयम ने तब कहा था कि वह उन महिलाओं को पसंद नही करते जो खुद को पुरुषों की तुलना मे स्मार्ट समझती है। बेन सुलेयम की इस टिप्पणी का खुलासा शुक्रवार को द टाइम्स समाचार पत्र ने किया। एफआईए ने हालांकि अपने अध्यक्ष का बचाव करते हुए कहा कि यह टिप्पणी उनके विचारो को प्रतिबिंबित नही करती।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 1-0 से हराकर एफए कप से किया बाहर



**मैनचेस्टर ( एपी )।** नाथन एके के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को I-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। चौथे दौर के इस मैच में एके ने 64वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। आर्सेनल इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर सिटी पर पांच अंक की बढ़त बनाए हुए हैं। सिटी ने इस जीत से आर्सेनल का सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सात मैच जीतने के अभियान पर भी रोक लगा दी। सिटी की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार तीसरी जीत है। मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल प्रीमियर लीग में 15 फरवरी को आमने सामने होंगे।

# शिवशक्ति के दो गोल से बेंगलुरु ने चेन्नइयिन को हराया

**बेंगलुरु ( भाषा )।** शिवशक्ति नारायण के आठ मिनट के अंदर किए गए दो गोल की मदद से बेंगलुरु एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के मैच में शनिवार को यहां चेन्नइयिन एफसी को 3-। से शिकस्त देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत किया। बेंगलुरु के तीनों गोल पहले हाफ में आए। स्ट्राइकर शिवशक्ति (15वें और 23वें) और मिडफील्डर रोहित कुमार (30वें मिनट में) टीम के लिए गोल दागे। मैच के 59वें मिनट में चेन्नइयिन के स्थानापन्न मिडफील्डर एडविन वांसपॉल ने गोल करके बेंगलुरू एफसी की बढ़त को कम करते हुए स्कोर I-3 कर दिया। आज जीत का चौका लगाने के बाद बेंगलुरु की टीम सातवें से छठे स्थान पर आ गई है। टीम के नाम 16 मैचों में सात जीत, एक ड्रा और आठ हार से 22 अंक हैं। लगातार छठे मैच में भी जीत से दूर रहने के बाद चेन्नई की टीम आठवें स्थान पर बनी हुई हैं। चेन्नइयिन एफसी के 15 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और छह हार से 17 अंक हैं।

# डब्ल्यूपीएल टीम गुजरात जायंट्स की मेंटोर बनी मिताली राज

**भाषा।** अहमदाबाद



**पूर्व** भारतीय कप्तान मिताली राज को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम गुजरात जायंट्स ने मेंटोर और सलाहकार नियुक्त किया। लीग का शुरूआती चरण इस साल मार्च-अप्रैल में आयोजित होगा।

महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन जुटाने वाली मिताली ने पिछले साल सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अपने 23 साल लंबे करियर का अंत किया। मिताली (40 वर्ष) टीम की मेंटोर के तौर पर गुजरात में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और खेल को जमीनी स्तर से बढ़ावा देने में भी मदद करेंगी। हाल में हुई टीमों की नीलामी में अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी पांच टीमों में सबसे महंगी थी जिसके लिए अडानी स्पोर्टलाइन ने 1289 करोड़ रुपए खर्च किए। मिताली ने शनिवार को कहा, महिला प्रीमियर लीग का शुरूआती सत्र महिला क्रिकेट के लिए शानदार कदम है और अडानी ग्रुप का शामिल होना खेल के लिए काफी बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की इस शुरुआत से महिला क्रिकेट के विकास में मदद मिलेगी और युवा खिलाड़ी भी पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित होंगी।

# जमैका धोखाधड़ी मामले में बोल्ट को लगा एक करोड़ 27 लाख डॉलर का चूना

**एपी।** सान जुआन (प्यूर्टोरिको)

**जमैका** के फर्राटा धावक उसैन बोल्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह इस बात से हैरान है की एक निजी निवेश कंपनी से उनके एक करोड़ 27 लाख डॉलर कैसे गायब हो गए। यह जमैका में एक दशक पहले हुए धोखाधड़ी के मामलों से जुड़ा मामला है। धोखाधड़ी के इन मामलों की जांच की जा रही है। बोल्ट ने इसके साथ ही कहा कि उन्होंने अपने बिजनेस मैनेजर को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि वह आपसी सहमति से अलग नहीं हुए हैं। बोल्ट से पूछा गया कि क्या वह इस धोखाधड़ी से टूट चुके हैं तो यह स्टार एथलीट हंसने लगा। उन्होंने कहा, मैं टूटा नहीं हूं लेकिन निश्चित तौर पर मुझे बड़ा नुकसान हुआ है। यह धनराशि मेरे भविष्य के लिए थी। सभी जानते हैं कि मेरे तीन बच्चे हैं और मैं अपने माता-पिता की देखरेख भी करता हूं और मैं अब भी अच्छा जीवन व्यतीत करना चाहता हूं।

# सबालेंका बनी ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला चैम्पियन

**एपी।** मेलबर्न



**आर्यना** सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल फाइनल में शनिवार को यहां विम्बलडन चैम्पियन एलेना रायबकिना को शिकस्त देकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। बेलारूस की 24 साल की इस खिलाड़ी ने यहां के मेलबर्न पार्क में पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए रायबकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। उनके सात डबल फॉल्ट किए लेकिन 51 विनर्स में से 17 ऐस लगाए।

सबालेंका के लिए अब तक यह साल शानदार रहा है। उन्होंने अपने सभी 11 मुकाबले में जीत दर्ज की है। इस दौरान उन्होंने दो खिताब भी अपने नाम किए। मैच में सबालेंका के 13 ब्रेक प्वाइंट के मुकाबले रायबकिना ने सात अंक बटोरे। सबालेंका ने सत्र का पहला सेट भी रायबकिना के खिलाफ ही फाइनल मुकाबले में गंवाया। कजाखिस्तान की रायबकिना इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक की चुनौती को खत्म की थी लेकिन फाइनल में शानदार शुरुआत को वह जारी नहीं रख सकी। सबालेंका इससे पहले तीन बार ग्रांड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची थी लेकिन अपनी पहली चैम्पियनशिप के साथ ही वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगी। पहले सेट में पिछड़ने के बाद सबालेंका ने दूसरे सेट से मैच का रूख मोड़ना शुरु किया और लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले को अपने किया।

### ऑस्ट्रेलिया के हिजिकाता, कुबलर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल का खिताब जीता

**मेलबर्न ( एपी )।** रिंकी हिजिकाता और जेसन कुबलर की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के फाइनल में ह्यूगो निस और जेन जेलिंस्की को 6-4, 7-6 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता। हिजिकाता और कुबलर दोनों का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब था। पिछले पांच ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली तीसरी ऑस्ट्रेलियाई टीम है।आस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने पहली बार एक टीम के रूप में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। निस और जेलिंस्की की जोड़ी भी पहली बार ग्रैंड स्लैम का फाइनल खेला था।

# डी ग्रूट ने लगातार नौवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**एपी।** मेलबर्न



**नीदरलैंड** की दिग्गज खिलाड़ी डिएड डी ग्रूट ने यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल में जापान की युई कामीजी को 0-6, 6-2, 6-2 से हराकर अपना लगातार नौवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। डी ग्रूट का यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पांचवां और कुल 17वां ग्रैंडस्लैम खिताब है।

क्वाड व्हीलचेयर के एकल फाइनल में नीदरलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त सैम श्रोडर ने अपने हमवतन और शीर्ष वरीयता प्राप्त नील्स विंक को 6-2, 7-5 से हराया। पुरुषों के व्हीलचेयर एकल फाइनल में ब्रिटेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्फी हेवेट ने जापान के विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी टोकिटो ओडा को 6-3, 6। से पराजित करके खिताब जीता।